कानपुर, शनिवार
7 मार्च, 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष 04
सं. 2082 वि.
वर्ष 37, अंक - 195 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर
मूल्य : 3 रुपये

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

epaper : epaper.swatantrabharat.net

भारत के लिए अभिषेक शर्मा का फॉर्म बनी चिंता का विषय



# रूस से कच्चा तेल खरीद सकेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने का संकट फिलहाल खत्म हो गया है, क्योंकि भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने की शर्तों के साथ छूट मिल गई है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने भारतीय रिफाइनरियों को 30 दिन का स्पेशल लाइसेंस दिया है। यह लाइसेंस 3 अप्रैल तक वैध रहेगा। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रम्प के ऊर्जा एजेंडे के तहत यह अस्थायी कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि भारत अमेरिका का एक महत्वपूर्ण पार्टनर हैं और ग्लोबल मार्केट में तेल की सप्लाई को स्थिर रखने के लिए यह छूट दी गई है। बेसेंट ने कहा कि ईरान ग्लोबल एनर्जी मार्केट को बंधक बनाने की कोशिश कर रहा है। इस दबाव को कम करने के लिए हम भारत को यह 30 दिनों की छूट दे रहे हैं। उन्होंने कहा- हमें ये उम्मीद है कि इसके बाद भारत अमेरिकी तेल की खरीद में तेजी लाएगा। अमेरिका का मानना है इस उपाय से ग्लोबल मार्केट में तेल की कमी नहीं होगी। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग के ऑफिस ऑफ फॉरेन एसेट्स कंट्रोल ने तेल खरीद के लिए ये लाइसेंस जारी किया है। इसके तहत 5 मार्च तक जहाजों पर लोड हो चुके रूसी कच्चे तेल की ही डिलीवरी भारत को की जा सकेगी। यानी, जो जहां पहले से समुद्र में है उनसे सप्लाई होगी। मिडिल-ईस्ट में जंग के कारण स्थिति काफी गंभीर हो गई है। ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को ब्लॉक कर दिया है, जहां से दुनिया की 20 प्रतिशत तेल सप्लाई होती है। तेल क्षेत्रों पर हमले : पिछले कुछ दिनों में सऊदी अरामको की रास तनुरा रिफाइनरी और इराक के रुमैला तेल क्षेत्र जैसे बड़े केंद्रों पर हमले हुए हैं। कीमतों में उछाल : ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल की सैन्य कार्रवाई के कारण ग्लोबल मार्केट में ब्रेंट क्रूड की कीमतें आज सुबह 84 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई।

- ईरान जंग के कारण अमेरिका ने तीन अप्रैल तक रियायत दी
- पेट्रोल-डीजल महंगा नहीं होगा



## भारत के लिए क्यों जरूरी है रूसी तेल?

भारत के लिए रूस से तेल खरीदना तीन कारणों से जरूरी है। पहला यह कि ये सस्ता विकल्प है। रूस भारत को बेंचमार्क कीमतों से डिस्काउंट पर तेल ऑफर करता है। दूसरी बात सप्लाई सिक्योरिटी की है। मध्य पूर्व में तनाव होने पर स्ट्रैट ऑफ होर्मुज से सप्लाई रुक जाती है, रूस एक सुरक्षित विकल्प है। तीसरा कारण अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाला असर है। सस्ता तेल मिलने से देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर रहती हैं और महंगाई काबू में रहती है।

# तेहरान और बेरूत पर तबाही मचा रहा इजरायल

**तेल अवीव।** मिडिल ईस्ट में जारी तनाव अपने विनाशकारी मोड़ पर पहुंच गया है। इजरायल-अमेरिका और ईरान कोई भी जवाबी कार्रवाई से पीछे नहीं हट रहा है। कहीं मिसाइलें तो कहीं ड्रोन, ऐसा ही मंजर इन दिनों मिडिल ईस्ट में देखने को मिल रहा है। वहीं, इजरायल द्वारा ईरान पर बड़े पैमाने पर हमलों की चेतावनी देने की घोषणा के कुछ घंटे बाद राजधानी तेहरान में विस्फोटक हमला किया गया। यह हमला एक व्यस्त खरीदारी वाली सड़क पर हुआ।

- हिजबुल्लाह के गढ़ में रातभर दागी मिसाइल
- बेरूत में 26 ठिकानों को निशाना बनाया

**हिजबुल्लाह के ठिकानों को बनाया निशाना**

इजरायल की सेना ने शुक्रवार को बताया कि उसने बेरूत में रात भर में हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाते हुए बड़े पैमाने पर हमले किए। इजरायली सेना ने बेरूत में कमांड केंद्रों और बहुमंजिला इमारतों के साथ-साथ हिजबुल्लाह के उन ड्रोनों को रखने वाले एक ठिकाने को निशाना बनाया, जिनका उद्देश्य इजरायल पर हमला करना था। इजरायली रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इन कमांड सेंटरों का इस्तेमाल हिजबुल्लाह द्वारा आईडीएफ सैनिकों और इजरायल राज्य के खिलाफ कई आतंकवादी हमलों को अंजाम देने और आगे बढ़ाने के लिए किया जाना था।

**इजरायल ने 26 बार किए हमले**

इजरायली रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि उसने अब तक लेबनान के बेरूत के दक्षिण में स्थित शिया मुस्लिम बहुल उपनगर दाहियेह पर 26 बार हमले किए हैं। इजरायल इस उपनगर को हिजबुल्लाह का गढ़ मानता है। गौरतलब है कि मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के कारण तेल और गैस की कीमतों में वृद्धि का खतरा मंडरा रहा है। इसको लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि अमेरिका में बढ़ती गैस की कीमतों से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता जबकि युद्ध वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को बाधित कर रहा है। अमेरिका ने भारत को समुद्र में फंसे रूसी तेल को खरीदने के लिए 30 दिन की छूट दी है।

वहीं, ट्रंप ने ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई का माजाक उड़ाते हुए एक मामलू व्यक्ति बताए। ट्रंप ने कहा, हम ऐसा व्यक्ति चाहते हैं जो ईरान में सद्भाव और शांति लाए।

# यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा का अंतिम परिणाम जारी, अनुज अग्निहोत्री ने किया टॉप



**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा 2025 की लिखित परीक्षा और इंटरव्यू (पर्सनैलिटी टेस्ट) के आधार पर अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। आयोग ने मेरिट के आधार पर कुल 958 उम्मीदवारों को विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए अनुशंसित किया है। इस बार अनुज अग्निहोत्री ने टॉप किया है। दूसरे स्थान पर राजेश्वरी सुवे एम हैं। वहीं, तीसरा स्थान अकांश ढुल ने हासिल किया है। लिखित परीक्षा अगस्त 2025 में आयोजित हुई थी, जबकि इंटरव्यू दिसंबर 2025 से फरवरी 2026 के बीच लिए गए। चयनित उम्मीदवारों को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) और केंद्रीय सेवाओं (ग्रुप 'ए' और 'बी') में नियुक्ति के लिए सिफारिश की गई है।

# भारत को नेतृत्व प्रदान करना होगा : राजनाथ

**कोलकाता।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष का जिक्र करते हुए शुक्रवार को कहा कि बदलती भू-राजनीति के इस दौर में महासागर एक बार फिर दुनिया के शक्ति संतुलन के केंद्र में आ गए हैं और भारत की जिम्मेदारी है कि वह आत्मविश्वास एवं क्षमता के साथ नेतृत्व प्रदान करे। सिंह ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रम बेहद असामान्य हैं और क्षेत्र की स्थिति का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। उन्होंने कहा, पश्चिम एशिया में जो हो रहा है, वह बेहद असामान्य है। इस समय इस पर कोई ठोस टिप्पणी करना कठिन है कि पश्चिम एशिया में परिस्थितियां आगे किस दिशा में जाएंगी। उन्होंने कहा, यदि हम होर्मुज जलडमरूमध्य या फारस की खाड़ी के पूरे क्षेत्र को देखें तो यह दुनिया की ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है। जब इस क्षेत्र में अशांति या व्यवधान होता है तो इसका सीधा असर तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ता है। उन्होंने कहा, आज हम केवल ऊर्जा क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान देख रहे हैं। इन अनिश्चितताओं का सीधा प्रभाव अर्थव्यवस्था और वैश्विक व्यापार पर पड़ता है। सिंह ने कहा कि मौजूदा स्थिति ने महासागरों के महत्व को एक बार फिर रेखांकित किया है। उन्होंने कहा, बदलती वैश्विक भू-राजनीति के इस दौर में महासागर एक बार फिर दुनिया के शक्ति संतुलन के केंद्र में आ गए हैं। ऐसे समय में एक प्रमुख समुद्री राष्ट्र के रूप में भारत की जिम्मेदारी है कि वह आत्मविश्वास, क्षमता और स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ नेतृत्व प्रदान करे।

- मिडिल ईस्ट संकट पर बोले रक्षा मंत्री



# ईरान के हमले में यूएई-जॉर्डन को भारी नुकसान

**दोहा।** मिडिल ईस्ट में टेंशन लगातार बढ़ता जा रहा है। ईरान के हमले से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और जॉर्डन को भारी नुकसान हुआ है। ईरान ने इन देशों के रडार सिस्टम को तबाह कर दिया है, जो कि अमेरिका के बनाए हुए थे। अरब पेनिनसुला के मिलिट्री बेस से मिली नई सैटेलाइट इमेज से पता चलता है कि ईरान, मिसाइलों और ड्रोन का पता लगाने वाले यूएस-मेड रडार को खत्म करके एयर डिफेंस को कमजोर कर रहा है। सोमवार को ली गई एक सैटेलाइट इमेज से पता चलता है कि ईरान ने यूएस-इजरायली हमलों के शुरुआती दिनों में जॉर्डन में एक अमेरिकन थाड मिसाइल बैटरी के रडार सिस्टम पर हमला किया और उसे तबाह कर दिया। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, यूनाइटेड अरब अमीरात में दो जगहों पर ऐसे ही रडार सिस्टम वाली बिल्डिंग्स पर भी हमला हुआ, लेकिन अभी तक यह साफ नहीं है कि इक्विपमेंट डैमेज हुआ या नहीं।

- यूएस-मेड रडार सिस्टम तबाह

**क्यों जरूरी है रडार सिस्टम?**

रडार हाई-एंड मिसाइल इंटरसेप्टर सिस्टम के लिए एक जरूरी एलिमेंट है, जिसका इस्तेमाल बैलिस्टिक मिसाइलों को उनके टारगेट की ओर उड़ते समय एंगेज करने और खत्म करने के लिए किया जाता है। यूएस आठ थाड बैटरी ऑपरेट करता है, जबकि यूएई दो और सऊदी अरब एक ऑपरेट करता है। यह एक जॉर्डन में मुवफ्फाक साल्टी एयर बेस पर थी, जो ईरान से 500 मील से ज्यादा दूरी पर है।

**रमज़ान मुबारक**
इफ्तार शनिवार
सुन्नी : 6:12 P.M.
शिया : 6:22 P.M.
सहरी शनिवार
सुन्नी : 5:01 P.M.
शिया : 4:54 P.M.

# 'रेड कॉरिडोर का सपना देखने वाले हो जाएंगे नाकाम'

**कटक।** गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि देश को 31 मार्च तक नक्सलवाद से मुक्त बना दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल उन लोगों के मंसूबों को विफल कर देंगे जो आंध्र प्रदेश के तिरुपति से नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर तक तथाकथित रेड कॉरिडोर बनाने का सपना देख रहे हैं। ओडिशा के कटक जिले के मुंडाली में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 57वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि सुरक्षा बल उन ताकतों को हराएंगे, जो आंध्र प्रदेश के तिरुपति से लेकर नेपाल के पशुपतिनाथ तक रेड कॉरिडोर बनाने का सपना देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सुरक्षा एजेंसियों ने नक्सलवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की है और अब देश लाल आतंक को समाप्त करने के करीब पहुंच गया है।

# कर्नाटक में बच्चों के लिए सोशल मीडिया होगा बैन

**बेंगलुरु।** कर्नाटक की सिद्धारमैया सरकार ने बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए एक क्रांतिकारी कदम उठाया है। राज्य में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने 6 मार्च 2026 को राज्य का बजट पेश करते हुए यह बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा, बच्चों पर मोबाइल और सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल के नकारात्मक प्रभावों को रोकने के लिए यह फैसला लिया गया है। यह कर्नाटक को भारत में ऐसा करने वाला पहला राज्य बना देता है। यह प्रस्ताव कोई अचानक नहीं आया। पिछले महीने सिद्धारमैया ने कुलपतियों के सम्मेलन में इस मुद्दे पर चर्चा की थी और मोबाइल की लत, ऑनलाइन गेमिंग, पढ़ाई पर असर, शारीरिक फिटनेस और मानसिक स्वास्थ्य जैसी चिंताओं को उठाया था। आईटी मंत्री प्रियांक खरगे ने भी विधानसभा में कहा था कि सरकार एआई और सोशल मीडिया के जिम्मेदार इस्तेमाल के लिए सख्त कदम सोच रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी इस कदम का समर्थन किया और बताया कि फिनलैंड, यूनाइटेड किंगडम और खासकर ऑस्ट्रेलिया जैसे देश पहले ही ऐसी पाबंदियां लगा चुके हैं या विचार कर रहे हैं।

- सीएम सिद्धारमैया ने की घोषणा

## आंध्र में भी लगेगा प्रतिबंध

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को घोषणा की कि राज्य में 13 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह नीति अगले 90 दिनों में चरणबद्ध तरीके से लागू की जाएगी। नायडू ने यह भी कहा कि राज्य सरकार इस बात पर विचार कर रही है कि क्या यह प्रतिबंध 13 से 16 वर्ष की आयु के किशोरों पर भी लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने संकेत दिया कि परामर्श और नीति समीक्षा के बाद अतिरिक्त उपाय भी लागू किए जा सकते हैं।

# भारत में रसोई गैस इमरजेंसी लागू

**नई दिल्ली।** ईरान-इजराइल जंग अगर बढ़ी तो भारत में रसोई गैस की किल्लत भी बढ़ेगी। इस स्थिति को देखते हुए सरकार ने इमरजेंसी पावर का इस्तेमाल करते हुए देश की सभी ऑयल रिफाइनरी कंपनियों को एलपीजी का उत्पादन बढ़ाने का आदेश दिया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और सप्लाई चेन में रुकावट की वजह से गैस की सप्लाई प्रभावित हो सकती है। इसी खतरे को देखते हुए सरकार ने गुरुवार देर रात आदेश जारी किया। इस आदेश में कहा गया है कि अब रिफाइनरी कंपनियां अपने पास मौजूद प्रोपेन और ब्यूटेन का इस्तेमाल सिर्फ रसोई गैस बनाने के लिए करेंगी। यानी इन गैसों का उपयोग किसी और काम में नहीं किया जाएगा। आदेश के मुताबिक, सभी कंपनियों को प्रोपेन और ब्यूटेन की सप्लाई सरकारी तेल कंपनियों- इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम को करनी होगी। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि देश के लगभग 33.2 करोड़ एक्टिव एलपीजी उपभोक्ताओं को बिना किसी रुकावट के गैस सिलेंडर मिलते रहें।

- सरकार ने तेल कंपनियों को प्रोडक्शन बढ़ाने का दिया आदेश



# असम : सुखोई हादसे में दोनों पायलट शहीद

**गुवाहाटी।** असम में वायु सेना का एक सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान एक प्रशिक्षण मिशन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। यह विमान कार्बी आंगलोंग जिले के पहाड़ी और जंगली इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। इस दुखद घटना में विमान में सवार दोनों पायलट शहीद हो गए हैं। वायु सेना के अधिकारियों ने बताया कि यह विमान एक नियमित प्रशिक्षण मिशन पर निकला था। इसने गुरुवार शाम को जोरहाट एयरबेस से उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद विमान का संपर्क कंट्रोल रूम से टूट गया और वह रडार से अचानक गायब हो गया। इसके बाद वायु सेना ने तुरंत तलाशी अभियान शुरू किया। जिसके बाद शुक्रवार सुबह विमान का मलबा मिला। मामले को लेकर एक रक्षा अधिकारी ने जानकारी दी कि वायु सेना की सर्च और रेस्क्यू टीम, सिविल और पुलिस प्रशासन और गांववालों की मदद से, रात करीब एक बजे घटनास्थल पर गई और दुर्घटनाग्रस्त विमान का मलबा ढूंढ निकाला।

- जोरहाट एयरबेस से उड़ान भरने के बाद लड़ाकू विमान हुआ था लापता

# 'कोई देश खुद को सर्वोच्च ताकत नहीं कह सकता'

**नई दिल्ली।** वैश्विक तनाव के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि आज कोई भी देश पूरी तरह से हावी नहीं है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि 20वीं सदी के मध्य से एक निश्चित विश्व व्यवस्था बनाए रखने की वैश्विक अपेक्षा अवास्तविक थी, और अब शक्ति विभिन्न आयामों में काफी हद तक फैल गई है। रायसीना डायलॉग 2026 में बोलते हुए विदेश मंत्री ने पिछले सात दशकों में वैश्विक शासन के विकसित होते स्वरूप पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा, जब हम इन 70 वर्षों को पीछे मुड़कर देखते हैं, तो मुझे लगता है कि 1945 या 1989 को हमेशा के लिए स्थिर करने की उम्मीद एक बहुत ही अवास्तविक उम्मीद थी। दिल्ली में आयोजित रायसीना डायलॉग 2026 में जयशंकर ने कहा कि 1945 या 1989 के बाद बने विश्व व्यवस्था को हमेशा के लिए बनाए रखने की उम्मीद करना अवास्तविक था। उन्होंने कहा कि पिछले 70 साल को अगर इतिहास के नजरिए से देखें तो यह भारत के हजारों साल के इतिहास का सिर्फ एक छोटा हिस्सा है, इसलिए दुनिया का बदलना स्वाभाविक है। जयशंकर ने कहा कि वैश्विक व्यवस्था में बदलाव के पीछे दो बड़ी ताकतें काम कर रही हैं तकनीक (टेक्नोलॉजी) और जनसंख्या का स्वरूप (डेमोग्राफी)। आने वाले दशक में यही दोनों कारक दुनिया की दिशा तय करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आज वैश्विक राजनीति का विश्लेषण अक्सर अमेरिका के इर्द-गिर्द किया जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि दुनिया धीरे-धीरे कई ताकतों में बंट रही है।

- वैश्विक तनाव के बीच बोले जयशंकर

# 'अंधकार की ओर बढ़ रहे राजनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंध'

**कोल्लम।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि मौजूदा दौर की राजनीति में अंतरराष्ट्रीय संबंधों के मामले में हर कोई अंधकार की ओर बढ़ रहा है और ज्ञान से दूर जा रहा है। उन्होंने कहा कि चाहे राजनीति हो या अंतरराष्ट्रीय संबंध, एक-दूसरे को समझने का कोई प्रयास नहीं किया जाता और असहमति के मामलों में हिंसा का सहारा लिया जाता है। उन्होंने कहा, आज हम राजनीति में अंतरराष्ट्रीय संबंधों को देख रहे हैं कि हर कोई अंधकार की ओर बढ़ रहा है और ज्ञान से दूर जा रहा है। दूसरे व्यक्ति को समझने के प्रयास नहीं किया जाता है। बस, बम गिराकर उन्हें मार डाला जाता है। उन्होंने आरोप लगाया, हमारे यहां की राजनीति में भी यही हाल है। अगर आप किसी से सहमत नहीं होते, तो आप उस पर हमला करते हैं या उसके प्रति हिंसक हो जाते हैं।

- कांग्रेस नेता राहुल गांधी का बयान

# अनिल अंबानी की रिलायंस पावर के ठिकानों पर ईडी के छापे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज छह मार्च को उद्योगपति अनिल अंबानी और उनकी कंपनी रिलायंस पावर से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई मुंबई और हैदराबाद में 10 से 12 लोकेशन्स पर एक साथ की गई। मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों को लेकर ईडी की 15 टीमों ने ये छापेमारी की है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक सुबह होने से पहले ही ईडी की टीम इन ठिकानों पर पहुंच गई थी। टीम ने संबंधित व्यक्तियों और कंपनियों के परिसरों की तलाशी ली। इससे पहले 26 फरवरी को अनिल अंबानी रिलायंस कम्युनिकेशंस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के दूसरे दौर के लिए दिल्ली में श्रेष्ठ दफ्तर पहुंचे थे। आरोप है कि उनकी कंपनियों ने बैंकों से लिए लोन का डायवर्जन किया और विदेशी मुद्रा नियमों का उल्लंघन किया। अंबानी सुबह करीब 11 बजे जांच एजेंसी के दफ्तर पहुंचे थे। यहां उनसे विदेशी मुद्रा नियमों के उल्लंघन और फंड के डायवर्जन को लेकर करीब 9 घंटे सवाल-जवाब किए गए थे। ईडी के मुताबिक, रिलायंस कम्युनिकेशंस और उसकी ग्रुप कंपनियों ने देशी और विदेशी बैंकों से भारी कर्ज लिया था। वर्तमान में इन कंपनियों पर कुल बकाया 40,185 करोड़ है।

- बैंक कर्ज और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है मामला

# ईरान युद्ध की यूएस को चुकानी पड़ रही भारी कीमत

**वॉशिंगटन।** ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमले का आज शुक्रवार को सातवां दिन था। शुक्रवार को अमेरिका ने स्टेल्थ बॉम्बर और एडवांस्ड वेपन सिस्टम से ईरान पर हमला बोला। बदले में ईरान भी इजरायल पर और मिडिल-ईस्ट में अमेरिकी सैन्य अड्डों को लगातार निशाना बना रहा है। इस बीच, अमेरिकी थिंक टैंक सेंटर फॉर स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज (सीएसआईएस) ने युद्ध के लागत पर एक विश्लेषण में कहा है कि ईरान के खिलाफ ऑपरेशन एपिक फ्यूरी के तहत पहले 100 घंटों में ही अमेरिका को लगभग 3.7 अरब डॉलर (करीब 31,000 करोड़ रुपये) का खर्च उठाना पड़ा है। यह आकलन वाशिंगटन स्थित थिंक टैंक सीएसआईएस के विशेषज्ञों मार्क कैंसियन और क्रिस पार्क द्वारा किए गए विश्लेषण में सामने आया है। रिपोर्ट के अनुसार युद्ध के शुरुआती 100 घंटों में अमेरिका का औसत खर्च लगभग 891 मिलियन डॉलर प्रतिदिन यानी करीब 90 करोड़ डॉलर रोज रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि शुरुआती चरण में सबसे अधिक खर्च महंगे हथियारों, मिसाइलों और बमों के इस्तेमाल पर हुआ है, इसलिए शुरुआती दिनों में लागत सबसे ज्यादा है।

- पहले 100 घंटे की लड़ाई में फूंकने पड़े 31000 करोड़

**हथियारों पर खर्च**

थिंक टैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि 1.7 अरब डॉलर पेट्रियट जैसे एयर डिफेंस इंटरसेप्टर सिस्टम पर खर्च किए गए हैं, जबकि 1.5 अरब डॉलर मिसाइलों और अन्य आक्रामक हथियारों पर किए गए हैं। इसके अलावा 125 मिलियन डॉलर लड़ाकू विमानों और हवाई अभियानों के परिचालन पर खर्च किए गए हैं। सीएसआईएस के मुताबिक कुल खर्च में से केवल लगभग 200 मिलियन डॉलर ही पहले से अमेरिकी रक्षा बजट में शामिल था, जबकि करीब 3.5 अरब डॉलर का खर्च अतिरिक्त है, जिसके लिए अलग से फंड की जरूरत पड़ सकती है। इसका मतलब है कि अमेरिकी रक्षा मंत्रालय यानी पेंटागन को जल्द ही युद्ध जारी रखने के लिए अतिरिक्त बजट की मांग करनी पड़ सकती है।



**2000 से ज्यादा हथियारों का इस्तेमाल**

रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि युद्ध के पहले 100 घंटों में अमेरिका ने 2,000 से अधिक प्रकार के हथियार और मिसाइलें इस्तेमाल कीं हैं। इन हथियारों के स्टॉक को दोबारा भरने में ही लगभग 3.1 अरब डॉलर खर्च हो सकते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि युद्ध लंबा चला तो यह खर्च और तेजी से बढ़ सकता है। रिपोर्ट के अनुसार यदि युद्ध जारी रहता है तो अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की सरकार को कांग्रेस से अतिरिक्त बजट की मंजूरी लेनी पड़ सकती है लेकिन अमेरिका में महंगाई, जीवनयापन की बढ़ती लागत और युद्ध के कारण बढ़ती तेल कीमतों के चलते यह मुद्दा राजनीतिक विवाद का कारण भी बन सकता है।

**मानवीय नुकसान भी भारी**

थिंक टैंक ने अपने आकलन में कहा है कि युद्ध का मानवीय नुकसान भी तेजी से बढ़ रहा है। ईरान में अमेरिकी और इजरायली हमलों में अब तक 1,300 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें कई बच्चे भी शामिल बताए जा रहे हैं। साथ ही क्षेत्र के अन्य देशों में भी हमलों और जवाबी कार्रवाई के कारण कई लोगों की जान गई है। खर्च के अलावा, कुवैत में फ्रेंडली फायर की घटना में तीन एफ-15 लड़ाकू विमानों के नष्ट होने जैसी खबरें भी सामने आई हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने संकेत दिया है कि यह सैन्य अभियान अभी कई हफ्तों तक जारी रह सकता है। ऐसे में इसका आर्थिक और राजनीतिक असर अमेरिका सहित पूरी दुनिया पर पड़ सकता है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर घायल

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)

नवाबगंज उन्नाव- अजगैन-मोहान मार्ग पर शुक्रवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) नवाबगंज पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के दरियापुर गांव निवासी सोनू (30) पुत्र बेचेलाल अपने चचेरे भाई रवींद्र (24) पुत्र छेदी के साथ बाइक से भटपुरा गांव स्थित अपनी ससुराल जा रहा था। इसी दौरान अजगैन-मोहान मार्ग पर रहमतगंज के पास पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने दोनों घायलों को तुरंत सीएचसी नवाबगंज पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद रवींद्र की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं सोनू का इलाज सीएचसी में किया गया।

## ग्राम स्वराज अभियान के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)

पुरवा उन्नाव- राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अंतर्गत ब्लॉक मुख्यालय पर शुक्रवार को सचिवों, ग्राम प्रधानों, पंचायत सहायकों एवं ग्राम पंचायत सदस्यों के लिए जीपीडीपी, बीपीडीपी व डीपीडीपी से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में पंचायत प्रतिनिधियों को ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों की योजना बनाने और उन्हें प्रभावी ढंग से लागू करने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पंचायतीराज विभाग लखनऊ से आए प्रशिक्षक अर्पित शुक्ला व विदुषी ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बताया कि ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को बेहतर तरीके से कैसे संचालित किया जा सकता है। उन्होंने राज्य वित्त एवं केंद्रीय वित्त आयोग से मिलने वाले बजट की विस्तृत जानकारी दी और उस धनराशि के पारदर्शी व प्रभावी उपयोग के तरीकों को भी समझाया। प्रशिक्षकों ने ग्राम प्रधानों से अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार करने तथा सचिवों को उसे कार्ययोजना में शामिल करने की प्रक्रिया भी बताई। इसके साथ ही पंचायतों के ओएसआर खातों के संचालन की विधि के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अनिल पटेल, अशोक भारती, शैलेंद्र, गुड्डू, मयूरी सिंह, अवधेश, रजनीश, रज्जन लाल, अरविंद सहित कई ग्राम प्रधान, सचिव व पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो)

नवाबगंज उन्नाव- सोहरामऊ थाना क्षेत्र के बाबा खेड़ा गांव में शुक्रवार भोर पहर एक युवक का शव बाग में पेड़ से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई और परिजनों में कोहराम मच गया। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के बाबा खेड़ा गांव निवासी अमित (22) पुत्र रामरतन का शव गांव के बाहर स्थित एक बाग में पेड़ से लटका हुआ मिला। बताया जा रहा है कि भोर पहर ग्रामीणों ने युवक को पेड़ से लटका देखा, जिसके बाद तत्काल इसकी सूचना परिवार वालों और पुलिस को दी गई।घटना की जानकारी मिलते ही सोहरामऊ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पेड़ से उतरवाकर कब्जे में ले लिया। पुलिस ने मौके की जांच पड़ताल करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि आत्महत्या के पीछे की वजह अभी तक साफ नहीं हो सकी है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच की जा रही है।अचानक हुई इस घटना से गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह स्पष्ट हो सकेगी।

## स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा में डीएम ने जताई नाराजगी



स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव- विकास भवन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान डीएम ने एमआर वैक्सीनेशन, जीरो डोज कवरेज, एमआर एंटीजन (मीजल्स-रूबेला), आयुष्मान आईडी एक्टिवेशन, संस्थागत प्रसव की स्थिति, स्टिल बर्थ रेट समेत अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी ली। एमआर एंटीजन और फुल इम्यूनाइजेशन में अपेक्षित प्रगति न मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। डीएम ने आयुष्मान भारत योजना के तहत निष्क्रिय पड़ी आईडी की स्थिति की भी समीक्षा की और संतोषजनक प्रगति न होने पर उन्हें शीघ्र सक्रिय कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एमओआईसी को निर्देशित किया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए अधिक से अधिक संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किए जाएं तथा प्रसव से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। बैठक में स्टिल बर्थ रेट की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने इसमें सुधार लाने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। साथ ही वीएचएसएनडी सत्रों को सक्रिय रूप से संचालित करने और हाई रिस्क प्रेग्नेंसी (एचआरपी) ट्रैकिंग पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर एचआरपी डाटा की नियमित और शुद्ध फीडिंग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की सभी योजनाओं में अभियान चलाकर प्रगति तेज की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी कार्यक्रम में लापरवाही या शिथिलता न रहे। बैठक में परियोजना निदेशक तेजवंत सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.एन. सिंह, डॉ. जे.आर. सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी, चिकित्सक व एमओआईसी उपस्थित रहे।



## अंडर-19 जनपदीय क्रिकेट लीग के फाइनल मुकाबले में आइडियल क्लब विजयी

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव- अंडर-19 रजनीन्द्र दीक्षित जनपदीय क्रिकेट लीग का फाइनल मुकाबला सप्रू क्रिकेट स्टेडियम में यूसीसी क्लब और आइडियल क्लब के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में आइडियल क्लब ने यूसीसी क्लब को 19 रनों से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। मैच में यूसीसी क्लब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आइडियल क्लब की टीम निर्धारित 35 ओवर के मुकाबले में 34 ओवर में सभी विकेट खोकर 185 रन बना सकी। टीम की ओर से अक्षत त्रिवेदी ने 45 और देवांश ने 33 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। यूसीसी क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए अभिनव राजपूत और अभय पटेल ने दो-दो विकेट हासिल किए, जबकि आकाश, आर्यन और शौर्य ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूसीसी क्लब की टीम 166 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से कृष्ण शर्मा ने 40, शुभम ने 24 और अभिनव राजपूत ने 19 रन बनाए। आइडियल क्लब की ओर से गेंदबाजी में मोनू पाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट लिए, जबकि यश सिंह और देवांश ने दो-दो विकेट झटके। मैच के बाद जिला क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी राकेश कुमार अस्थाना ने मोनू पाल को 'प्लेयर ऑफ द मैच' पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पी.के. मिश्रा, ओम मिश्रा, साकिर हुसैन, प्रदीप शुक्ला सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव- जनपद की सभी तहसीलों में आज प्रातः10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सदर तहसील में डीएम की अध्यक्षता में होगा, जिसमें सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहकर जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगे। सूचना विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील सफीपुर में मुख्य विकास अधिकारी, तहसील बांगरमऊ में एडीएम (वित्त एवं राजस्व) तथा तहसील हसनगंज में एडीएम (न्यायिक) की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जाएगा। वहीं तहसील पुरवा और बीघापुर में संबंधित एसडीएम की अध्यक्षता में शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। प्रशासन ने जनपदवासियों से अपील की है कि यदि किसी को किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत है तो वह संबंधित तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्या का निराकरण करा सकता है। अधिकारियों द्वारा प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।

## सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) गंजमुरादाबाद उन्नाव- कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चकमीरा पुर का एक युवक करीब एक पखवारा पूर्व मार्ग दुर्घटना में गंभीर घायल हो गया था। बीते गुरुवार को घायल की मौत हो गई। परिवार के मुखिया की असमय मौत से परिजनों में चीख-पुकार मची हुई है। ग्राम चकमीरा पुर निवासी शिवपाल 45 वर्ष पुत्र रामसनेही बीते 17 जनवरी को आसीवन गया था। जहां खरगौरा गांव के के निकट सड़क हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। परिजनों ने लखनऊ में घायल का इलाज कराया। इलाज के बाद आराम मिलते ही चार दिन पूर्व परिजन अस्पताल से छुट्टी लेकर उसे अपने घर ले आए। किंतु बीते गुरुवार को अचानक हालत बिगड़ने से शिवपाल की मौत हो गई। घर के एक मात्र कमाऊ सदस्य की असमय मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।मौत परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने आज शुक्रवार को गमगीन माहौल में क्षेत्र के नानामऊ गंगा तट पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। शिवपाल की अचानक मौत से पत्नी सरोजनी और दो बेटे अमित व सुमित तथा पुत्री खुशबू बेसहारा बेसहारा हो गई।

## उधार पैसे न देने पर मिठाई की दुकान में तोड़फोड़

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) फतेहपुर चैरासी उन्नाव थाना क्षेत्र की नगर पंचायत ऊगू में उधार पैसे न देने से नाराज एक युवक पर मिठाई की दुकान में तोड़फोड़ करने का आरोप लगा है। पीड़ित दुकानदार की तहरीर पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। नगर पंचायत ऊगू निवासी पंकज पाण्डेय ने थाना पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि कस्बे में देसी शराब के ठेके के बगल में उसकी मिठाई की दुकान है। वह रोजाना दुकान का काउंटर ताला लगाकर दुकान के बाहर ही रख देता है। पीड़ित के अनुसार बीती रात करीब दस बजे मोहल्ला नेवादा निवासी हिमांशु पटेल पुत्र जंग बहादुर उसकी दुकान पर आया और उधार पैसे मांगने लगा। उधार देने से मना करने पर आरोपी नाराज हो गया और दुकान के बाहर रखे काउंटर, तखत व भट्ठी समेत अन्य सामान में तोड़फोड़ कर दी, जिससे उसे काफी नुकसान हुआ।

## भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण अभियान आज से

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) उन्नाव- भाजपा का 7 और 8 मार्च को जनपद के विभिन्न मंडलों में दो दिवसीय 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान' का आयोजन किया जा रहा है। ÷कार्यकर्ता निर्माण से राष्ट्र निर्माण÷ की अवधारणा को साकार करने के उद्देश्य से आयोजित इस अभियान में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यपद्धति, विचारधारा और आगामी कार्यक्रमों के बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी के नेतृत्व में आयोजित इस महाअभियान के अंतर्गत जिले की विभिन्न विधानसभाओं के प्रमुख स्थानों पर प्रशिक्षण शिविर लगाए जाएंगे। कार्यक्रम के तहत बांगरमऊ विधानसभा के गंजमुरादाबाद मंडल का प्रशिक्षण विशाल गेस्ट हाउस में, सफीपुर विधानसभा के सफीपुर मंडल का प्रशिक्षण कालिंदी इंटर कॉलेज में आयोजित होगा। इसी प्रकार सदर विधानसभा के सरोसी और मसवासी मंडलों का प्रशिक्षण सिया कॉन्टिनेंटल उन्नाव में, भगवंतनगर विधानसभा के बदरका और सि0 कर्ण मंडल का प्रशिक्षण परिमल वाटिका सि0 कर्ण में तथा पुरवा विधानसभा के पुरवा मंडल का प्रशिक्षण सूर्यप्रताप डिग्री कॉलेज डेला में संपन्न होगा। जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने बताया कि इन प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों, कार्यशैली और जनसंपर्क के तरीकों की जानकारी दी जाएगी, जिससे वे संगठन को और अधिक मजबूत बनाने में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकें। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से निर्धारित समय पर अपने-अपने प्रशिक्षण स्थलों पर पहुंचकर प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

## नहर में फिसलकर गिरने से सात वर्षीय बालक की मौत

स्वतंत्र भारत (ब्यूरो) पुरवा उन्नाव- कस्बे के मोहल्ला दलीगढ़ी में शुक्रवार शाम एक दर्दनाक हादसे में सात वर्षीय बालक की नहर में डूबने से मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार मोहल्ला दलीगढ़ी निवासी स्वर्गीय राकेश का सात वर्षीय बेटा प्रियांशु शुक्रवार शाम करीब चार बजे घर से नित्य क्रिया की बात कहकर निकला था। वह शारदा नहर पुरवा ब्रांच के पास पहुंचकर शौच क्रिया कर रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह नहर के पानी में गिरकर डूबने लगा। बालक को डूबता देख आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत नहर में कूदकर उसे बाहर निकाला और आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बेटे की मौत की सूचना मिलते ही सीएचसी पहुंची मां शशि बेटे का शव देखते ही बेहाल हो गई। शशि ने बताया कि पति की बीमारी के चलते लगभग दस वर्ष पहले ही मौत हो चुकी है, जबकि एक बेटे की तीन वर्ष पहले टीबी से मृत्यु हो गई थी। प्रियांशु तीन भाइयों और दो बहनों में सबसे छोटा था। उसकी मौत से मां शशि, भाई शिवा तथा बहनें खुशी और दीपिका का रो-रोकर बुरा हाल है। कार्यवाहक कोतवाली प्रभारी सियाराम चैरसिया ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कानपुर देहात समाचार

## घर में अकेली महिला को जबरन कार में ले जाने का आरोप सामूहिक दुष्कर्म की शिकायत

### पीड़िता ने एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार कार्रवाई की मांग

**फीरोजाबाद** जनपद फिरोजाबाद के थाना एका क्षेत्र के ग्राम नगला वित्तर की निवासी एक महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर गांव के कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का कहना है कि 26 फरवरी 2026 की रात लगभग 10 बजे वह घर पर अकेली थी तभी गांव के ही कुछ लोग उसके घर में घुस आए और उसे जबरन अपने साथ ले गए।

महिला का आरोप है कि आरोपियों ने उसे धमकाते हुए सुनसान स्थान पर ले जाकर उसके साथ गलत कार्य किया। किसी तरह वहां से निकलकर उसने परिजनों को घटना की जानकारी दी और डायल 112 पर भी सूचना दी।

पीड़िता का कहना है कि उसने 2 मार्च 2026 को एसएसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर मामले में कार्रवाई की मांग की लेकिन अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है।

महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई कराने और न्याय दिलाने की मांग की है।

## रसूलाबाद में होली पर खूब रंग बरसा और फाग-रंग-अबीर से सराबोर हुआ पूरा क्षेत्र

**होली पर्व शांति और सद्भाव पूर्ण माहौल मनाया गया**

**भवनपुर स्टेट के उत्तराधिकारी राजा कुंवर जनार्दन सिंह ऋषि ने गरीबों में मिष्ठान वितरण कराया**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**रसूलाबाद कानपुर देहात ।** रसूलाबाद तहसील क्षेत्र में होली का पर्व पारंपरिक भव्यता के साथ मनाया गया। सुबह से ही होलिका दहन की रस्म निभाई गई जिसमें जनता ने एकत्र होकर अग्नि पूजा की और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीकात्मक उत्सव मनाया। इसके बाद रंगों की होली शुरू हो गई जहां फागुन के मधुर भजनों जैसे श्रंग बरसे भीगे चूनर वालीश् और फागगीतों की धुन पर युवा.बुजुर्ग सभी थिरकते नजर आए। ढोलक मंजीरा और तबले की ताल पर नृत्य होता रहा जबकि पारिवारिक जनों ने गुजिया जैसे पारंपरिक व्यंजनों का अपने घरों में लुत्फ उठाया ।गलियों में बच्चे सबसे उत्साही दिखे जिन्होंने पानी के गुब्बारों पिचकारी और रंगों से सबको सराबोर कर दिया। परिवारों ने एक.दूसरे के घर



जाकर गुलाल.अबीर लगाया पुराने गिले शिकवे और झगड़े भुलाकर गले मिले। इस दौरान सामाजिक सद्भाव का अनूठा नजारा देखने को मिला।थाना रसूलाबाद की पुलिस ने भी होली की मस्ती में बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। कोतवाल एसएन सिंह के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने आमजन के साथ जमकर रंग खेला और गीत गाए और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखी।

थाना प्रभारी ने बताया कि ट्रैफिक और शराबबंदी पर कड़ी निगरानी रखी गई जिससे त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुए और कोई बड़ी घटना दर्ज नहीं हुई। निरालानगर में अमित पांडेय संग फाग गाते लोगों ने जमकर होली खेली ।

होली ने रसूलाबाद को एक परिवार की तरह जोड़ा और मुस्लिम भाइयों ने भी होली खेली जहां हंसी.खुशी और भाईचारे का संदेश गूंजा।

स्थानीय जिला पंचायत सदस्य और राजा भवनपुर स्टेट के उत्तराधिकारी राजा कुंवर जनार्दन सिंह ऋषि द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में हजारों लोगों ने शामिल होकर होली का जमकर आनंद उठाया ।इसी तरह ग्राम प्रधानों में ग्राम पंचायत उसरी के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हरगोविंद सिंह नेता हीकेपुर ग्राम प्रधान मनोज यादव असा लतगंज सतेंद्र कुमार भवनपुर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सौरभ सिंह ने भी अपने अपने गांवों में होली उत्सव में जमकर शिरकत कर भाई चारे का संदेश दिया ।

## हत्यारों की गिरफ्तारी और हत्या का मुकदमा दर्ज किए जाने की हुई मांग

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो** रनिया कानपुर देहात। गजनेर के निनाया गांव में दबंगों की पिटाई से हुई बुजुर्ग की मौत के मामले में शुक्रवार को माहौल पूरी तरह गर्म बना रहा पोस्टमार्टम के बाद शव के धर पहुंचने पर परिजनों का धैर्य जवाब दे गया हत्यारों की गिरफ्तारी और हत्या का मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग करते हुए शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया गया बाद में स्थानीय अधिकारियों से मिलें आश्वासन पर परिजन अंतिम संस्कार को तैयार हुएं। गौरतलब रहे कि 3 मार्च को बाजार में निनाया गांव निवासी चंद्रपाल 75 का गांव के ही संतोष आदि से किसी बात को लेकर कुछ विवाद हो गया था बताया गया कि विवाद के दौरान चंद्रपाल की लाठी डंडों से बेरहमी पूर्वक पिटाई की गई थी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे 4 मार्च को उनकी मौत हो गई थी मृतक के पुत्र ने गांव के ही संतोष कल्लू विजय सहित दो अज्ञात लोगों पर गैर इरादत हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शाम के समय जैसे ही मृतक का शव गांव पहुंचा वैसे ही परिवार के सदस्य दहाड़े मारकर रो उठें हर किसी की आंखें नम थी हर कोई गमगीन दिखाई दे रहा था सभी के चेहरों पर मौत का वह भयानक मंजर नजर आ रहा था इसी बीच परिजनों ने हत्या का मुकदमा दर्ज किए जाने के साथ हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी किए जाने की मांग करते हुए शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया हालांकि बाद में पुलिस द्वारा समझे जाने पर और उचित आश्वासन दिए जाने पर प्रजनन अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए मृतक के परिजन शीलू सरल राधा छोटे आदि ने साफ तौर पर पुलिस की लापरवाही बताते हुए कहा कि जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पसली टूटने की वजह से मौत होना बताया गया है तो हत्या की धारा अब तक क्यों नहीं बढ़ाई जा रही है और अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए ठोस कदम क्यों नहीं उठाए जा रहे हैं ग्राम प्रधान के साथ खाने पहुंचे परिजनों को थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि एक अभियुक्त की गिरफ्तारी कर ली गई है शेष को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



## रसूलाबाद तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस 7 को

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

माती कानपुर देहात।जिलाधिकारी कपिल सिंह के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार ने बताया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैए जिसमें जिलाधिकारी द्वारा क्रमानुसार प्रत्येक तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की जायेगी।

## महिला आयोग की सदस्य 11 को करेंगी जनसुनवाई

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

माती कानपुर देहात। जिला प्रोबेशन अधिकारी रेनू यादव ने बताया कि महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा आवेदकध्आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से 11 मार्च को सर्किट हाउस के सभागार मे राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल की अध्यक्षता में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा ध् महिला जनसुनवाई कार्यक्रम प्रस्तावित है जिसमें जनपद की कोई भी पीड़ित महिला सदस्य राज्य महिला आयोग के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्या के निराकरण के लिए प्रार्थना पत्र दे सकती है।

## त्यौहार सकुशल हुआ संपन्न तो हिंदूवादी नेताओं ने प्रशासन को दी बधाई

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

माती कानपुर देहात। रंगों का महान पावन पर्व होली जिले में आपसी एकता और सदभावना के माहौल में संपन्न होने के उपरांत प्रख्यात हिंदू वादी युवा नेता प्रशांत अवस्थी एवं नरेंद्र मिश्रा ने जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर यह प्रशासन की सक्रियता ही है जो हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक जनपद कानपुर देहात में त्यौहार सकुशल संपन्न हुआ है। बताते चलें कि लंबे समय से रंगों का महान पावन पर्व होली जिले में तनावपूर्ण माहौल के बीच ही संपन्न होता रहा है लेकिन जिलाधिकारी कपिल कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय के कुशल मार्गदर्शन में इस बार होली का त्यौहार पूरी तरह सुरक्षित और आपसी एकता के बीच संपन्न हुआ पूरा जनपद में इस बात की मिसाल कायम हो गई की कहीं पर भी कहां सुनी तक नहीं हुई प्रशासन के प्रयासों को प्राप्त हुई सफलता से प्रसन्न हिंदूवादी नेता प्रशांत अवस्थी एवं नरेंद्र मिश्रा द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा गया कि योगी सरकार सबका साथ सबका विकास की भावना पर काम कर रही है इसलिए सभी को कानून व्यवस्था का सम्मान करना चाहिए त्यौहार हमारा हो भैया सामने वाले का आपसी एकता में कमी नहीं आनी चाहिए।





# कानपुर महानगर



# डबल इंजन की सरकार ने दुनिया में यूपी के परशेप्शन को बदला-सीएम

- विश्व की मौजूदा परिस्थितियों में भारत मजबूत,
- आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर हुआ मंथन
- पं दीनदयाल विद्यालय में आयोजित हुई समन्वय बैठक



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** पं दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और भाजपा की समन्वय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को शामिल हुए। सीएम के साथ प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी व संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह भी रहे। इसके अलावा संघ के 22 व भाजपा के सात पदाधिकारी शामिल रहे। बैठक में समाज, सरकार व संगठन को लेकर चर्चा हुई। बैठक में 2027 के विधानसभा चुनाव में संघ व भाजपा को एक जुट होकर मिशन फतेह करने पर फोकस रहा। इसके अलावा संघ व सरकार के बीच आपसी संबंध मजबूत करने पर भी विचार हुआ।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का हेलीकॉप्टर शुक्रवार को 10.55 पर चंद्रशेखर आजाद यूनिवर्सिटी आफ एग्रीकल्चर एंड टेक्नोलाजी के हैलीपैड पर उतरा। हेलीपैड पर उनका स्वागत मेयर प्रमिला पांडेय, विधायक सरोज कुरील, भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित समेत विधायकों व भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद सीएम ने अमर बलिदानी चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वह पंडित दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय नवाबगंज में संघ के विचार परिवार की बैठक में शामिल हुए। बैठक में सीएम ने कहा विश्व की मौजूदा परिस्थितियों में भारत मजबूत है। यूपी में भी डबल इंजन की सरकार ने 9 साल में रोजगार, कानून व्यवस्था, औद्योगिक विकास, महिला सुरक्षा सहित अन्य मुद्दों से देश ही नहीं दुनिया में यूपी के परशेप्शन को बदला है। उन्होंने जापान और सिंगापुर यात्रा का जिक्र करते हुए बताया कि किस तरह दुनिया के उद्योगपति यूपी में निवेश करने को आकर्षित है। सीएम योगी ने कहा सरकार, संघ और संगठन आपसी समन्वय से काम कर रहे हैं। सभी संगठनों को आपसी सामंजस्य से काम करना है।

## देश व राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर हुई चर्चा

क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया समविचारी संगठन जो एक विचारधारा के लिए काम करते हैं। वह समय-समय पर बैठते रहते हैं। यह पहली बार नहीं है। संगठनों के लोगों ने समन्वय बैठक में अपने अपने क्षेत्र की प्रगति व कठिनाइयों पर चर्चा हुई है। सीएम ने कई मुद्दों को नोट किया है। भाजपा में चल रही आपसी कलह पर कहा कि बैठक में देश व राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर चर्चा हुई है।

कार्यक्रम और अभियानों की रूपरेखा ऐसे बनाएं, ताकि कोई दूसरे संगठन के कार्यक्रम को बाधित न करें। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा संघ की ओर से जो भी मुद्दे बताए गए हैं, संगठन के स्तर से उनका समाधान होगा। आगामी चुनावों के मद्देनजर सभी की भूमिका महत्वपूर्ण है। सभी संगठनों को साथ में मिलकर काम करना है। बैठक में सीएम व प्रदेश अध्यक्ष की कोशिश रही कि शहर में संघ व भाजपा के बीच के अंतर को खत्म किया जाए। इसको लेकर संघ के पदाधिकारियों से राय ली गई। बैठक में संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, संघ के प्रांत प्रचारक श्रीराम, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल सहित संघ के अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## विधायक के बेटे व बहू को सीएम ने दिया आशीर्वाद



बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विधायक महेश त्रिवेदी के आवास पर पहुंचे। यहां विधायक महेश त्रिवेदी की बहू और बेटे को आशीर्वाद दिया। विधायक ने कहा कि मै बहुत खुश हूं क्योंकि महाराज जी का मेरे घर पर आगमन हुआ। विधायक महेश त्रिवेदी ने बताया. कि सीएम योगी उनके आवास पर पहुंचे। इस दौरान उनसे व्यक्तिगत चर्चा भी हुई। सीएम योगी ने हमारे गुरु स्थान की भी चर्चा की हरिदास जी, जिन्होंने बिहारी जी को प्रकट किया था, उस स्थान की भी बहुत काफी प्रशंसा की। सीएम योगी ने गौशाला में गाय नंदिनी और राधा को अपने हाथों से गुड़ और पूड़ी खिलाई। विधायक ने कहा सीएम योगी मेरे बेटे और बहू को आशीर्वाद देने के लिए पहुंचे। हम सब बहुत खुश हैं और उन्हें हृदय से बधाई देते हैं।

## नाले में गिरने से अधेड़ की मौत

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** पनकी में शताब्दी नगर के पास नाले में अधेड़ की गिरने से मौत हो गई। सुबह लोगों ने शव देखा तो उनके बीच हड़कंप मच गया। कंट्रोल रूम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर परिजनों को सूचना दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया।

रतनपुर कालोनी निवासी विजय सिंह फैक्ट्री में नौकरी करते थे। परिवार में पत्नी सविता, बेटा विकास व बेटी पायल हैं। परिजनों ने बताया कि गुरूवार रात आठ बजे विजय टहलने की बात कहकर घर से निकले थे। काफी देर तक वापस न आने पर उनकी काफी खोजबीन की गई, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। शुक्रवार सुबह शताब्दी नगर स्थित पेट्रोल पंप के पास नाले में शव उतराता देख इलाकाई लोगों का जमावड़ा लग गया। जानकारी मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त की। कंट्रोल रूम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पनकी थाना प्रभारी मनोज भदौरिया ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि मृतक शराब का लती था। कल शाम को नशे की हालत पर नाले की पुलिया के पास लोगों ने बैठा देखा था। हो सकता है कि नाले में गिर गया हो। अग्रिम कार्रवाई पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी।

## नशे में धुत कार चालक ने स्कूटी में मारी टक्कर, तीन घायल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** श्यामनगर बाईपास के पास गुरुवार रात नशे में धुत कार चालक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार पति-पत्नी और उनकी बेटी घायल हो गए। विरोध करने पर कार चालक ने अपने पिता के पुलिस में होने की धमकी दी और मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। न्यू आजाद नगर निवासी अंजलि अपनी मां-पिता को स्कूटी से रेलवे स्टेशन छोड़ने जा रही थीं। पीएसी हाईवे पर पहुंचते ही पीछे से आ रही एक काले रंग की ब्रेजा कार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई और तीनों लोग घायल हो गए। हादसे में अंजलि की मां गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिनका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। अंजलि और उनके पिता को भी चोटें आई हैं। अंजलि ने आरोप लगाया कि घटना के बाद जब उन्होंने कार चालक का विरोध किया, तो उसने धमकाते हुए कहा कि उसके पिता पुलिस में हैं और उसका कोई कुछ नहीं कर पाएगा और भाग निकला। अंजलि ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। चकेरी थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सिपाही का गाली-गलौज का वीडियो वायरल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** रेलबाजार थाने में तैनात एक सिपाही का गाली-गलौज करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसके बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया और वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। रेलबाजार थाने में तैनात सिपाही अनुराग राही ने होली खेलने के दौरान अधिक शराब पी रखी थी। नशे की हालत में उसने अभद्र भाषा का प्रयोग करना शुरू कर दिया। इसी दौरान थाने में मौजूद किसी ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। यह वीडियो तेजी से फैल गया और सार्वजनिक चर्चा का विषय बन गया। वायरल वीडियो की जानकारी मिलने के बाद पुलिस अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया है। डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि वीडियो की सत्यता की जांच कराई जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं, तो संबंधित सिपाही के खिलाफ नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## जमीनी विवाद में हुई मारपीट, दस लोगों के खिलाफ एफआईआर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** सेन पश्चिमपारा थाना में जमीनी विवाद को लेकर दबंगों ने एक परिवार पर जमकर कहर बरपाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जिला पंचायत सदस्य के पुत्र सहित 10 नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। घुरुवाखेड़ा गांव में रहने वाले अरविंद कुमार ने बताया कि उनका अपने ही परिवार के भीखमलाल से जमीन को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि मंगलवार शाम जब अरविंद अपने घर के पास थे, तभी आरोपी भीखमलाल का पक्ष और जिला पंचायत सदस्य जगरूप का पुत्र रविराज वहां पहुंचे। रविराज ने उन्हें गाली देने लगा। विरोध करने पर वह आक्रोशित हो गए। जिस पर रविराज, आकाश, भीखमलाल, जगदीश, राहुल, रमेश, दिनेश, राजेश, ऋषि और गुंजन ने मिलकर अरविंद के घर पर हमला कर दिया। आरोपियों ने घर में घुसकर अरविंद के साथ मारपीट की और उनकी पत्नी व बेटियों के साथ धक्का-मुक्की व अभद्रता की। सूचना पर पहुंचे सेनपश्चिम पारा पुलिस ने जांच-पड़ताल की। पुलिस ने सभी 10 नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सेन पश्चिम पारा थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि साक्ष्यों के आधार पर आगे की गिरफ्तारियां की जाएंगी।

## मामूली विवाद में दो पक्षों में चले लाठी डंडे

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** कल्याणपुर मे मामूली बात पर पड़ोसियों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चलने लगे। जिसमें महिला समेत दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए।

राधापुरम निवासी अशोक दिवाकर प्राइवेट कर्मी हैं। अशोक ने बताया कि पड़ोसी अरविंद गौतम और अखिलेश गौतम ने दो दिन पहले उनके बच्चों को जान से मारने की धमकी दी थी। गुरुवार को दोनों ने मिलकर लाठी डंडों से उन पर हमला कर दिया। जिसमें बीच-बचाव करने आई पत्नी कांती और बेटे कुलदीप को भी बुरी तरह से पीटा। मारपीट में तीनों के सिर फट गए। वहीं दूसरे पक्ष अरविंद ने तहरीर देकर बताया कि अशोक ने बेटे कुलदीप के साथ मिलकर उन्हें और उनकी बुजुर्ग मां के साथ मारपीट की। उन्हें भी चोट आई है। पुलिस ने सभी को गुरुवार रात मेडिकल कराया और मिली तहरीर के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को मुकदमा दर्जकर एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अन्य लोगों की गिरफ्तारी के पुलिस प्रयास कर रही है। कल्याणपुर थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि दोनो पक्षों की तहरीर पर मुकदमा कर लिया गया। एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया अन्य की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## जुमे की नमाज के बाद इजरायल और अमेरिका के खिलाफ किया प्रदर्शन

**-ट्रंप और नेतन्याहू की तस्वीरों पर पैर रखकर जताया आक्रोश**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** जुमे की नमाज के बाद इजरायल और अमेरिका के खिलाफ नमाजियों ने अनोखा प्रदर्शन किया। नमाजियों ने ट्रंप और नेतन्याहू की तस्वीरों पर पैर रखकर आक्रोश जतात हुए युद्ध खत्म होने की दुआ की।

ईरान के समर्थन में जुम्मे की नमाज से पहले मस्जिदों की ओर जाने वाले रास्तों पर अमेरिका और इजरायल के झंडों के साथ अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की तस्वीरें लगा दीं। मस्जिद में नमाज पढ़ने जाने वाले और लौटने वाले नमाजियों ने इन तस्वीरों पर पैर रखकर गुजरते हुए अपना विरोध जताया। वहीं कई लोगों ने इन पर जूते-चप्पल चलाकर भी गुस्सा जाहिर किया। नमाज के बाद मस्जिदों में युद्ध के खात्मे और अमन-शांति के लिए खास दुआ की गई। इसके बाद लोगों ने सड़कों पर उतरकर अमेरिका और इजरायल के खिलाफ नारेबाजी की और हमलों को इंसानियत के खिलाफबताया। प्रदर्शन में शिया मुस्लिमों के साथ हिंदू समाज के कुछ लोग भी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि अमेरिका अपने हितों के लिए दुनिया को युद्ध की ओर धकेल रहा है और इसे तुरंत रोका जाना चाहिए।

## घर से लौटी महिला रेलवे टेक्नीशियन ने फांसी लगाकर दी जान

**-डायरी में लिखी मम्मी-पापा मुझे माफकरना, मैं जान देने जा रही हूं...**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** गोविन्द नगर में महिला रेलवे टेक्नीशियन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। गुरूवार शाम को उसकी सहकर्मी अपने घर से लौटी, तो दरवाजा बंद था। कई बाद दरवाजा खटखटाने के बाद कोई प्रतिक्रिया नहीं मिला तो उसके पुलिस व परिजनों को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा। जांच में फॉरेंसिक टीम को एक डायरी मिली है, जिसमें युवती ने लिखा है मम्मी-पापा मुझे माफकरना, मैं जान देने जा रही हूं...।

बिहार के मुजफ्फरपुर की रहने वाली नेहा कुमारी 2020 से फजलगंज वर्कशॉप में तैनात थीं। उनका भाई चंदन आगरा मेट्रो में काम करता है। पिता उमेश कुमार झारखंड स्थित प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। मृतक के बड़े भाई चंदन ने बताया कि नेहा गोविंद नगर स्थित 10 ब्लाक में वर्कशाप में ही कार्यरत सोनल के साथ रहती थी। 23 फरवरी को नेहा होली मनाने घर



गई थी। उसकी इंगेजमेंट की बात भी घर में चल रही थी। गुरुवार सुबह नेहा कानपुर वापस लौटी थी। शाम करीब 4 बजे नेहा की सहकर्मी सोनल भी छुट्टी लेकर घर पहुंची। इस दौरान देखा कि कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी खटखटाने पर भी दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद सोनल ने पुलिस और नेहा के परिवार वालों को सूचना दी। सूचना पर पुलिस पहुंची और दरवाजा तोड़कर अंदर गई, तो देखा कि नेहा का शव पंखे पर दुपट्टे से लटका हुआ था। घटना की जानकारी पर भाई चंदन व साथी कर्मचारी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। साथी कर्मचारी ने बताया कि नेहा का स्वभाव बहुत हंसमुख था। परिजनों ने किसी भी प्रकार के तनाव की बात से इंकार किया है। गोविंद नगर इंस्पेक्टर रिकेश कुमार सिंह ने बताया कि युवती की डायरी से सुसाइड नोट मिला है, लेकिन आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

## कबाड़ के गोदाम व फर्नीचर की दुकान में लगी भीषण आग

**-फायर ब्रिगेड ने घंटों मशक्कत के बाद पाया काबू**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** शुक्रवार तड़के कबाड़ गोदाम व फर्नीचर की दुकान में भीषण आग लग गई। आग की ऊंची-ऊंची लपटे देख वहां मौजूद लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व फायर ब्रिगेड टीम ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि आग से कोई जनहानि नहीं हुई है।

बर्रा सात में खाली जमीन पर लोगों ने अवैध रूप से कब्जा करके करीब 30 से अधिक झुग्गी-झोपड़ी और कबाड़ गोदाम बना रखे हैं। शुक्रवार सुबह झुग्गी-बस्ती में स्थित कबाड़ गोदाम में भीषण आग लग गई। कबाड़ को अपनी चपेट में लेते ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की बड़ी-बड़ी लपटों को देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर गुजैनी पुलिस व फायर ब्रिगेड की 7 गाड़ियां मौके पर पहुंची। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आग पर काबू



पाया। हालांकि आग से कोई जनहानि नहीं हुई है। सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। वहीं नौबस्ता खाड़ेपुर निवासी पप्पू शर्मा की जूही स्थित पापुलर धर्मकांटे के पास श्री सद्गुरु गद्दा और फर्नीचर के नाम से दुकान व गोदाम हैं। शुक्रवार देर रात गोदाम से धुआं उठता देख आसपास के लोगों ने उन्हें सूचना दी।

मौके पर पहुंचकर देखा तो गोदाम में पीछे की ओर से आग की लपटें उठ रही थी। इलाकाई लोगों की मदद से गोदाम में रखा सामान निकलवाने के साथ ही पुलिस और फायर विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों की मदद से आग को काबू किया जा सका है। दुकानदार पप्पू का कहना है कि समय से जानकारी होने के कारण सिर्फ 8 लाख का माल की जलकर खाक हुआ। बाकी माल लोगों की मदद से सुरक्षित निकाल लिया गया था।

## केडीए ने 19.5 बीघे अवैध प्लाटिंग पर चलाया बुल्डोजर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**



**कानपुर।** अवैध प्लाटिंग व निर्माणों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को केडीए ने जोन-1बी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की है। करीब 19.5 बीघे में विकसित की जा रही अवैध प्लाटिंग पर बुल्डोजर चलाकर ध्वस्त करा दिया गया। विशेष कार्याधिकारी डॉ रवि प्रताप सिंह के नेतृत्व में ग्राम धरमपुर पन्ना लाल, अदन पुत्र भरोसा, पूजा यादव, राकेश दीक्षित, सती प्रसाद समेत अन्य लोगों द्वारा करीब सात बीघे में बिना स्वीकृति प्लाटिंग विकसित की जा रही थी। जिसके जेसीबी से ध्वस्त करा दिया गया। इसी तरह मैसर्स मां डेवलपर्स की ओर से सुनील कुमार गौर, चेतन बाजपेई तथा अन्य द्वारा लगभग 5.5 बीघे में विकसित की जा रही अवैध प्लाटिंग पर भी बुलडोजर चलाया गया। इसके अलावा सुनील कुमार, मृदुल जौहरी, राधेश्याम, सूरजवली, शंकर लाल, मोहन लाल व अन्य द्वारा करीब सात बीघे में की जा रही अनाधिकृत प्लाटिंग को भी ध्वस्त कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान तीन अलग-अलग अवैध साइटों पर बनाए गए प्रवेश द्वार, सड़क, नाला, बाउंड्रीवाल, बिजली के खम्भे, पिलर तथा निर्मित, अर्द्धनिर्मित और निर्माणाधीन भवनों को तीन जेसीबी मशीनों की मदद से गिरा दिया गया। साथ ही प्रवेश मार्गों को गहरा कर दिया गया ताकि वहां से आवागमन न हो सके। विशेष कार्याधिकारी डॉ रवि प्रताप सिंह ने बताया कि बिना प्राधिकरण की अनुमति के जमीन की प्लाटिंग कर लोगों को प्लाट बेचे जा रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की प्लाटिंग करने से पहले केडीए से मानचित्र स्वीकृति और अनुमति लेना अनिवार्य है। उन्होंने लोगों से अपील की कि केवल केडीए से स्वीकृत कॉलोनियों में ही प्लाट खरीदें तथा प्लाट लेने से पहले नक्शा और ले-आउट की जांच कर प्राधिकरण से जानकारी अवश्य प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि अवैध प्लाटिंग के खिलाफ आगे भी अभियान चलाकर निरोधात्मक कार्रवाई जारी रहेगी।

## अपहृत किशोरी को सेंट्रल स्टेशन से जीआरपी ने किया बरामद

**-7 दिन पूर्व दिल्ली से किया गया था अगवा**



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**कानपुर।** दिल्ली से अपहृत एक किशोरी को सेंट्रल स्टेशन पर जीआरपी टीम ने सकुशल बरामद किया है। किशोरी को 7 दिन पहले दिल्ली से अगवा किया गया था। जीआरपी ने किशोरी को उसके परिजनों और दिल्ली पुलिस को सौंप दिया।

जीआरपी प्रभारी ओमनारायण सिंह ने बताया कि दिल्ली के थाना गांधी नगर में 14 वर्षीय किशोरी के अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में जीआरपी कानपुर सेंट्रल से सहयोग मांगा था। जीआरपी कानपुर सेंट्रल की टीम ने स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, सर्कुलेटिंग एरिया और यात्री प्रतीक्षालय में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान प्लेटफॉर्म क्षेत्र में संदिग्ध अवस्था में मिली नाबालिग किशोरी को टीम ने अपनी सुरक्षा में ले लिया। टीम ने बच्ची को महिला हेल्प डेस्क पर बैठाकर पूछताछ की और दिल्ली के थाना गांधी नगर को सूचना दी। नियमानुसार बालिका को थाना गांधी नगर दिल्ली के उपनिरीक्षक बिजेन्द्र सिंह को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया। जीआरपी प्रभारी ने बताया कि पूछताछ में छात्रा ने बताया कि वह एक निजी स्कूल में 9वीं कक्षा की छात्रा है। हालांकि उसने यह स्पष्ट नहीं बताया कि वह किसके साथ थी। चेकिंग के दौरान छात्रा अकेली ही मिली थी। दिल्ली पुलिस अब इस मामले के हर पहलू की जांच कर रही है कि किशोरी कैसे और किसके साथ कानपुर पहुंची। जीआरपी प्रभारी ने बताया कि कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद किशोरी को परिजनों को सौंप दिया गया है। परिजनों ने जीआरपी टीम आभार व्यक्त किया है।

## किसानों को आय व सशक्त बनाने हेतु किया गया जागरूक

स्वतंत्र भारत ब्यूरो



कानपुर। सरसौल ब्लॉक परिसर में शुक्रवार को कृषि एवं पशुपालन के सम्बंध में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री के लाइव प्रसारण को किसानों और अधिकारियों ने देखा। प्रसारण का विषय भारत विस्तारः एआई पावर डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर फॉर एग्रीकल्चरल था। इस दौरान कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और दुग्ध उत्पादन से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक और डिजिटल प्लेटफॉर्म के उपयोग को बढ़ावा देना था। इसका लक्ष्य किसानों की आय बढ़ाना और कृषि को सशक्त बनाना है। अधिकारियों ने बताया कि सरकार किसानों को नई तकनीकों से जोड़ने के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिनसे किसान अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ा सकते हैं।

एडीओ रवि वर्मा और अजय मिश्रा ने किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए किसानों को खेती, पशुपालन, मत्स्य पालन और दुग्ध उत्पादन से संबंधित जानकारी आसानी से मिलेगी, जिससे कृषि को अधिक लाभदायक बनाया जा सकेगा। राजकीय बीज भंडार सरसौल के प्रभारी राजेश कुमार ने किसानों को उन्नत किस्म के बीजों और कृषि संबंधी सुविधाओं के बारे में बताया। उन्होंने किसानों से सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभउठाने की अपील की। इस अवसर पर श्यामलाल, सुरेश पाल, प्राची यादव, देवेंद्र पांडेय, संतोष कुमार, उदय कुमार सहित क्षेत्र के कई किसान और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## खबर एक नजर

### सीआरपीएफ जवानों ने मनाई होली दिया आपसी सद्भाव का संदेश

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

घाटमपुर। शुक्रवार को पतारा कस्बे में सीआरपीएफ के जवानों ने सेवा निवृत जवानों के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें छुट्टी पर घर आए जवानों और आसपास रहने वाले सेवानिवृत्त सीआरपीएफ कर्मियों ने एकत्र होकर एक.दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह और भाईचारे का माहौल देखने को मिला।पतारा कस्बे के तिलसड़ा मोड़ के पास स्थित एक कैंपस में आयोजित समारोह में जवानों ने पारंपरिक तरीके से होली मिलन मनाया। डीजे पर बज रहे होली गीतों पर जवानों और स्थानीय लोगों ने जमकर नृत्य किया। रंग.गुलाल के साथ मिठाइयां भी बांटी गईं और सभी ने आपसी सद्भाव और एकता का संदेश दिया।इस अवसर पर जवानों ने बताया कि वह देश के अलग.अलग हिस्सों में तैनात रहते हैंए त्योहारों पर घर आने का मौका कम ही मिलता है। ऐसे में जब भी छुट्टी मिलती है तो सभी साथी एक साथ मिलकर त्योहार मनाते हैंए जिससे आपसी भाईचारा और भी मजबूत होता है। कार्यक्रम के दौरान जवानों ने कानपुर सीआरपीएफ परिवार नाम से एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया। इसका उद्देश्य यह है कि यदि किसी भी जवान या उसके परिवार को किसी प्रकार की समस्या आती है तो सभी साथी मिलकर उसकी मदद कर सकें। होली मिलन कार्यक्रम में मौजूद जवानों और पूर्व कर्मियों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आपसी जुड़ाव बढ़ता है और एक परिवार की तरह सभी एक.दूसरे के साथ खड़े रहते हैं।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

घाटमपुर। शनिवार को एक बार फिर आयोजित होने वाला संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह आएंगे। जिसे देखते हुए शुक्रवार को तहसील भवन की साफ सफाई के साथ अन्य तैयारियां को अंजाम दिया जाता रहा। तहसील परिसर की साफ सफाई व धुलाई के लिए पालिका के सफाई कर्मियों को लगाया गया। पानी डालकर बरामदे व गलियारों को चमा चम किया जाता रहा। साथ ही योजनाओं संबंधी पोस्टर लगाए गए व सभागार में अधिकारियों व फरियादियों के बैठने की व्यवस्था को भी अंजाम दिया जाता रहा।

### 16 बाहरी युवकों के खिलाफ हुई शान्ति भंग की कार्यवाही

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

घाटमपुर। साढ़ थाना क्षेत्र के मंडेपुर गांव में गुरुवार की आधी रात एक घर में आए तीन दर्जन के करीब युवकों को विवाद करने की आशंका के चलते मोहल्लेवालों ने घेरकर पुलिस को खबर दी। सूचना मिलते पर साढ़ व बिरहर पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर सभी 16 युवकों को साढ़ थाने लेकर आई। उनके वाहन भी साढ़ थाना उठा लाई। साढ़ पुलिस के मुताबिक सभी के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई हुई है पिता को पीटने से रोकने पहुंची बहन को शराबी भाई ने पीटा घाटमपुर। साढ़ थाना क्षेत्र के गंभीरपुर गांव में भैयादूज जैसे पर्व पर शराबी भाई ने पिता और बहन को पीट दिया। शुक्रवार को युवती ने अपने शराबी भाई पर गंभीर आरोप लगाते हुए साढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। युवती का कहना है कि भैयादूज के दिन उसका बड़ा भाई नशे में धुत होकर घर पहुंचा और अपने बीमार पिता के साथ मारपीट शुरू कर दी।पिता को बचाने का प्रयास कियाए तो आक्रोशित भाई ने उसे भी लात.घूसों से बेरहमी से पीट दिया। प्रताड़ना और आए दिन की आदतों से तंग आकर अपने शराबी भाई के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है। **अनियंत्रित हुई टैम्पो पेड़ से टकराने पर चालक की मौत** घाटमपुर। भीतर गांव क्षेत्र में मनाए जा रहे भैयादूज की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईंए जब उमरी.चंदनपुर मार्ग पर गुरुवार देर शाम सज्जन कुरील 41की टैम्पो पेड़ से टकराने पर उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक नशे की हालत में संतुलन खोने के कारण टेंपो सड़क किनारे एक पेड़ से सीधे जा टकराया। हादसे में टेंपो का शीशा चालक सज्जन के सीने और चेहरे में जा घुसा। इससे पहले उसे इलाज केलिए परिजन जहानाबाद सीएचसी ले कर पहुंचते उसकी मौत हो गई।

## राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल होने पर चहके बच्चे




**कोरथा स्थित कंपोजिट स्कूल के चार बच्चों ने फहराया परचम**

स्वतंत्र भारत ब्यूरो

भीतरगांव कानपुर। विकासखंड भीतरगांव क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय कोरथा के चार बच्चों का राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में चयन होने पर बच्चों के चेहरे खिल उठे बच्चों के बेहतर प्रदर्शन पर शिक्षकों ने बधाई दी।

प्रिंसिपल कामता प्रसाद ने बताया कि बीते नवम्बर माह में आयोजित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में विद्यालय की पायल ने 47 वीं रैंक शेरसिंह ने 51 वीं रामा ने 55 वीं तथा लक्ष्मी ने 59 वीं रैंक हासिल कर ये साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी सुख सुविधा की मोहताज नहीं होती। चयनित बच्चों को कक्षा 9 से 12 तक चार वर्ष शिक्षा जारी रखने के लिए प्रत्येक माह एक हजार की छात्रवृत्ति मिलेगी।बच्चों के चयनित होने पर शिक्षकों ने बच्चों को बधाई दी कार्यक्रम के दौरान अंकुर अशोक अजय सिंह सुमन यादव तथा अक्षय पाल मौजूद रहे।

### मुकदमे में वांछित आरोपियों के धमकाने पर पुलिस ने भेजा जेल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो** घाटमपुर। थाना सजेती क्षेत्र के ग्राम बांध में एक मुकदमे की जांच के साथ वादी के बयान लेने पहुंचे उप निरीक्षक के सामने आरोपियों के वादी को धमकाने पर पुलिस ने पकड़कर उन्हें जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के बांध निवासी अनिल कुमार पुत्र रंगीलाल 34 ने गांव के ही पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि 5 मार्च को आरोपियों ने होली पर खाने पीने के दौरान मार पीट कर घायल कर दिया था।जिसकी घटनास्थल पर उप निरीक्षक द्वारा विवेचनात्मक कार्रवाई की ही जा रही थी कि तभी अभियुक्त गण राकेश यादव आदि 05 नफर उपरोक्त भी वहीं पर आ गये। तथा वादी मुकदमा अनिल कुमार एवं अन्य व्यक्तियों के साथ गवाही देने को लेकर आमदा फसाद करने लगे। उग्र होकर मारपीट में उतारू होने पर पुलिस सन्न रह गई।पुलिस के काफी समझाने बुझाने के बाद भी न मानने पर पुलिस ने आरोपियों को हिरासत पुलिस मे लेकर अन्तर्गत धारा 170ध्126ध्135 बीएनएसएस मे चालान कर दिया गया।



### लंबित मानदेय भुगतान न होने से व्यथित मनरेगा कर्मियों ने दिया ज्ञापन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

भीतरगांव कानपुर। विकासखंड भीतरगांव में नौ माह से मानदेय न मिलने से परेशान मनरेगा कर्मियों ने जिलाधिकारी मुख्य विकास अधिकारी तथा उपायुक्त श्रम एवं रोजगार को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी भीतरगांव के माध्यम से भेजा।

विकासखंड में तैनात ग्राम रोजगार सेवक कम्प्यूटर ऑपरेटर लेखा सहायक तकनीकी सहायक अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी का विगत जुलाई माह से लंबित मानदेय भुगतान न होने से कार्य किए जाने में असमर्थता जताते हुए उच्चाधिकारियों को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी के माध्यम से भेजते हुए विगत लंबित मानदेय देयता तथा ई पी एफ भुगतान के निस्तारण की गुहार लगाई।खंड विकास अधिकारी शिव नरेश ने बताया कि पत्र संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर शीघ्र समस्या निस्तारण का प्रयास किया जाएगा।

## बिजली से परेशान तिरहर क्षेत्र की दूर होंगी समस्याएं-सरोज कुरील

**तिरहर क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान विधायक ने कहाएविधानसभा सत्र के दौरान क्षेत्र की बिजली समस्या को सदन में प्रमुखता से उठाया था।**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो** घाटमपुर। विधानसभा क्षेत्र के तिरहर पट्टी में रहने वाले ग्रामीणों के बीच बिजली की समस्या को दूर करने के लिए इस विधानसभा सत्र के दौरान सदन में प्रमुखता से विधायक सरोज कुरील के उठाने का असर शुक्रवार को दिखाई दिया। विद्युत विभाग की ट्रांसमिशन टीम के साथ तिरहर क्षेत्र में पहुंची विधायक ने निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों से कहा कि वह कहने से ज्यादा करने पर विश्वास करती हैं। बहुत जल्द आप सब की बिजली की समस्या दूर होगी। विधायक ने आगे कहा कि क्षेत्र में बिजली की समस्या को देखते हुए मैंने विधानसभा सत्र के दौरान क्षेत्र की बिजली समस्या को सदन में प्रमुखता से उठाया था। जिस पर आप सब के बीच हमारे साथ विद्युत विभाग की ट्रांसमिशन टीम अधिशाषी अभियंता अमर दीप की अगुवाई में क्षेत्र के निरीक्षण हेतु आई है। इस मौके पर उनके साथ विमल गौतम एवं ग्राम प्रधान नागेंद्र तिवारी सहित अन्य लोग भी उपस्थित रहे। ग्रामीणों द्वारा तिरहर पट्टी क्षेत्र के गांवों में लो वोल्टेजए ओवर लोड और बार.बार होने वाली ट्रिपिंग जैसी समस्याओं से विधायक को अवगत कराए जाने पर उन्होंने नए लगाए जाने वाले 100 एम वी ए के उपकेंद्र टिकावापुर के शुरू होने पर तिरहर पट्टी क्षेत्र के गांवों में लो वोल्टेजए ओवरलोड और बार.बार होने वाली ट्रिपिंग की समस्याओं से काफी हद तक राहत मिलने का भरोसा दिया। विधायक ने आगे कहा कि जनता को बेहतर और निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। क्षेत्र की विद्युत समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। आगे भी किए जाते रहेंगे। शीघ्र ही इसका लाभ क्षेत्र की जनता को देखने को भी मिलेगा। वहीं अधिशाषी अभियंता ने कहा कि विधायक के प्रयास से क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के साथ अधिक सुचारु व सुदृढ़ होगी।

### जमीन देने के नाम पर हड़पे 5 लाख 45 हजार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो** घाटमपुर। डी0 सी0 पी0 दक्षिण से शिकायत के बाद रिपोर्ट दर्ज कराते हुए सन्तोष नारायण त्रिपाठी पुत्र स्वव श्याम मनोहर त्रिपाठी निवासी ग्राम विरसिंहपुर ;कानपुर नगर द्ध वर्तमान में बर्रा.2 कानपुर से मुन्ना यादव पुत्र वंशी यादव निवासी भदरस घाटमपुर कानपुर नगर थाना घाटमपुर ने मेरे रु 545000ध्. जो कि उसकी पत्नी के खाते में गया है। साथ जमीन देने के नाम पर हड़प लिए। जमीन भी बेच डाली पैसा माँगने पर धमकी दे रहा है। पुलिस द्वारा मामले की जांच के साथ कार्यवाही की जा रही थी।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता नलकूप खण्ड प्रथम कानपुर

पत्रांक– 2050/न.ख.प्र.का./सूचना/ दिनांक– 06.03.2026

**सूचना**

श्री सचिन, चपरासी पुत्र स्व० धनश्याम ग्राम बेंदा पोस्ट–पाराचांद तहसील–घाटमपुर कानपुर नगर जो दिनांक–01.09.2025 से दिनांक–28.02.2026 लगातार अपने कार्य से अनुपस्थित चल रहें है। इसके फलस्वरूप इस कार्यालय द्वारा उनको अनेको पत्राचार करने के उपरान्त भी आज दिनांक 06.03.2026 तक कार्यालय में उपस्थित नही हुए न ही उनके द्वारा किसी भी प्रकार की सूचना से भी अवगत नही कराया गया है। अतः आपको पुनः समाचार पत्र की विज्ञाप्ति की सूचना देते हुए एक और मौका दिया जा रहा है, अगर आप खण्डीय कार्यालय में उपस्थित नहीं होते हैं. तो आपके विरुद्ध कर्मचारी आचरण नियमावली 1952 के अन्तर्गत विभागीय कार्यवाही कर दी जायेगी। जिसके लिए किसी भी प्रकार से विभाग की कोई भी जिम्मेंदारी नही होगी।

**भवदीय**
**(रवि सागर)**
**अधिशासी अभियन्ता**

## कार्यालय ग्राम पंचायत हिम्मतपुर वि.ख. रामपुरा (जालौन)

पंत्राक– मेमो/निविदा–मनरेगा/2025–26 दिनांक 06.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों के लिये ग्राम पंचायत–हिम्मतपुर में ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग/लघु सिचाई/लोक निर्माण विभाग/पंजीकृत ठेकेदार/ सामग्री आपूर्तिकर्ताओं से निर्माण हेतु अलग–अलग मोहरबन्द निविदायें दि. 07.03.2026 से 13.03.2026 तक 1.00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत कार्यालय हिम्मतपुर में आमन्त्रित की जाती है, जो उसी दिनांक–13.03.2026 को अपरान्ह 4.00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा निविदा दाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी। निविदा कुटेशन जी.एस.टी. कर सहित दरें मान्य होगी। ग्राम पंचायत को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

| क्र0 सं० | कार्य का नाम | कार्य स्थल का विवरण | अनुमानित लागत | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सी.सी. रोड निर्माण कार्य | ग्राम हिम्मतपुर में बलवन्त के मकान से छोटे के बाढ़ा की ओर तक | 383278 | 7666 | 500 |

नियम व शर्तें: 1. निविदा प्रपत्र केवल पंजीकृत ठेकेदारों को ही निर्गत की जायेगी। 2. निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर धनराशि के रूप में राष्ट्रीय बचत पत्र/एफ०डी०आर० जो सचिव ग्राम पंचायत हिम्मतपुर के पदनाम बन्धक हो जमा करनी होगी। 3. निविदा स्वीकृत किये जाने की दशा में निविदा दाताओं को अनुबन्ध करते समय निविदानुसार स्टाम्प शुल्क भी देय होगा। 4. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास निहित रहेगा।

**सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी** **ग्राम प्रधान**

## कार्यालय ग्राम पंचायत जायघा वि.ख. रामपुरा (जालौन)

पंत्राक– मैमो/निविदा–मनरेगा/ ग्रा०प०/जायघा/2025–26 दिनांक 06.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी अधिनियम (मनरेगा) के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यों के लिये ग्राम पंचायत–जायघा में ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग/लघु सिचाई/लोक निर्माण विभाग/पंजीकृत ठेकेदार/सामग्री आपूर्तिकर्ताओं से निर्माण हेतु अलग–अलग मोहरबन्द निविदायें दि. 07.03.2026 से 13.03.2026 तक 1.00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत कार्यालय जायघा में आमन्त्रित की जाती है, जो उसी दिनांक–13.03.2026 को अपरान्ह 4.00 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा निविदा दाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी। निविदा कुटेशन जी.एस.टी. कर सहित दरें मान्य होगी। ग्राम पंचायत को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

| क्र0 सं० | कार्य का नाम | सामग्री धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम जायघा में ऊदल के मकान से विश्राम के मकान तक इण्टरलाकिंग का निर्माण का कार्य | 446673 | 8933 | 500 |
| 2. | ग्राम जायघा में आशाराम के मकान से उदयवीर के मकान तक इण्टरलाकिंग का निर्माण का कार्य | 492306 | 9846 | 500 |

नियम व शर्तें: 1. निविदा प्रपत्र केवल पंजीकृत ठेकेदारों को ही निर्गत की जायेगी। 2. निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर धनराशि के रूप में राष्ट्रीय बचत पत्र/एफ०डी०आर० जो सचिव ग्राम पंचायत जायघा के पदनाम बन्धक हो जमा करनी होगी। 3. निविदा स्वीकृत किये जाने की दशा में निविदा दाताओं को अनुबन्ध करते समय निविदानुसार स्टाम्प शुल्क भी देय होगा। 4. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास निहित रहेगा।

**सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी** **ग्राम प्रधान**

### नव निर्मित कान्हा गोशाला में मंगलवार से शिफ्ट होंगे गोवंश

*पालिका द्वारा 1०79 करोड़ की लागत से बाबा मंदिर रोड पर कराया गया है निर्माण*

घाटमपुर। खुश खबरी के साथ इंतजार की घड़ियां खत्मरू नव निर्मित कान्हा गोशाला में मंगलवार से गौवंश शिफ्ट होंगे।पालिका द्वारा 1०79 करोड़ की लागत से बाबा मंदिर रोड पर निर्माण कराया गया है।निर्माण कार्य की गुणवत्ता देख सम्पूर्ण समाधान दिवस में आए डीएम ने भी निरीक्षण के दौरान प्रशंसा की थी।अभी तक अस्थाई रूप से पालिका की हमीरपुर रोड़ पर गौ शाला का संचालन हो रहा था। जहां से आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित व नवनिर्मित गौ शाला में गौ वंश को शिफ्ट किया जाना है। गौवंश के अच्छे ढंग से रख रखाव किए जाने को देखते हुए नई गौशाला का निर्माण कराया गया है।कई वर्षों से कस्बे में कान्हा गोशाला का अस्थाई रूप से संचालन हमीरपुर रोड पर पालिका की भूमि में चल रहा था। नई गोशाला का निर्माण पालिका द्वारा 1०79 करोड़ की लागत से बाबा मंदिर रोड पर कराया गया है। निर्माण कार्य पूरा हो जाने को देखते हुए मंगलवार 10 मार्च से अस्थाई गोशाला को नई बनी गोशाला में शिफ्ट किया जाना है।

**बोले जिम्मेदार**

*हमीरपुर रोड़ पर संचालित पुरानी गौशाला में 110 गोवंशों को अब नई गोशाला में शिफ्ट किया जाएगा। साथ ही जो पांच केयर टेकर हैंए उनको भी नई गौशाला में देख रेख के लिए रखा जाएगा।गोवंशों के खाने के लिए फिल हाल भूसे व चारे आदि की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था की जा चुकी है।*

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, कालपी-जालौन

पत्रांक:1549(2)न.पा.परि.का./नि0(ई–टेण्डर)/2025–26 दि.06.03.2026

**संशोधित अल्पकालीन निविदा (ई–टेण्डर)**

नगर पालिका परिषद कालपी में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि 15 वां वित्त आयोग वर्ष 2025–26 की टाइड ग्रांट (निर्दिष्ट अनुदान) व अनटाइड ग्रांट (बुनियादी अनुदान) की प्रथम किश्त के अन्तर्गत संकलित की गयी धनराशि से नीचे दिये गये विवरण के अनुसार निर्माण कार्य ई–टेन्डरिंग के माध्यम से कराये जाना हैं। उक्त निविदा दिनांक 07.03.2026 से 16.03.2026 तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in से ऑनलाइन डाउनलोड/अपलोड की जा सकती हैं। निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी उपरोक्त वेवसाइट पर उपलब्ध रहेगी। उक्त निर्माण कार्यों से सम्बन्धित समस्त जानकारी वेबसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

नोट– अन्य नियम व शर्ते कार्यालय में देखी जा सकती है। जिनका अनुपालन करना अनिवार्य है।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद कालपी
जनपद–जालौन

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद कालपी
जनपद–जालौन

## कार्यालय जिला पंचायत, फतेहपुर

पत्रांक–1174/जि०पं०/ई–निविदा/2025–26/दिनांक–06.03.26

ई–निविदा सूचना

जिला पंचायत, फतेहपुर द्वारा जनपद में संचालित अस्थाई / स्थाई पशुरोधालय केन्द्रों में संरक्षित गोवंश के भरण पोषण हेतु भूसा व चोकर की आवश्यकता होगी। आवश्यकतानुसार उच्च कोटि का भूसा व चोकर क्रय किया जाना है तथा जनपद में स्थापित स्थायी / अस्थाई पशुरोधालय स्थलों तक पहुंचाना है। इच्छुक भूसा आपूर्ति कर्ताओं से प्रतिशत दर के आधार पर ऑन लाईन निविदा वित्तीय वर्ष 2026–27 (दिनांक 31.03.2027 तक) के लिए दिनांक 27.03.2026 आमंत्रित की जाती हैं। कार्य का सम्पूर्ण विवरण मय शर्तों व बिल ऑफ क्वांटिटी सहित वेवसाइट "http://etender.up.nic.in दिनांक 20.03.2026 समय 12.00 बजे मध्यान्ह से 27.03.2026 समय 12.00 बजे मध्यान्ह तक डाउनलोड/अपलोड/सबमिट किया जा सकता है, जिसकी टेक्निकल बिड उसी दिन कार्यालय, जिला पंचायत, फतेहपुर में समय अपरान्ह 2.00 बजे खोली जायेंगी। निविदा से संबंधित समस्त शर्तों आदि की जानकारी कार्यालय दिवस में कार्यालय से भी की जा सकती है, जिसे कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी प्रकाशन की तिथि से देखा जा सकता है।

**अपर मुख्य अधिकारी**
जिला पंचायत, फतेहपुर

**अध्यक्ष**
जिला पंचायत, फतेहपुर

## कृषि विभाग उत्तर प्रदेश जनपद-फतेहपुर

पत्रांक– 6233/उ.कृ.नि./फार्मर रजिस्ट्री/2025–26 दिनांक– 06.03.2026

**सशक्त एवं समृद्ध किसान, उत्तर प्रदेश की पहचान**

**फार्मर रजिस्ट्री अभियान**

**फार्मर रजिस्ट्री (किसानों की डिजिटल पहचान)**

कृषको द्वारा सरकारी योजनाओं (पी०एम० किसान सम्मान निधि, खाद बीज और कृषि यंत्रो पर मिलने वाली सब्सिडी, किसान क्रेडिट कार्ड, धान, गेहूँ एवं अन्य अनाजों की सरकारी केन्द्रो में बिक्री, दैवीय आपदा या फसल नुकसान की स्थिति में राहत राशि, विभिन्न सरकारी योजनाओं में बिना सत्यापन) सहज एवं शीघ्र लाभ प्राप्त करने एवं किसानों के अभिलेखों की डिजिटल पहचान के लिए फार्मर रजिस्ट्री आवश्यक है, इसलिए किसान भाई आज ही जन सेवा केन्द्र अथवा कृषि विभाग से सम्पर्क कर फार्मर रजिस्ट्री बनवाएं। फार्मर रजिस्ट्री नही बनवाने पर कृषको कि पी.एम.किसान सम्मान निधि की किस्त रोक दी जायेगी एवं कृषकों को लाभान्वित करने वाली अन्य सरकारी योजनाओ सें वंचित किया जा सकता है।

| | |
|---|---|
| फार्मर रजिस्ट्री हेतु आवश्यक दस्तावेज 1. आधार कार्ड 2. खतौनी 3. आधार से लिंक मोबाईल नम्बर | फार्मर रजिस्ट्री कैसे करायें–कृषक–फार्मर रजिस्ट्री हेतु आवश्यक दस्तावेजो के साथ जनसेवा केन्द्र/ सहायक ऐप/कृषि विभाग के क्षेत्रीय अधिकारियों, कर्मचारियों सें सम्पर्क करके अपनी फार्मर रजिस्ट्री बनवा सकतें है। |

**(सत्येन्द्र सिंह)** उप कृषि निदेशक फतेहपुर
**(डा. अविनाश त्रिपाठी)** अपर जिलाधिकारी (वि/रा०) फतेहपुर
**(पवन कुमार मीना)** मुख्य विकास अधिकारी फतेहपुर
**(रविन्द्र सिंह)** जिलाधिकारी फतेहपुर

## कार्यालय जिलाधिकारी, कानपुर नगर।

(खनन अनुभाग)

पत्रांकः– 263/तीस–उपखनिज–विज्ञप्ति/2026 दिनांक: 28 फरवरी, 2026

प्रेस–विज्ञप्ति

**ई–निविदा सह– ई–नीलामी आमंत्रण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद–कानपुर नगर में प्रवाहितगंगानदी के तल में साधारण बालू के निम्न विवरण के अनुसार रिक्त खनन क्षेत्र को उ0प्र0 उप खनिज (परिहार) नियमावली–2021 के नियम–23 के उप नियम–(1) के प्राविधानों के अन्तर्गत पुनः उपलब्ध घोषित किया जाता है।

उत्तर प्रदेश उप खनिज (परिहार) नियमावली–2021 के अध्याय–4 के नियम–23(1) प्राविधानों के अन्तर्गत ई–निविदासह–ई–नीलामीप्रणाली के माध्यम से खनन पट्टे पर स्वीकृत किये जाने हेतु निम्नांकित क्षेत्र उपलब्ध है –

1–क्षेत्र का विवरण :–

| क0 सं0 | उपखनिज का नाम व नदी का नाम | एरिया कोड | क्षेत्र का विवरण: तहसील | ग्राम | गाटा सं0/खण्ड सं0/जोन सं0 | क्षेत्रफल (हे0 में) | जियोकोआर्डिनेटस: NORTHING | EASTING | नियमावली 1963 के अनुसूची–1 के अनुसार रायल्टी दर (रू0 प्रति घनमीटर) | खनन योग्य आकलित उपखनिज का भण्डार (घनमी0 प्रतिवर्ष) | प्रथम वर्ष में आंकलितभण्डार की कुल रायल्टी रूपयों में (कालम–10 में अंकित घनमी0 प्रतिवर्ष को कालम–9 में अंकित रायल्टी की दर से गुणा करने पर उपलब्ध सकल धनराशि) (रूपये में) | अर्नेष्टमनी (कालम 11 में अंकितसकल धनराशि का 25 प्रतिशत) (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | साधारण बालू गंगा नदी | 1501690101 | बिल्हौर | कटरीतरीपा ठकपुर | 12 लगायत 57 तक | 22.00 | A 26°41'20.46"N<br>B 26°41'20.99"N<br>C 26°41'05.92"N<br>D 26°41'10.66"N | 80°11'38.83"E<br>80°11'57.53" E<br>80°11'56.59" E<br>80°11'34.34" E | 80.00 | 3,52,000 | 2,81,60,000.00 | 70,40,000.00 |

2– उपरोक्त क्षेत्रों को ई–निविदा सह ई–नीलामी के माध्यम से पॉचवर्ष की अवधि हेतु ई–निविदाआंमत्रित की जाती है, को नियमानुसारई–निविदा प्राप्त होने पर सक्षमस्तर पर ई–नीलामी स्वीकृति पर विचार किया जायेगा–

3–ई–निविदा सह ई–नीलामी की कार्यवाही निम्नानुसार सम्पादित की जायेगी :–

| | |
|---|---|
| प्रेस विज्ञप्ति (विज्ञप्ति का प्रकाशन) | दिनांक 10.03.2026 तक |
| प्रथम चरणई–निविदा (ई–टेन्डर) की अवधि | दिनांक 18.03.2026 (पूर्वान्हः 10:00 बजे) से दिनांक 23.03.2026 (सांय 05:00 बजे) तक |
| प्रथम चरण में प्राप्त ई–निविदा (बिड) का खोला जाना एवं उसका मूल्यांकन | दिनांक 24.03.2026 (पूर्वान्हः 11:00 बजे) |
| द्वितीय चरण ई–नीलामी की अवधि। | दिनांक 24.03.2026 मध्यान्ह 01:00 बजे स 03:00 बजे तक |

3–ई–निविदा सह ई–नीलामी से सम्बन्धित सम्पूर्णप्रक्रिया एवं शर्तो की जानकारी ऑनलाइन एम0एस0टी0सी0 के ई–ऑक्षन पोर्टल www.mstcecommerce.com पर अपलोडकरा दिया गया है, जिसे सभी सम्बन्धित (इच्छुक) निविदादाता/बोलीदाता द्वारा देखा जा सकता है। उक्त से सम्बन्धित सम्पूर्णप्रक्रिया एवं शर्तो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में खनिज कार्यालय कानपुर नगर के यहां से प्राप्त की जा सकती है।

उ0प्र0 247355 दिनांक- 05.03.2026
Website: www.upgov.nic.in

**जिलाधिकारी,**
**कानपुर नगर।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत नाथूपुर विकास खण्ड चौबेपुर कानपुर नगर

पत्रांक– मेमो/ पंचम राज्यवित्त/15वां वित्त आयोग/मनरेगा/ सचिव 2025–26 दि. 06.03.2026

**अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

महामहिम राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा ग्राम पंचायत नाथूपुर विकास खण्ड चौबेपुर में पंचम/15वां वित्त/मनरेगा/आईसीडीएस/एसएलडब्लूएम के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो के कार्यस्थल पर ईट, ईट गिट्टी, सीमेन्ट, मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी, ह्यूम पाइप, इण्टर लाकिंग ईट, सरिया, टाईल्स एवं प्राक्कलन में उल्लेखित अन्य सामग्री आपूर्ति हेतु दि० 10.03.2026 को 1.00 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत नाथूपुर के कार्यालय से दिनांक 7.03.2026 से 10.03.2026 तक प्रत्येक कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। प्राप्त निविदा दि० 10.03.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत नाथूपुर में ग्राम पंचायत समिति के समक्ष खोली जायेगी। समिति को यह अधिकार होगा कि वह बिना कारण बताये निविदा को निरस्त कर सकती है।

**कार्यों का विवरण निम्नवत है–**

| क्र0 सं० | कार्य एवं कार्य स्थल का नाम | पंचम राज्य वित्त/15वाँ वित्त आयोग | मनरेगा योजना अन्तर्गत | एस आईसीडी | एसएल डब्लू एम | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंचायत घर से आर.आर.सी. सेन्टर (नाला) तक इण्टरलाकिंग व क्रांस निर्माण | प्राक्कलन के अनुसार | – | – | – | 01 माह |
| 2. | श्याम बाबू के द. से अनिल (लालू) के दरवाजे तक नाली निर्माण। | प्राक्कलन के अनुसार | – | – | – | 01 माह |

**ग्राम प्रधान– राजकुमार**
ग्राम पंचायत नाथूपुर
विकास खण्ड चौबेपुर कानपुर नगर

**ग्राम पंचायत सचिव**
ग्राम पंचायत नाथूपुर
विकास खण्ड चौबेपुर कानपुर नगर

### रेडक्रास चेयरमैन ने दंत चिकित्सकों को किया सम्मानित

फतेहपुर। डेंटिस्ट डे के अवसर पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के तत्वावधान व डॉ. सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में चेयरमैन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने दंत चिकित्सक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया। उन्होंने इंडियन डेंटल एसो. के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. विवेक श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष डॉ. सौरभ सिंह चैहान, डॉ. तारक नाथ सरकार, डॉ. रविनाथ गुप्ता, डॉ. हरीतिमा गुप्ता, डॉ. विमल सेंगर, डॉ. सौरभ गुप्ता को उनकी क्लीनिक पहुंचकर शाल व पल्स ऑक्सिमीटर भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अभिनव श्रीवास्तव व प्रेमचंद्र मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## कैबिनेट मंत्री की मौजूदगी में मना होली मिलन समारोह



-पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष का जन्मदिन भी रहा खास

**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल के आवास पर होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत में मुखलाल पाल ने कैबिनेट मंत्री का पगड़ी पहनाकर और माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने फाग टीम के ऊपर फूलों की वर्षा कर लोक संस्.ति का मान बढ़ाया। उपस्थित जनसमूह ने जमकर अबीर-गुलाल उड़ाकर आपसी भाईचारे के साथ होली का आनंद लिया।

इस अवसर पर निवर्तमान जिला अध्यक्ष मुखलाल पाल का जन्मदिवस भी धूमधाम से मनाया गया। समर्थकों और मित्रों ने केक कटवाकर, माल्यार्पण कर और प्रतीक चिह्न भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। अपने संबोधन में मुखलाल पाल ने कहा कि होली आपसी भाईचारे और सद्भावना का महापर्व है, जिसे हम सभी को एक-दूसरे के प्रति प्रेम भाव रखते हुए मनाना चाहिए। समारोह में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह, समाजसेवी गोपाल गुप्ता, राकेश वर्मा एड., पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमित शिवहरे, अजय सिंह उर्फ रिंकू लोहारी, व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश दुबे, मनोज मिश्रा, स्वरूप राज सिंह जूली, विवेक श्रीवास्तव, मनोज गांधी, देवनाथ धाकड़े, सीमू सिंह चंदेल, नीरज सिंह, सीपीएस के प्रबंधक संजय श्रीवास्तव, विक्रम सिंह चंदेल, अभिषेक श्रीवास्तव, प्रदीप गर्ग, भारत श्रीवास्तव, राजेश सिंह, चंदन सिंह, नितिन सिंह, शिंपू शिवहरे, विवेक नागर, विनय तिवारी, नीलू तिवारी और स्वाती ओमर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डिजिटल होगी 2027 की जनगणना, 22 मई से शुरू होगा मकानों का सूचीकरण



**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** भारत की जनगणना-2027 को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। विकास भवन सभागार में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) डॉ. अविनाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान एडीएम ने बताया कि 1872 से जारी श्रृंखला में यह 16वीं और स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना होगी। खास बात यह है कि यह देश की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना होगी, जिसमें डेटा संग्रह के लिए प्रगणकों द्वारा स्मार्टफोन और समर्पित मोबाइल ऐप का उपयोग किया जाएगा।

दो चरणों में पूरी होगी प्रक्रियाः जनगणना की समय-सारणी स्पष्ट करते हुए डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि यह कार्य दो चरणों में संपन्न होगा। प्रथम चरण 22 मई से 20 जून 2026 तक चलेगा, जिसमें मकानों का सूचीकरण और गणना की जाएगी। इसके लिए स्व-गणना का विकल्प 07 मई से 21 मई 2026 तक खुला रहेगा। वहीं, द्वितीय चरण 9 से 28 फरवरी 2027 तक आयोजित होगा, जिसकी मुख्य संदर्भ तिथि 01 मार्च 2027 निर्धारित की गई है। डिजिटल मोड में होने के कारण इसकी निगरानी सीएम एमएस पोर्टल के माध्यम से सीधे की जाएगी।

डेटा की गुणवत्ता पर जोरः प्रशिक्षण में जनगणना कार्य निदेशालय (लखनऊ) के उप निदेशक अजय कुमार ने चार्ज अधिकारियों, तहसीलदारों और अधिशासी अधिकारियों को उनके दायित्वों के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में भवनों की पहचान के साथ-साथ मकान की निर्माण सामग्री (फर्श, दीवार, छत), पेयजल स्रोत और शौचालय जैसी सुविधाओं का डेटा एकत्र किया जाएगा। अपर जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि डेटा पूरी तरह त्रुटि रहित होना चाहिए और गणना के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इस अवसर पर उपजिलाधिकारी खागा व बिन्दकी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला सूचना विज्ञान अधिकारी आदि मौजूद रहे। साथ ही सभी तहसीलों के तहसीलदार, नायब तहसीलदार और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भी प्रशिक्षण प्राप्त किया ताकि जनपद में डिजिटल जनगणना के कार्य को सुचारू और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया जा सके।

# राष्ट्रकवि सोहनलाल द्विवेदी की जयंती पर दी गई भावांजलि

**-देशप्रेम की कविताओं को किया गया याद**



**बिंदकी (फतेहपुर) स्वतंत्र भारत ब्यूरो।** हिन्दी राष्ट्रभाषा के सुप्रसिद्ध कवि और पद्मश्री से अलं.त राष्ट्रकवि पं. सोहनलाल द्विवेदी की जयंती के अवसर पर बिंदकी कस्बे में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। गुरुवार सुबह रामलीला मैदान के समीप स्थित पुस्तकालय एवं वाचनालय परिसर में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान उपस्थित गणमान्य नागरिकों और परिजनों ने राष्ट्रकवि के व्यक्तित्व एवं .तित्व पर विस्तार से चर्चा की और देश के प्रति उनके योगदान को याद किया।

वक्ताओं ने कहा कि पं. सोहनलाल द्विवेदी की रचनाएं गांधीवाद से प्रेरित थीं और उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान युवाओं में देशभक्ति का जबरदस्त जज्बा पैदा किया था। उनकी प्रसिद्ध .तियां जैसे भैरवी, पूजा गीत, प्रभाती, युगाधार, विषपान और बच्चों के लिए दूध बताशा आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं। उनकी कालजयी पंक्तियों चल पडे जिधर दो डगमग पग, चल पडे कोटि पग उसी ओर और वंदना के इन स्वरों में एक स्वर मेरा मिला लो का उल्लेख करते हुए उन्हें युग अवतार गांधी का सच्चा उपासक बताया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगरपालिका परिषद बिंदकी की चेयरमैन राधा साहू, पूर्व चेयरमैन मुन्नालाल सोनकर और भाजपा मंडल अध्यक्ष पूरन सिंह मौजूद रहे। इस अवसर पर राष्ट्रकवि के पौत्र मुकेश द्विवेदी, पौत्री आकांक्षा द्विवेदी, पौत्रवधू शालिनी द्विवेदी सहित चेयरमैन पति रामकुमार साहू, भाजपा नेत्री स्वाती ओमर, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुल्तान सिंह, अधिवक्ता अरुण द्विवेदी और समाजसेवी लक्ष्मी चंद्र उर्फ मोना ओमर ने भी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। साथ ही अशोक द्विवेदी, अनूप अग्रवाल, कल्लू शुक्ला, सुरेश गुप्ता और गुड्डन मिश्रा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

राष्ट्रकवि के पौत्र मुकेश द्विवेदी ने बताया कि इस वर्ष जयंती के समय होली का त्यौहार पड़ने के कारण कार्यक्रम को संक्षिप्त रखा गया है। उन्होंने जानकारी दी कि 10 मार्च के बाद राष्ट्रकवि पंडित सोहनलाल द्विवेदी की जयंती का मुख्य और विधिवत कार्यक्रम बड़े स्तर पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें साहित्य प्रेमियों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया जाएगा।

## फिट इंडिया महिला सप्ताह का आयोजन शुरू

**फतेहपुरस्वतंत्र भारत ब्यूरो ।** खेल निदेशालय के निर्देशानुसार स्पोर्ट्स स्टेडियम स्थित खेलो इंडिया केन्द्र पर फिट इंडिया महिला सप्ताह का आयोजन शुरू हो गया। जो 08 मार्च तक चलेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं में फिटनेस, स्वास्थ्य जागरूकता, आत्मरक्षा व आत्मविष्वास को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के अंतर्गत योग, फिटनेस गतिविधियां, जागरूकता सत्र, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, साइक्लिंग वॉक तथा सामुदायिक सहभागिता से संबंधित विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, साइबर सुरक्षा से संबंधित जानकारी भी प्रदान की जाएगी। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने जनपद की सभी महिलाओं, बालिकाओं, छात्राओं, खेल प्रेमियों एवं नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर इस अभियान को सफल बनाएं और फिट इंडिया आंदोलन को आगे बढ़ाएं।

## पुलिस टीम पर हमला करने वाले मुख्य आरक्षी समेत 13 आरोपी गिरतार, भेजा गया जेल

**बिंदकी (फतेहपुर) स्वतंत्र भारत ब्यूरो ।** कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के छोटेलालपुर गांव में राहगीरों से अभद्रता का विरोध करने पर पुलिस टीम पर हमला करने वाले 13 आरोपियों को पुलिस ने गिरतार कर लिया है। गिरतार किए गए अभियुक्तों में कौशांबी जनपद में तैनात मुख्य आरक्षी अखिलेश सिंह भी शामिल है, जो छुट्टी पर घर आया था और आरोप है कि उसने ही ग्रामीणों को पुलिस के खिलाफ उकसाया था। गुरुवार को सभी आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय पेश किया गया, जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया।

घटनाक्रम के अनुसार, बुधवार शाम छोटेलालपुर गांव के पास फरीदपुर-मंडराव मार्ग पर कुछ ग्रामीण राहगीरों से अपशब्द बोल रहे थे। सरकंडी चैकी इंचार्ज प्रमोद सिंह ने जब उन्हें टोकने का प्रयास किया, तो ग्रामीण उनसे उलझ गए और उनकी वर्दी फाड दी। सूचना मिलने पर जब वरिष्ठ उपनिरीक्षक अतिरिक्त पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, तो ग्रामीणों ने संगठित होकर पूरी टीम पर हमला बोल दिया। इस हिंसक झड़प में वरिष्ठ उपनिरीक्षक वृंदावन राय, चैकी इंचार्ज प्रमोद सिंह और सिपाही रामप्रकाश व रमाकांत गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका मेडिकल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में कराया गया।

चैकी इंचार्ज की तहरीर पर पुलिस ने 10 पुरुषों और 03 महिलाओं सहित कुल 13 नामजद और 20-25 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी मुख्य आरक्षी अखिलेश सिंह, तेज बहादुर, मुकेश कुमार, पंकज कुमार, वीरू, प्रीत, अवनीश, सोनू, विजय कुमार, सुशील, श्रीमती सोनी देवी, प्रीति देवी और श्रीमती मीता देवी को गिरतार कर लिया। पुलिस के अनुसार, एक अनुशासित विभाग का हिस्सा होने के बावजूद अखिलेश सिंह ने ग्रामीणों को कानून हाथ में लेने के लिए प्रेरित किया, जिसे गंभीरता से लिया गया है।

गिरतार करने वाली टीम में अपराध निरीक्षक सुरेश सिंह चैहान, वरि. उपनिरीक्षक वृंदावन राय, उप निरीक्षक रंजीत कुमार पांडेय, सिपाही दीपक कुमार और महिला सिपाही प्रतिमा, रश्मि पटेल व रीता पाल शामिल रहीं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ड्यूटी पर तैनात कर्मियों के साथ अभद्रता और हमला करने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शेष अज्ञात हमलावरों की पहचान के लिए भी प्रयास जारी हैं।

## प्रेमी के साथ गई युवती ने मांगी सुरक्षा

- आत्महत्या करने पर जिम्मेदार होंगे थानेदार

**फतेहपुर स्वतंत्र भारत ब्यूरो।** जाफरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती 26 मार्च को अपने प्रेमी के साथ रफूचक्कर हो गई थी। उधर खोजबीन में जुटे परिजनों ने युवती को नाबालिक बताते हुए अपने ही 04 रिश्तेदारों के विरुद्ध बहला फुसलाकर भगा ले जाने और उसका सहयोग करने का आरोप लगा थाने में रेहान रजा, नौशाद कसाई, जुग्गन, फखरुद्दीन निवासी गढ़ी खूंटा के विरुद्ध मुकदमा पंजी.त करवाया। उधर जैसे ही मुकदमे की भनक युवती को लगी तो उसने लगातार दो वीडियो और अपना जन्म प्रमाणपत्र सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया और गुहार लगाई कि परिजनों और थानेदार से लड़के व लड़के के परिजनों को खतरा है। ऐसी दशा में यदि वो आत्महत्या करती है तो उसके जिम्मेदार थाना प्रभारी धनंजय सरोज होंगे। आरोप है कि वीडियो वायरल होने के बाद थाना प्रभारी ने लड़के के मामी, 70 वर्षीय नानी, 11-12 वर्षीय दो छात्राओं के विरुद्ध घर में घुसकर मारपीट करने व जान से मार देने की धमकी देने सहित गंभीर आरोपों में दोबारा मुकदमा पंजी.त किया है। थाना प्रभारी धनंजय सरोज ने बताया कि आधारकार्ड में नाबालिक होने की वजह से मुकदमा पंजी.त किया गया है। मामले की जांच की जा रही है, विधिसंगत कार्यवाही की जाएगी।

## अनियंत्रित पिकअप पलटने से पांच लोग घायल

फतेहपुर। बकेवर थाना क्षेत्र के जहानाबाद रोड चैराहे पर अनियंत्रित पिकअप पलट गया। जिससे पिकअप पर सवार पांच लोग दबकर घायल हो गई। घायल अवस्था में उसको इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मऊ निवासी अनियंत्रित पिकअप पलटने से करीब आधा दर्जन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए जिसमें हिमांशु 13 वर्ष, फूलचंद 50 वर्ष, छेदीलाल 18 वर्ष शिव भवन 48 वर्ष गम्भीर रूप घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची 108/102 एंबुलेंस के माध्यम से नजदीक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों द्वारा सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया, वही 108 एंबुलेंस के माध्यम से शिव भवन की हालत नाजुक बताते हुए चिकित्सक द्वारा जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# अमर षहीद ठा. दरियाव सिंह का मनाया बलिदान दिवस

**- कवि सम्मेलन में कवि एवं साहित्यकारों ने बांधी समा**




**खागा, (फतेहपुर)स्वतंत्र भारत ब्यूरो ।** अमर शहीद ठाकुर दरियाव सिंह का बलिदान दिवस स्मारक स्थल पर मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक .ष्णा पासवान, विशिष्ट अतिथि साहित्यकार गया प्रसाद सनेही व चेयरमैन गीता सिंह रहीं। संचालन महेंद्र नाथ त्रिपाठी ने किया। समिति के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार सिंह की पुस्तक राजनीति का धर्म और धर्म की राजनीति का विमोचन किया गया। समिति के मंत्री राम प्रताप सिंह व अशोक सिंह ने ठाकुर दरियाव सिंह और उनके पुत्र सुजान सिंह के संघर्ष और उनके बलिदान पर प्रकाश डाला। जिला जेल में समिति के मंत्री राम प्रताप सिंह के नेतृत्व में बलिदान दिवस का कार्यक्रम किया गया। इसमें संगठन मंत्री ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, धर्मेंद्र सिंह रहे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के उपरांत कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। संयोजक समिति के उपाध्यक्ष महेंद्र नाथ त्रिपाठी रहे। कवियों में शिवकिशोर तिवारी खंजन बाराबंकी, दुष्यंत शुक्ल सिंघनादी, शिवशरण बंधु फतेहपुर, हरिबहादुर सिंह हर्ष प्रतापगढ़, अभिजीत मिश्र प्रयागराज, मोहित तिवारी खागा आदि ने अपनी काव्यधारा से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर अजय त्रिपाठी, परमहंस सिंह, राजेन्द्र सिंह, फूलचंद्र पाल, रामरूप सिंह, श्याम सनेही गुप्त, नरेन्द्र सिंह, हीरालाल गुप्त, रामचंद्र, उमेश मौर्य, गजेंद्र सिंह, सुभाष मौर्य, योगेंद्र कुमार, रामलखन त्रिपाठी, शिवकरण, रामचंद्र सिंह, शिव बहादुर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# दिवंगत सैनिक के घर पर दबंगों का तांडव, जेसीबी से ढहाया दो मंजिला मकान

**– 24 घंटे में प्राथमिकी न होने पर अनशन की चेतावनी**



**फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)।** जनपद में खाकी और प्रशासन के इकबाल को चुनौती देते हुए भूमाफियाओं के दुस्साहस का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के रेवाडी खुर्द गांव में भारतीय थल सेना के दिवंगत हवलदार संजय कुमार सिंह के पैतृक आवास को दबंगों ने न केवल जमींदोज कर दिया, बल्कि लाखों की लूटपाट कर पीडित परिवार को बेघर कर दिया। न्याय न मिलने से क्षुब्ध पीडिता ने अब आर-पार की लडाई का ऐलान कर दिया है।

घटना बीते 25 फरवरी दोपहर की है। पीडिता शशि देवी के अनुसार, पडोसी गांव के दबंग विजय करन सिंह और करन सिंह अपने दर्जनों साथियों के साथ लाइसेंसी राइफल और रिवाल्वर लेकर उनके गांव पहुंचे। दबंगों ने सरेआम असलहे लहराकर ग्रामीणों को आतंकित किया और दिवंगत सैनिक के बंद पडे दो मंजिला मकान को उत्खनन मशीन (जेसीबी) लगाकर गिराना शुरू कर दिया। आरोप है कि हमलावर घर में रखा लगभग 5 लाख रुपये का सामान ट्रैक्टर-ट्रॉली में लादकर लूट ले गए।हैरानी की बात यह है कि जिस मकान को दबंगों ने ताश के पत्तों की तरह ढहा दिया, उसमें पिछले 50 वर्षों से सरकारी राशन की दुकान भी संचालित हो रही थी। जब पीडिता के देवर इकबाल सिंह ने इस अवैध .त्य का विरोध किया, तो आरोपियों ने उन पर राइफल तानकर जान से मारने की धमकी दी। हालांकि, ग्रामीणों के एकजुट होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए, लेकिन ग्रामीणों ने अदम्य साहस दिखाते हुए मौके पर मौजूद मशीन के टायरों की हवा निकालकर उसे वहीं रोक लिया।घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई न किए जाने से पीडित परिवार और ग्रामीणों में भारी रोष है। पीडिता शशि देवी ने पूर्व सैनिक संगठन के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। पीडिता का आरोप है कि उन्होंने कल्याणपुर थाने से लेकर जिले के आला अधिकारियों तक शिकायत की, लेकिन दबंगों के रसूख के आगे पुलिस अब तक मौन है।अब यह मामला तूल पकडता जा रहा है। पीडिता ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि आरोपी अब उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाने और जान से मारने की लगातार धमकियां दे रहे हैं। शशि देवी ने दो-टूक शब्दों में कहा है कि यदि 24 घंटे के भीतर आरोपियों के विरुद्ध कठोर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर गिरतारी नहीं की गई, तो वह अपने बच्चों के साथ आमरण अनशन करने को मजबूर होंगी।

## खबर एक नज़र

### बिजली के पोल की चिंगारी से चार दुकानों में भीषण आग

-गैस सिलेंडर फटने से मचा हडकंप

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बिंदकी (फतेहपुर)** । कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के खजुहा कस्बे स्थित पहुर तिराहे पर बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात बिजली के खंभे से गिरी चिंगारी ने भारी तबाही मचाई। शार्ट सर्किट से निकली चिंगारी की चपेट में आने से चार दुकानें जलकर राख हो गई। आग की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक दुकान में रखा गैस सिलेंडर श्आग का गोलाश् बनकर फट गया, जिसके धमाके की गूंज दूर-दूर तक सुनी गई। लाखों की संपत्ति जलकर स्वाहाः आग की इस घटना में जोगापुर निवासी पंकज की चाय-चाट और बताशा कैंटीन पूरी तरह नष्ट हो गई। वहीं, खजुहा निवासी धुन्नर की शादी-विवाह के सजावटी सामान और फूलमाला की दुकान भी आग की भेंट चढ़ गई। इसके अलावा, मोहित की मैंगो जूस की दुकान और पान-मसाला की एक गुमटी भी जलकर खाक हो गई। गनीमत रही कि आधी रात का समय होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन दुकानदारों की लाखों रुपए की संपत्ति जलकर बर्बाद हो गई। सिलेंडर ब्लास्ट से दहशतः मौके पर मौजूद लोगों के अनुसार, आग लगने के कुछ ही देर बाद दुकान में रखा गैस सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। पीड़ितों ने शासन-प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

### बुंदेलखंड राष्ट्र समिति ने बलिदान दिवस पर दोहराई मांग

- अमर शहीद दरियाव सिंह के नाम पर खागा को बनाया जाए जिला

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, खागा, (फतेहपुर)।** 1857 की क्रांति के अमर बलिदानी अमर शहीद ठा. दरियाव सिंह के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने कहा कि उनके बलिदान को केवल स्मरण करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके नाम और इतिहास को आने वाली पीढ़ियों तक सम्मानपूर्वक पहुंचाना भी हमारा कर्तव्य है। बताया कि आज ही के दिन 6 मार्च 1858 को अंग्रेजी हुकूमत ने जिला जेल में स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी ठा. दरियाव सिंह सहित सात क्रांतिकारियों को फांसी दे दी थी। इनमें उनके पुत्र ठा. सुजान सिंह, भाई ठा. निर्मल सिंह, भतीजे ठा. बख्तावर सिंह तथा क्रांतिकारी ठा. रघुनाथ सिंह, ठा. तुरंग सिंह और जमरावां के ठा. शिवदयाल सिंह रघुवंशी शामिल थे। इन वीरों ने मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। प्रवीण पांडेय ने समाज और सरकार से 03 प्रमुख संकल्प लेने की अपील की। कहा कि अगले बलिदान दिवस से पहले खागा तहसील को अमर शहीद ठा. दरियाव सिंह नगर के रूप में जिला बनाया जाए, ताकि इस क्षेत्र के महान बलिदानी को स्थायी सम्मान मिल सके। मांग किया कि अमर शहीद ठा. दरियाव सिंह का इतिहास विद्यालयों और विष्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए, जिससे नई पीढ़ी अपने क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान से परिचित हो सके। किशनपुर-रामपुर क्षेत्र में यमुना किनारे लगभग 80 बीघा भूमि पर अमर शहीद .षि महाविद्यालय की स्थापना की जाए, जिससे क्षेत्र के युवाओं और किसानों को आधुनिक .षि शिक्षा प्राप्त हो सके और क्षेत्र का विकास भी सुनिश्चित हो।

### कृषि यंत्रीकरण योजना-ई-लाटरी से कृषकों का हुआ चयन

- पंजीकृत फर्म से खरीद कर पोर्टल पर बिल करें अपलोड

फतेहपुर (स्वतंत्र भारत ब्यूरो)। मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में .षि यंत्रीकरण योजना के अंतर्गत गठित जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष वर्ष 2025-26 में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइनजेशन योजना एवं प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इन सीटू मैनेजमेन्ट आफ क्राप रेजीड्यू (सीआरएम) योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में अनुदान पर यंत्र क्रय करने हेतु 25 फरवरी से 04 मार्च के मध्य आनलाइन बुकिंग करने वाले .षकों का चयन ई-लॉटरी के माध्यम से विकास भवन सभागार में किया गया।

उप निदेशक .षि ने बताया कि इन-सीटू एवं एसएमएएम योजनान्तर्गत विभिन्न प्रकार .षि यंत्रों के लक्ष्य के सापेक्ष 55 किसानों ने विभिन्न प्रकार के .षि यंत्रों की बुकिंग की गई, जिसके सापेक्ष 13 किसानों का ई-लॉटरी के माध्यम से विभिन्न प्रकार के .षि यन्त्रों के लाभार्थियों का चयन किया गया। जिसमें 01 आलू खुदाई मशीन, 01 मल्टीक्राप थ्रेसर, 01 लेजर लैण्ड लेवलर, 01 ऑयल मिल विद फिल्टर प्रेस, 01 पावर वीडर, 01 पावर चैफ कटर, 02 आलू बुवाई मशीन, 02 ट्रैक्टर माउन्टेन स्प्रेयर, 01 श्रब मास्टर, 01 क्राप रीपर एवं 01 हैप्पी सीडर हेतु .षकों का चयन किया गया। इसके अतिरिक्त 14 किसानों का लक्ष्य के बराबर बुकिंग होने के कारण निदेशालय स्तर से 05 मार्च को स्वतः चयन किया गया है, जिसमें 01 किसान ड्रोन, 01 रोटावेटर, 01 स्ट्रा रीपर, 02 पावर टिलर, 01 सुपर सीडर, 02 सीड कम फर्टीलाइजर ड्रिल, 02 बेलिंग मशीन, एवं 04 स्ट्रा रेक का चयन किया गया है।

उप .षि निदेशक ने कहा कि .षि विभाग द्वारा चयनित .षकों को .षि यंत्र मानक के अनुरूप नियमानुसार पंजी.त फर्म से खरीद कर अतिशीघ्र निर्धारित समय सीमा के अन्दर दर्शन 2.0 पोर्टल पर बिल अपलोड करना सुनिश्चित करें जिससे अतिशीघ्र सत्यापन के बाद अनुदान की धनराशि प्रेषित किया जा सके। इसके अतिरिक्त किसानों को यह भी बताया गया कि .षि यंत्र क्रय करने से पूर्व मूल्य का 50 प्रतिशत धनराशि विक्रेता के खाते में स्वयं के बैंक खाते से ही ट्रान्सफर किया जाये। सत्यापन के समय यंत्र विक्रेता फर्म के खाते में प्रेषित धनराशि का साक्ष्य लिया जायेगा। .षि यंत्र क्रय करने से सम्बन्धित किसी भी अन्य प्रकार की जानकारी किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। इस दौरान समिति के सदस्य उप .षि निदेशक/जिला .षि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, एलडीएम, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, उप सम्भागीय .षि प्रसार अधिकारी, प्रगतिशील .षक, सेल्फ हेल्प ग्रुप के प्रतिनिधि, विभिन्न विकास खण्डों के यंत्र बुकिंग करने वाले किसान उपस्थित रहे।

### महिला जनसुनवाई नौ को

फतेहपुर। जिला प्रोबेशन अधिकारी ऋषान्त कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति द्वारा महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा, महिला जनसुनवाई, जागरूकता चैपाल, निरीक्षण आदि किया जाना है। महिला जनसुनवाई नौ मार्च को पूर्वान्ह ग्यारह बजे सदस्य द्वारा पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस (सर्किट हाउस) जीटी रोड में की जाएगी।

### ई-रिक्षा व बाइक की भिड़ंत में कई घायल

फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम बगहा के समीप गुरूवार की षाम ई-रिक्षा व बाइक की भिड़ंत में परिवार सहित चालक व बाइक सवार घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार मलवां थाना क्षेत्र के षमषेरपुर गांव निवासी राजाराम का 42 वर्शीय पुत्र सुरेष अपनी पत्नी सीता 40 वर्श, पुत्र रिंकू 10 वर्श, पुत्री नेहा 14 वर्श, ई-रिक्षा चालक होरीलाल के साथ रिष्तेदारी में असोथर जा रहे थे। जैसे ही ई-रिक्षा बगहा के समीप पहुंचा तभी सामने से तेज रतार आ रही बाइक से सीधी टक्कर हो गई। जिससे सुरेष व पूरा परिवार सहित ई-रिक्षा चालक सहित बाइक सवार घायल हो गया। सरकारी एंबुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

### अज्ञात शव की हुई षिनाख्त

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के ग्राम एकारी के समीप रेलवे ट्रैक से ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने दो दिन पूर्व 50 वर्शीय अज्ञात महिला का शव बरामद कर विच्छेदन गृह भेजा था। जहां वीडियो वायरल होने पर मृतका की पुत्री राखी देवी ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर शव की शिनाख्त अपनी मां ओमवती पत्नी मूलचन्द्र गुप्ता निवासी अंदौली पुलिया के रूप में करते हुए बताया कि उसकी मां का 08 वर्शों से मानसिक संतुलन ठीक नहीं था और 01 मार्च को सुबह दस बजे वह घर से निकल गई थीं। काफी ढूढ़ने पर कोई सुराग न लगा। गुरूवार को वीडियो वायरल होने पर उसने शव की शिनाख्त की है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# आंखों के लिए खतरनाक हैं ये आदतें

आजकल बच्चों के नजरों की सेहत पर असर डालने वाली कई आदतें आम हो गई हैं। बदलते समय के साथ बच्चों की लाइफस्टाइल में बदलाव आया है, जो उनकी आंखों की सेहत पर असर डाल रहा है। लंबे समय तक मोबाइल, कंप्यूटर, और टीवी की स्क्रीन के सामने बैठना, सही आहार न लेना और नींद की कमी जैसी आदतें बच्चों की आंखों के लिए खतरनाक साबित हो सकती हैं। लेकिन अगर कुछ सरल कदम उठाए जाएं, तो बच्चों की नज़रों को सुरक्षित रखा जा सकता है और उन्हें चश्मा लगाने से बचाया जा सकता है।आइए जानते हैं वे 8 आदतें, जो बच्चों की आंखों के लिए खतरनाक हो सकती हैं, और साथ ही हम कुछ आसान तरीके भी जानेंगे, जिससे बच्चों की नजरों की सुरक्षा की जा सकती है।



**लंबे समय तक मोबाइल या स्क्रीन का इस्तेमाल**

बच्चों की सबसे बड़ी आदत, जो उनकी आंखों के लिए खतरनाक हो सकती है, वह है लंबे समय तक मोबाइल, लैपटॉप या टीवी पर स्क्रीन देखना। इससे आंखों पर दबाव पड़ता है, जिससे नजर कमजोर हो सकती है। यह ब्लू लाइट की वजह से आंखों की पुतली पर असर डालता है और नजर में समस्या पैदा कर सकता है। क्या करें? बच्चों को स्क्रीन टाइम को सीमित करें। 20-20-20 नियम अपनाएं हर 20 मिनट में 20 सेकंड के लिए किसी दूर की चीज को देखें, ताकि आंखों को आराम मिले। अगर बच्चे अंधेरे में पढ़ाई करते हैं या मोबाइल और टीवी स्क्रीन देखते हैं, तो उनकी आंखों पर ज्यादा तनाव पड़ता है। इससे आंखों में जलन, दर्द, और थकान हो सकती है। क्या करें? बच्चों को पर्याप्त रोशनी में पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करें। हमेशा कमरे में हल्की रोशनी रखें जब बच्चे स्क्रीन का इस्तेमाल करें।

**खराब आहार** –बच्चों का आहार उनकी आंखों की सेहत को प्रभावित करता है। अगर बच्चे सही पोषक तत्वों का सेवन नहीं करते, जैसे कि विटामिन, , ष्ट, और ओमेगा-3, तो उनकी आंखों की सेहत पर असर पड़ सकता है। क्या करें? बच्चों को हरी पत्तेदार सब्जियां, गाजर, टमाटर, और मछली जैसे पोषक तत्वों से भरपूर आहार दें। फलों और सब्जियों का सेवन बढ़ाएं, जिससे उनकी आंखों की सेहत में सुधार हो।

**पर्याप्त नींद न लेना** – नींद की कमी से बच्चों की आंखों पर बुरा असर पड़ सकता है। जब शरीर और आंखें पूरी तरह से आराम नहीं करतीं, तो उनकी नजर कमजोर हो सकती है और उनकी आंखों में सूजन और जलन हो सकती है। क्या करें? बच्चों को रोज 8-10 घंटे की नींद लेने के लिए प्रेरित करें। सोने से पहले स्क्रीन का इस्तेमाल कम करें, ताकि उनकी नींद पर कोई असर न पड़े।

**पानी की कमी**- आंखों को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी है। अगर बच्चों को पर्याप्त पानी नहीं मिलता, तो उनकी आंखों में सूखापन हो सकता है, जिससे नजर कमजोर हो सकती है। क्या करें? बच्चों को नियमित रूप से पानी पीने के लिए कहें। पानी के अलावा, उनके आहार में पानी वाली चीजें जैसे खीरा, तरबूज, और नारियल पानी शामिल करें।

**धूप में बिना चश्मे के बाहर जाना**- बच्चे अक्सर बिना धूप का चश्मा पहने बाहर खेलते हैं। सूरज की तेज रोशनी में आंखों में जलन और नजर की समस्या हो सकती है। क्या करें? बच्चों को धूप में बाहर जाते समय हमेशा सनग्लासेस पहनने के लिए कहें। उन्हें धूप में अधिक समय तक न रहने के लिए भी समझाएं। **आंखों की सफाई न करना**- बच्चों के आंखों को साफ रखना बहुत जरूरी है। अगर वे अपनी आंखों को बार-बार हाथों से छूते हैं, तो उनकी आंखों में बैक्टीरिया और गंदगी जा सकती है, जिससे संक्रमण हो सकता है। क्या करें? बच्चों को आंखों को हाथों से न छूने की आदत डालें। आंखों को साफ और स्वच्छ रखने के लिए उन्हें आंखों को धोने के लिए कहें। **जरूरत के बावजूद चश्मा न लगाना** – अगर डॉक्टर ने बच्चे को चश्मा पहनने की सलाह दी है और वह इसे नजरअंदाज करता है, तो उसकी दृष्टि और खराब हो सकती है। अंधेरे या कम रोशनी में पढ़ने से आंखों पर अनावश्यक दबाव पड़ता है और सिरदर्द व थकान बढ़ती है।

# अगर चाहते हैं सफल भविष्य, तो अपने बच्चों से कभी न कहें ये झूठ



हर अभिभावक के लिए बच्चों का सही पालन पोषण प्राथमिकता होती है। बच्चे के लिए उनके अभिभावक हर चीज अच्छी ही चाहते हैं। बच्चे की ख्वाहिश पूरी करना, उनके चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए अभिभावक बहुत कुछ करते हैं। हालांकि, कई बार माता-पिता बच्चों को सही रास्ते पर लाने के लिए कुछ ऐसे झूठ भी बोलते हैं, जिससे वह काफी डर जाते हैं और इसका प्रभाव उनके मन पर काफी गहरा होता है।

बच्चों की परवरिश में ईमानदारी और सच बोलने की आदत डालना बेहद जरूरी है। यदि माता-पिता बार-बार झूठ बोलते हैं, तो इससे बच्चों की मानसिकता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है और वे भी झूठ बोलने की प्रवृत्ति अपना सकते हैं। यहां पांच ऐसे झूठ बताए गए हैं, जिन्हें माता-पिता को अपने बच्चों से कहने से बचना चाहिए।

**1. अगर तुमने यह नहीं किया तो पुलिस पकड़ ले जाएगी**- बच्चों को डराकर अनुशासन में रखने की कोशिश करना सही तरीका नहीं है। इससे उनका आत्मविश्वास कमजोर हो सकता है और वे डर के कारण निर्णय लेने लगते हैं, जो आगे चलकर उनके व्यक्तित्व पर असर डाल सकता है।

**2. मम्मी-पापा सिर्फ अच्छे बच्चों से प्यार करते हैं**- यह झूठ बच्चों के मन में असुरक्षा की भावना पैदा कर सकता है। माता-पिता का प्यार बिना शर्त होना चाहिए, ताकि बच्चे खुद को स्वीकार्य और सुरक्षित महसूस करें।

**3. अगर अच्छे नंबर नहीं आए तो तुम कुछ नहीं बनोगे**- बच्चों को यह समझाना जरूरी है कि सफलता केवल नंबरों पर निर्भर नहीं करती, बल्कि मेहनत, कौशल और आत्मविश्वास भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं।

**4. रोना कमजोर होने की निशानी है**- बच्चों को अपनी भावनाएं व्यक्त करने की स्वतंत्रता होनी चाहिए। उन्हें यह समझाने की जरूरत है कि रोना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है और इससे भावनात्मक मजबूती भी मिलती है।

# जिगरी दोस्त

कहानी



एक गांव में रोहित और सूरज दो जिगरी दोस्त रहा करते थे। गांव में उनके लिए कोई अच्छा काम नहीं था। इशलिये वो दोनों शहर जाकर काम करने का सोचा और अगले दिन काम की तलाश में निकल गए शहर की ओर। शहर गांव से बहोत दूर था। कई घंटों चलने के बाद दोनों दोस्त एक पेड़ के निचे आराम करने के लिए बैठे। रोहित सूरज से कहने लगा शहर अभी भी 4-5 किलोमीटर दूर है। लेकिन सूरज ने कहा, नहीं शहर मात्र 2-3 किलोमीटर दूर है। इसी बात पे दोनों में बहस होने लगी। अचानक सूरज ने रोहित को जोर से एक चाटा मार दिया। रोहित शांत स्वभाब का था इशलिये उसने सूरज से कुछ नहीं कहा और एक लकड़ी लेकर जमीन पर लिखने लगा-आज मेरा जिगरी दोस्त ने मुझे चाटा मारा। फिर दोनों शहर की ओर चल दिए। अब कोई किसी से बात नहीं कर रहा था। रास्ते में एक छोटी सी नदी आई जिसे उनको पार करके जाना था। सबसे पहले रोहित नदी में उतरा और उसका पैर दलदल में फस गया। उसने सूरज से मदद मांगी और सूरज जल्दी से भाग के रोहित के पास गया और उसे दलदल से बाहर निकला। फिर दोनों एक साथ नदी पार किया। कुछ दूर जाने के बाद रोहित को एक दिवार नजर आया। उसने एक पत्थर ढूंढ के दिवार पर लिखने लगा - आज मेरे जिगरी दोस्त ने मेरी जान बचाई। ये देखकर सूरज रोहित से कहने लगा, जब मैंने तुम्हे थप्पड़ मारा तो तुमने वहींपर जमीन में उस बात को लिख दिया। और अपनी जान बचाने की बात तो तुम नदी के किनारे भी लिख सकते थे, तो इतनी दूर इस दिवार पर क्यों लिखा? तब रोहित ने जवाब दिया की किसी की बुरी बातें या बुरा करा कुछ भी अपने मन में जमा करके नहीं रखना चाहिए। इससे उस इंसान के प्रति हमारे मन में नफरत पैदा होती है। इसीलिए जब तुमने मुझे थप्पड़ मारा तो मैंने उसे जमीन पर लिख दिया। क्यों की कुछ देर बाद हवा चलेगी और वो लिखावट मिट जाएगी। लेकिन किसी की मदद को कभी भूलना नहीं चाहिए, उसे हमेशा याद रखना चाहिए। इसीलिए मैंने तुम्हारी की हुई मदद को नदी के किनारे नहीं लिखा और यहाँ इस दिवार पर लिख दिया ताकि ये बहोत दिन तक यहाँ लिखा रहे। रोहित की जवाब सुनकर सूरज खुश हो गया और रोहित को गले से लगा लिया। फिर दोनों हस्ते हस्ते एक साथ शहर की ओर जाने लगे।

**शिक्षा**- इस छोटी सी कहानी से हमें ये सीख मिलती है की हमेशा दुसरो की अच्छाई को अपने दिल में जगह देनी चाहिए, इससे हमारे रिश्ते उस इंसान के साथ अच्छे रहते है।

# मोबाइल की लत से बच्चों में बढ़ रहा मोटापा

डिजिटल युग में बच्चों का खेल-कूद कम हो रहा है और मोबाइल, टैबलेट जैसी स्क्रीन डिवाइस की लत बढ़ रही है। हाल ही में प्रकाशित राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है कि भारत में पिछले दस वर्षों में पांच साल से कम उम्र के बच्चों में मोटापे की दर 100त्न से अधिक बढ़ गई है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि 2030 तक भारत में लगभग 2.7 करोड़ बच्चे मोटापे की समस्या का सामना कर सकते हैं। बच्चों में बढ़ते मोटापे के पीछे तीन मुख्य कारण माने जा रहे हैं- स्क्रीन टाइम की लत, प्रोसेस्ड फूड का अधिक सेवन और गलत धारणाएं।

**मैदानों की जगह स्क्रीन**- आजकल बच्चे खेल के बजाय अधिकतर समय मोबाइल और टैबलेट पर बिताते हैं। पांच साल से छोटे बच्चों को प्रतिदिन कम से कम 60 मिनट की शारीरिक गतिविधि करनी चाहिए, लेकिन स्क्रीन टाइम की वजह से यह संभव नहीं हो पा रहा। स्क्रीन देखते समय अनजाने में भोजन करना भी बच्चों में मोटापे को बढ़ाता है। खेल और बाहरी गतिविधियों की कमी और अस्वास्थ्यकर खाने की आदतें बच्चों को जल्दी मोटा बना रही हैं। बच्चे प्रतिदिन 3-4 घंटे मोबाइल या टैबलेट पर बिताते हैं। प्रोसेस्ड फूड- इंस्टेंट नूडल, चिप्स, मीठे ड्रिंक, बिस्कुट जैसी चीजें कैलोरी तो ज्यादा देती हैं, लेकिन पोषण बहुत कम होता है। शारीरिक गतिविधि की कमी- खेलकूद और व्यायाम की कमी से कैलोरी बर्न नहीं होती। बेबी फैट को नजरअंदाज करना- माता-पिता अक्सर सोचते हैं कि बेबी फैट अपने आप चला जाएगा, जो सही नहीं है। मोटापा सिर्फ वजन बढ़ने तक ही सीमित नहीं है। इससे बच्चों में कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं मानसिक तनाव और आत्मविश्वास की कमी, सांस लेने में तकलीफ विशेषज्ञों का कहना है कि मोटापे की समस्या को नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है, क्योंकि यह बीमारी भविष्य में हृदय रोग, हाई ब्लड प्रेशर और फैटी लिवर जैसी गंभीर समस्याओं की नींव रखती है।

**गलत धारणाएं और उनके प्रभाव**- कई माता-पिता आज भी मानते हैं कि 'बच्चे का अतिरिक्त वजन अपने आप कम हो जाएगा' या 'ज्यादा खिलाने से इम्यूनिटी बढ़ती है।' यह सोच सही नहीं है। बच्चों के मोटापे को केवल मासूमियत मानकर नजरअंदाज करना खतरनाक है।

# गर्मियों में कितनी मात्रा में खाने चाहिए ड्राई फ्रूट्स

गर्मियों का मौसम शरीर में गर्मी बढ़ा सकता है और इस मौसम में पाचन शक्ति भी थोड़ी कमजोर हो जाती है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि खान-पान में संतुलन बनाए रखना। बच्चों के खानपान पर तो अधिक ध्यान दिए जाने की जरूरत होती है। बच्चों की सेहत के लिए संतुलित और समझदारी भरा आहार देना सबसे जरूरी है। बच्चों को अच्छी ग्रोथ और तेज दिमाग के लिए ड्राई फ्रूट्स खाने के लिए देने चाहिए। ड्राई फ्रूट्स बच्चों की सेहत के लिए अमृत समान होते हैं, लेकिन गर्मियों में ड्राई फ्रूट्स का अधिक सेवन नुकसानदायक हो सकता है। ड्राई फ्रूट्स बच्चों के विकास में मदद करते हैं। इनमें मौजूद प्रोटीन, हेल्दी फैट्स, फाइबर, विटामिन्स और मिनरल्स दिमागी विकास, हड्डियों की मजबूती और इम्यून सिस्टम को बेहतर बनाते हैं। लेकिन गर्मियों में इन की तासीर गर्म होने की वजह से इन का ज्यादा सेवन नुकसान भी पहुंचा सकता है। गर्मियों में अंजीर,



किशमिश, छुहारे, बादाम, खुबानी, पिस्ता, आलूबुखारा जैसे ड्राई फ्रूट्स खाये जा सकते हैं। 2 से 5 साल के बच्चे को अगर ड्राई फ्रूट्स दे रहे हैं तो दो से तीन बादाम, आधा टुकड़ा अखरोट, तीन से चार किशमिश और एक से दो काजू या पिस्ता खा सकते हैं। छह से 12 साल के बच्चे को 4-5 बादाम, एक टुकड़ अखरोट 5 से 7 किशमिश और दो से तीन काजू या पिस्ता खाने के लिए दें। 13 से 15 साल के बच्चे पांच-छह बादाम, काजू चार से पांच, एक- दो अखरोट, चार-पांच पिस्ता, 10-12 किशमिश और दो से तीन खजूर खाने चाहिए। बच्चे को ड्राई फ्रूट्स देने के कुछ सही तरीके हैं। बादाम, किशमिश और अंजीर को रात में भिगो दें और सुबह छीलकर दें। इससे उनकी गर्म तासीर कम हो जाती है। ड्राई फ्रूट्स को पीसकर पाउडर बना लें और इसे दूध में डालकर बच्चों को दें। बच्चों की पसंद के अनुसार ड्राई फ्रूट्स को स्मूदी या खिचड़ी में मिलाकर सेवन के लिए दिया जा सकता है। किशमिश और काजू को हल्का भूनकर स्नैक की तरह भी दिया जा सकता है।

**ड्राई फ्रूट्स से जुड़ी सावधानियां**

गर्मियों में अगर बच्चों को सही मात्रा में ड्राई फ्रूट्स दे रहे हैं तो भी इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें खाली पेट ड्राई फ्रूट्स न दें। ध्यान रखें कि रोज एक ही तरह के ड्राई फ्रूट्स न दें, बदलाव करते रहें। बच्चों को अच्छी मात्रा में पानी पीने को कहें ताकि शरीर में गर्मी न बढ़े। अधिक मात्रा में ड्राई फ्रूट्स देने से मुंह के छाले, पेट दर्द या गर्मी बढ़ सकती है।

## स्कूल के बाद बच्चों का मूड फ्रेश करने के आसान तरीके

जैसे ही बच्चा घर आए, उसे गले लगाकर या प्यार से मुस्कुराकर मिलें। कैसा रहा दिन जैसे हल्के सवाल पूछें, लेकिन जबरदस्ती न करें। बच्चे को पहले थोड़ा वक्त दें, फिर बातों की शुरुआत करें।

**पसंदीदा हल्का-फुल्का स्नैक**- थकान दूर करने के लिए एनर्जी वाला स्नैक तैयार रखें, जैसे- केला + दूध, सूखे मेवे + गुड़, पनीर सैंडविच, फ्रूट सलाद, नारियल पानी। शुगर लोडेड चीजों से बचें, थोड़ी देर बाद चिड़चिड़ापन बढ़ सकता है। **शांत म्यूजिक या उनकी फेवरेट धुन**- बैकग्राउंड में धीमा, प्यारा म्यूजिक या बच्चों का कोई भी पसंदीदा गाना चलाएं। ये मूड तुरंत हल्का करने में मदद कर सकता है। **थोड़ा नो डिमांड टाइम दें**- स्कूल से आते ही होमवर्क या पढ़ाई की बात न करें। 30-45 मिनट का उसे टाइम दें। जिसमें बच्चा, सो सकता है, टीवी देख सकता है। **हल्की-फुल्की बॉडी मूवमेंट**-अगर बच्चा एक्टिव है, तो थोड़ी वॉक, बैलेंसिंग गेम या स्ट्रेचिंग करवाएं। कुछ बच्चों को शांति से बैठना पसंद होता है. उन्हें मजबूर न करें।

## पहेलियां

1.कमर बांधे घर में रहता, सुबह-शाम जरूरत है पड़ती। बताओ क्या?

**उत्तर-झाड़ू।**

2.हरी झंडी लाल कमान, तोबा तोबा करे इंसान।

**उत्तर-मिर्ची।**

3.नाक पर चढ़कर कान पकड़कर, लोगों को है पढ़ाती।

**उत्तर – चश्मा।**

4.हरे हरे से है दिखे पक्के हो या कच्चे, भीतर से यह लाल मलाई जैसे ठंडे मीठे लच्छे।

**उत्तर-तरबूज।**

5.सफेद तन हरी पूंछ, न बुझे तो नानी से पूछ ॥

**उत्तर-मूली।**

6.कान हैं पर बहरी हूं , मुँह है पर मौन हूं। आंखें हैं पर अंधी हूँ, बताओ मैं कौन हूं ?

**उत्तर-गुड़िया।**

8.काला घोडा सफ़ेद की सवारी, एक उतरा तो दूसरे की बरी।

**उत्तर-तवा और रोटी।**

## चुटकुले



1- जज- घर में मालिक के रहते हुए तुमने चोरी कैसे की? गोलू- जज साहब आपकी अच्छी नौकरी है, अच्छी सैलरी है.फिर आप ये

2- सब सीख कर क्या करोगे...?

मैडम- क्लास में जो बेवकूफ हो वो खड़ा हो जाए। पप्पू मसूमियत से खड़ा हो गया मैडम- क्या तुम बेवकूफ हो? पप्पू- नहीं मैडम आप अकेली खड़ी थीं इसलिए मुझे अच्छा नहीं लगा...

3- टीचर- बेटा अगर सच्चे दिल से प्रार्थना की जाए तो वो सफल जरूर होती है।

छात्र- रहने दीजिए सर, अगर ऐसा होता तो आज आप मेरे सर नहीं, ससुर होते...

पप्पू (अपनी मां से) - मां, मैं जीवन में आगे बढ़ने के लिए क्या करूं?



4- मां - पत्थर ले और सबसे पहले ये मोबाइल फोड़...!!!

5- पहला दोस्त - क्या कर रहे हो भाई?

दूसरा दोस्त - खा रहा हूं भाई...!

पहला दोस्त - अकेले-अकेले...?

दूसरा दोस्त - अबे बीवी से ताने खा रहा हूं, आजा तू भी खा ले...!!!



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

| | |
|---|---|
| **मेष :** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। | **तुला :** वरिष्ठ परिजनों पर व्यय होगा। धर्म में आस्था बढ़ेगी। मनोमालिन्य दूर होगा। इच्छाशक्ति क्षीण रहेगी। |
| **वृष :** व्यस्तता बढ़ेगी। व्यावसायिक प्रगति होगी। जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। रचनात्मक कार्यों में प्रगति होगी। | **वृश्चिक :** सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा। |
| **मिथुन :** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। किसी कार्य के संबंध होने से प्रभाव बढ़ेगा। धन यश कीर्ति में वृद्धि होगी। | **धनु :** शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा। |
| **कर्क :** पारिवारिक जीवन सुख में होगा। हनुमान जी की उपासना आपके लिए लाभदायक होगी। शासन सत्ता से सहयोग लेने में सफल रहेंगे। | **मकर :** बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग। |
| **सिंह :** जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा। धन सम्मान में वृद्धि होगी। आय-व्यय में संतुलन आवश्यक है। आलस्य त्यागे। | **कुंभ :** निजी संबंध प्रगाढ़ होंगे। संबंधों में निकटता आएगी। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। यश धन कीर्ति में वृद्धि होगी। |
| **कन्या :** व्यर्थ की उलझन रहेगी। यात्रा की स्थिति सुखद एवं लाभकारी रहेगी। व्यस्तता अधिक होगी। आत्मबल में सुधार होगा। | **मीन :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद और लाभदाई होगी। संबंधों में निकटता आएगी। |

**दैनिक पंचांग लखनऊ**

**शनिवार, 7 मार्च 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते शिशिर ऋतौ चैत्र मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, चतुर्थी तिथौ शनि वासरे 19/18/ चित्रा नक्षत्रे 11/16/ वृद्धि योग 06/53/ बव करणे 06/36/ तुला राशिगत चन्द्रमा घं. मि. पर।

व्रत एवं त्यौहार-

# बच्चों को कैसे बनाएं ऑलराउंडर

बच्चों में परवरिश कैसे हुई है इस बात पर ही उनका आगे का भविष्य निर्भर करता है।

ऐसे में पेरेंट्स यही चाहते हैं वह अपने बच्चे की परवरिश अच्छी रखें। वर्किंग पेरेंट्स होने के कारण कई बार माता-पिता बच्चों पर ध्यान नहीं दे पाते जिसके कारण वह बिगड़ने लगते हैं। हालांकि यदि बचपन से ही बच्चों पर ध्यान दिया जाए तो वह बड़े होकर भी समझदार ही बनेंगे। तो चलिए आज आपको इस आर्टिकल के जरिए बताते हैं कि आप बच्चों को ऑलराउंडर कैसे बना सकते हैं।



**बच्चों को दे समय**

चाहे भले ही आप वर्किंग हो लेकिन आपके बच्चे आपकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है ऐसे में जब भी उन्हें आपकी जरुरत पड़े उनके साथ रहें। बच्चों के लिए थोड़ा सा समय जरुर निकालें। हालांकि माता-पिता की जरुरत बच्चों को हमेशा होती है खासतौर पर जब बच्चे छोटे हो तब पेरेंट्स को हमेशा उनके साथ ही होना चाहिए।

**अपने कल्चर का महत्व बताएं**

बच्चों को अपने कल्चर के बारे में जरुर बताएं। बच्चों को अपने घर में होने वाले पूजा-पाठ में शामिल करें, त्योहारों के बारे में बताए। इस बात को बच्चों की परवरिश का मुख्य हिस्सा बनाएं। इससे उन्हें कल्चर की अहमियत भी पता चलेगी और उनकी जिंदगी में भी पॉजिटिविटी आएगी।

**समय का सदुपयोग**

बच्चे अक्सर समय की कीमत नहीं समझते। ऐसे में वह अपना काफी समय बेकार कर देते हैं। पेरेंट्स होने के नाते आप इस बात का ध्यान रखें कि समय कितनी कीमती चीज है। इसलिए बच्चों को इसकी अहमियत कम उम्र में ही सिखा दें। बच्चों की पढ़ाई से लेकर हर चीज का समय फिक्स करें। इससे वह अपने समय का सही प्रयोग करना सीख पाएंगे।

**पैसे की कीमत**

भले ही आपके पास बहुत सारा पैसा हो लेकिन बच्चों को ज्यादा पैसे न दें। यदि आप उन्हें खुले पैसे देते हैं तो वह उसकी अहमियत नहीं समझ पाएंगे। आप बच्चों को खर्च के लिए पैसे देते हुए ये ध्यान रखें कि पैसे कितने जरुरी हैं। ऐसे में बचपन से ही उन्हें आप पैसे की कीमत समझा दें।

**बच्चों पर रखें नजर**

बच्चों पर नजर रखना भी जरुरी है। जब बच्चे 15-22 साल की उम्र के होते हैं तो उन्हें पूरी देखभाल की जरुरत होती है क्योंकि यदि इस दौरान उनपर पूरा ध्यान न दिया जाए तो वह बिगड़ भी सकते हैं। ऐसे में इस दौरान उनपर नजर रखें और कोशिश करें कि उन्हें पता न लगे कि आप उन पर नजर रख रहे हैं।

### आरोपी कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

जालौन। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धनौरा कलां निवासी राघवेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि वह देवनगर चैराहे पर जिला परिषद की दुकानों में एक दुकान किराए पर लिए है। बीती 13 फरवरी की दोपहर करीब ढाई बजे वह अपनी दुकान पर बाइक से आ रहा था। रास्ते में उरई की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार के चालक ने बेकाबू होकर उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। उसके दाहिने पैर में फ्रेक्चर हो गया। गंभीर हालत को देखते हुए उच्च संस्थान रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के बाद उसे कुछ आराम हुआ और वह रिपोर्ट लिखाने आया है। घायल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कार व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खबर एक नज़र

### महिला हितैषी ग्राम पंचायत हरसिंगपुर में महिला होली मिलन समारोह



स्वतंत्र भारत ब्यूरो
**कुठौंद(जालौन)।** विकासखंड कुठौंद क्षेत्र अंतर्गत महिला हितैषी ग्राम पंचायत हरसिंगपुर के राजस्व ग्राम बरियापुर में ग्राम प्रधान श्रीमती बबली देवी द्वारा उजाला प्रेरणा ग्राम संगठन बरियापुर के सहयोग से महिला होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयं सहायता समूह एवं ग्राम की अन्य महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया,जिसमें ग्राम की सभी महिलाओं द्वारा एक दूसरे को रंग एवं गुलाल लगा कर प्रेम एवं मिलजुलकर रहने का संकल्प लिया गया एवं महिलाओं द्वारा पारंपरिक रूप से ढोलक की थाप पर होली गीत गाए एवं जमकर नृत्य किया गया, इसके बाद एक दूसरे को मिठाई एवं गुझिया खिलाकर ,लाल पीले हरे नीले गुलाबी रंग एवं गुलाल से जमकर होली खेली, महिला होली मिलन समारोह में श्रीमती बबली देवी ग्राम प्रधान, कुमारी समीक्षा , पंचायत सहायक, श्रीमती कल्पना समूह सखी,ग्राम संगठन की अध्यक्ष श्रीमती विद्या देवी, कोषाध्यक्ष श्रीमती स्नेहलता, सचिव श्रीमती सुमन देवी, बुककीपर श्रीमती किरणदेवी सहित लगभग एक सैकड़ा महिलाएं उपस्थित रही।

### सविता समाज ने होली मिलन समारोह में बांटी आपसी सद्भाव की मिठास



स्वतंत्र भारत ब्यूरो
कालपी( जालौन )। नगर में होली के अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों व राजनीतिक दलों की ओर से होली मिलन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में काली देवी मंदिर के समीप स्थित बिहारी जी घाट पर सविता समाज कालपी द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और फूल मालाएं पहनाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उपस्थित लोगों का मुंह मीठा कराकर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया गया। सविता समाज कालपी के नगर अध्यक्ष लालता प्रसाद ओमरे ने सभी से मिलकर होली की बधाई दी और समाज में एकता व सद्भाव बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष हरिमोहन सविता, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार सविता, संरक्षक शिव सेवक सविता, महामंत्री राधाकृष्ण (छोटा सविता), प्रचार मंत्री सुरेश कुमार सविता, मंत्री सुरेश सविता, दीपचंद सविता, रामबाबू मास्टर, काका जी लेखपाल, लक्ष्मी नारायण लल्ला, धर्मेंद्र सविता, राजा बाबू ओमरे, पंकज ओमरे, गोपी मास्टर, रज्जन सविता, राकेश ओमरे सहित समाज के कई लोग उपस्थित रहे।

### लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, जालौन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय चैराहा स्थित मां कर्माबाई रामजानकी मंदिर में तैलिक साहू समाज का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मौजूद लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

तैलिक साहू समाज के मां कर्माबाई रामजानकी मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में समाज के उत्थान पर चर्चा की गई और समाज में एकता, सद्भावना और सहयोग की भावना को मजबूत करने पर बल दिया गया। वक्ताओं ने समाज के विकास के लिए शिक्षा, व्यवसाय और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने पर जोर दिया। युवाओं ने होली के गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। अबीर और गुलाल से होली खेलकर समाज के लोगों ने प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। वहीं, समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने युवाओं को अपने संस्कारों और परंपराओं से जुड़े रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने समाज की उन्नति के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में 15 मार्च 2026 को मां कर्माबाई की जयंती मनाए जाने की रूपरेखा बनाई गई। होली मिलन समारोह में संगीत मंडली द्वारा फाग गायन किया गया। इस मौके पर साहू समाज जिलाध्यक्ष श्रीराम साहू, महामंत्री हरिशंकर साहू, दयाराम साहू, रामप्रकाश साहू, लालू साहू, राम साहू, रामकरण साहू, नारायणदास साहू, शिवनारायण साहू, रूपेश साहू, संतराम साहू, प्रताप साहू आदि मौजूद रहे।

### ससुरालीजनों पर जान से मारने की धमकी का लगाया आरोप

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कोंच'(जालौन)।** मुहल्ला आजाद नगर निवासिनी सहिबा पत्नी जीशान दिनांक 5 मार्च 2026 समय करीब 3 बजे अपनी माँ के साथ पेपर देने मायके खेलार जा रही थी तभी उसके पति जीशान पुत्र शरीफ खान व सास कदीरन ने मना किया और फोन करके 112 पुलिस को बुला लिया मौके पर पहुंची पुलिस ने विधिक कार्यबाही करते हुए सहिबा को माँ के साथ भेज दिया जैसे ही उक्त लोग ग्राम अंडा के पास पहुंचे तभी सहिबा के देवर अरमान व कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने रास्ता रोककर जान से मारने की धमकी देते हुए घर बापिस जाने को कहा जिसके कारण सहिबा घवरा गयी कि उसके साथ कोई घटना घटित न हो।जाये जिस पर सहिबा ने कोतवाली में एक प्रार्थना पत्र दिए हुए उचित कार्यवाही की मांग की है।

### झगड़ा कर रहे युवक के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, जालौन।** पारिवारिक विवाद को लेकर पिता व भाई के साथ झगड़ा कर रहे युवक के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छानी खास निवासी शिवनारायण ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा भूपेंद्र पारिवारिक विवाद के चलते अक्सर घर में विवाद करता रहता है। कई बार समझाने की कोशिश की है, लेकिन सुनने को तैयार नहीं है। पिता ने आरोप लगाया कि शुक्रवार की सुबह भूपेंद्र आकर विवाद करने लगा। उन्होंने रोकने की कोशिश की तो गाली, गलौज करते हुए अभद्रता करने लगा। भाई राधेश्याम ने रोका तो उसके साथ मारपीट कर दी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की है।

### साप्ताहिक श्रीविघ्न विनाशक गणपति यज्ञ की तैयारियां पूरी

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, जालौन। उरगांव मार्ग स्थित शनिधाम मंदिर में नव कुंडीय साप्ताहिक श्रीविघ्न विनाशक गणपति यज्ञ होने जा रहा है। धार्मिक आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्रीशनिधाम गूढ़ा में साप्ताहिक नव कुंडीय श्रीविघ्न विनाशक गणपति महायज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। यह महायज्ञ रविवार आठ मार्च से शुरू होकर यज्ञ 14 मार्च 2026 दिन शनिवार तक चलेगा। क्षेत्र में पहली बार होने जा रहे श्रीविघ्न विनाशक गणपति महायज्ञ की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। शनिधाम मंदिर के महंत बृजेश तिवारी ने बताया कि धार्मिक आयोजनों में प्रतिदिन सुबह आठ बजे से दोपहर 12 बजे तक यज्ञ और आहूतियां होंगी दोपहर में दो बजे से सायं पांच बजे तक कथा का आयोजन होगा। कार्यक्रम की शुरुआत आठ मार्च दिन रविवार को दोपहर एक बजे कलश यात्रा के साथ होगी। नौ मार्च दिन सोमवार को वेदी पूजन एवं अग्नि स्थापना की जाएगी। 14 मार्च दिन शनिवार को पूर्णाहुति संपन्न होगी। कथा का वाचन राजेश्वरानंद सरस्वती रामायणी द्वारा किया जाएगा,

# सांसद को ज्ञापन सौंपकर रेलवे आरक्षण सुविधा बहाल कराने की मांग उठाई



**जालौन :** सांसद नारायणदास अहिरवार को ज्ञापन सौंपते नगर के लोग ।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**जालौन ।** नगर के उप मुख्य डाकघर में वर्ष 2013 से संचालित रेलवे आरक्षण केंद्र की खिड़की को लगभग पांच माह पूर्व बंद कर दिया गया है। ऐसे में नगर व क्षेत्र के लोगों को आरक्षण के लिए जिला मुख्यालय तक जाना पड़ रहा है। नगरवासियों ने क्षेत्रीय सांसद को ज्ञापन सौंपकर रेलवे आरक्षण सुविधा बहाल कराने की मांग की है।

नगर निवासी सईद चिश्ती, अशफाक राईन, जाकिर सिद्दीकी, आमिर, समीर, मोहम्मद खालिद रहमानी, जावेद आदि ने क्षेत्रीय सांसद नारायणदास अहिरवार को ज्ञापन सौंपकर बताया कि नगर के उपमुख्य डाकघर में वर्ष 2013 में रेलवे मंत्रालय द्वारा रेलवे आरक्षण खिड़की संचालित की गई थी। इस खिड़की के माध्यम से आम जनता को आरक्षित एवं तत्काल टिकट प्राप्त करने की सुविधा मिलती थी। यह सुविधा तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में तत्कालीन सांसद डॉ. घनश्याम अनुरागी व राज्यसभा सांसद रामपाल के प्रयासों से मिली थी। इसके शुरू होने से नगर व क्षेत्र के लोगों को राहत मिली थी। इस सुविधा के चलते ग्रामीण क्षेत्र और नगर क्षेत्र के लोगों को आरक्षित टिकट के लिए 50 से 60 किलोमीटर दूर उरई जाने की मजबूरी से मुक्ति मिल गई थी। इससे समय और धन दोनों की बचत होती थी। खासकर गरीब, बुजुर्ग और असहाय लोगों के लिए यह व्यवस्था बेहद उपयोगी साबित हो रही थी। लेकिन 12 सितंबर 2025 को विभाग द्वारा यह रेलवे आरक्षण खिड़की बंद कर दी गई। आरक्षण सुविधा बंद होने से लोग परेशान हैं। दिव्यांगजनों, वृद्धजनों को अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है, अब उन्हें आरक्षण के लिए जिला मुख्यालय तक जाना पड़ता है। ऐसे लोगों के लिए उरई जाकर सुबह-सुबह तत्काल टिकट लेना लगभग असंभव हो गया है। समय और धन खर्च होता है वह अलग है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि पोस्ट ऑफिस में स्थित रेलवे आरक्षण खिड़की को पुनः चालू कराया जाए। ताकि लोगों को आरक्षण व तत्काल टिकट के लिए परेशान न होना पड़े।

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर मरम्मत कार्य तेज,, दूसरी परत बिछाने का काम शुरू



**कालपी :** हाईवे पर चल रहा निर्माण कार्य ।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**कालपी (जालौन)।** झांसी-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर खराब हो चुकी सड़क के सुधार कार्य को गति दी जा रही है। पहले चरण में चमारी से जोल्हूपुर मोड़ तक सड़क के एक हिस्से का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है, वहीं अब उस पर दूसरी परत बिछाने का काम भी शुरू कर दिया गया है।

बताया जाता है कि लंबे समय से गिट्टी व बालू से लदे भारी वाहनों के एक ही ओर से गुजरने के कारण हाईवे की सड़क कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई थी और जगह-जगह गड्ढे बन गए थे। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

स्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की क्रियान्वयन इकाई झांसी द्वारा सड़क सुधार का कार्य ठेकेदार कंपनी को सौंपा गया है। इसके तहत उरई से कालपी क्षेत्र तक सड़क को गड्ढामुक्त बनाने और नई परत बिछाने का काम कराया जा रहा है।कार्यदायी संस्था के प्रबंधक इंग्लेश शर्मा ने बताया कि प्रथम चरण का कार्य पूरा होने के बाद अब सड़क पर दूसरी परत डाली जा रही है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और जल्द ही इसे पूरा कर लिया जाएगा, जिससे लोगों को बेहतर और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।

# जिलाधिकारी ने भूमि व जल संरक्षण योजनाओं की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी



**उरई :** बैठक लेते डीएम ।

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**उरई(जालौन)।** जनपद में संचालित भूमि एवं जल संरक्षण योजनाओं की बेहद धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यों में तेजी लाते हुए यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक पात्र किसान को इन जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिले।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने पाया कि सभी इकाइयों का प्रदर्शन लक्ष्य के अनुरूप नहीं है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय किसान समृद्धि योजना के तहत 502 हेक्टेयर के लक्ष्य के मुकाबले मात्र 300 हेक्टेयर में ही कार्य हुआ है। वहीं विभिन्न इकाइयों द्वारा कुल 690 खेत तालाबों के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक केवल 41 तालाबों का ही निर्माण कराया जा सका है।इसी प्रकार भूमि संरक्षण की अन्य इकाइयों ने भी 300, 630 और 552 हेक्टेयर के लक्ष्यों के सापेक्ष क्रमशः 190, 294 और 195 हेक्टेयर में ही कार्य पूरा किया है। खेत तालाब निर्माण में भी सभी जगह स्थिति लगभग यही बनी हुई है।अपेक्षित प्रगति न मिलने पर जिलाधिकारी ने चारों इकाइयों के अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं किसानों की आय बढ़ाने और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए हैं, इसलिए कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को फील्ड में सक्रिय रहकर मॉनिटरिंग करने और सभी कार्यों का स्थलवार फोटो प्रलेखन कर पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, उप कृषि निदेशक एसके उत्तम सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### तीसरे जुमा की नमाज में अकीदतमंदों ने अमन चैन की मांगी दुआ

**कोंच(जालौन)।** माहे रमजान के तीसरे जुमे की नमाज दिन शुक्रवार को नगर की सभी मस्जिदों में अता की गई जिसमें अकीदतमंदों ने मुल्क में अमन-चैन की दुआ मांगी मस्जिद कुरैशियान मस्जिद मंसूरान मस्जिद काजियान मस्जिद जीनतुल इस्लाम आस्ताना-ए-कलंदरिया मरकज मस्जिद जामा मस्जिद और तकिया खुर्रमशाह समेत नगर की अन्य इबादतगाहों में हाफिजों ने जुमे की नमाज अता कराई हजारों की संख्या में अकीदतमंदों ने गुनाहों से तौबा करने व मुल्क में अमन चैन और खुशहाली की अल्लाह से दुआ मांगी इस दौरान इमामों ने अपनी तकरीरों में कहा कि ईद से पूर्व सदका-ए फित्र जरूर अदा करें और गरीबों को त्यौहार की खुशियों में शामिल करें वहीं जुमे की नमाज को देखते हुए प्रशासन भी सजग रहा पुलिस बल मस्जिदों के बाहर सतर्क नजर आया वहीं नगर पालिका द्वारा नगर की सभी मस्जिदों के बाहर साफ सफाई कराकर चूना डलवाया गया।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन बारह मार्च को

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, ललितपुर।** जिला समाज कल्याण अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले जरुरतमन्द, निराश्रित, निर्धन परिवारों की विवाह योग्य कन्या, विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा महिलाओं के सामूहिक विवाह हेतु मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत होने वाली शादियों की तिथि तय कर दी गयी है व जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन 12 मार्च को गिन्नौट बाग परिसर, सदन शाह के पास होना तय हुआ है व मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में अब बायोमैट्रिक हाजिरी के बाद ही वर-बधू एक दूसरे को जयमाला पहनाएंगे एवं योजनान्तर्गत सत्यापन उपरान्त पात्र जोड़ों को प्रथम आवक, प्रथम पावक सिद्धान्त के आधार पर विकास खण्ड एवं नगर निकायों को आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित किया जायेगा व जयमाला से पहले बायोमैट्रिक हाजिरी और फेस आई.डी. के जरिए सत्यापन अनिवार्य रुप से किया जाएगा। जिसके लिये वर वधू की दो-दो पासपोर्ट साइज फोटो जो ऑनलाइन आवेदन में संलग्न की गयी है एवं ओरिजनल अपडेटिड आधार कार्ड मिलान हेतु कार्यक्रम स्थल पर लाना अनिवार्य है।

### जनसुनवाई में जिलाधिकारी ने शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**
**उरई(जालौन)।** जनपद में सुशासन और पारदर्शी प्रशासन की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने अपने कार्यालय कक्ष से वर्चुअल माध्यम के जरिए सभी जिलास्तरीय अधिकारियों को जोड़कर जनसुनवाई की। इस दौरान दूर-दराज क्षेत्रों से आए फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना गया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई शासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रशासन का मूल उद्देश्य जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना है, इसलिए सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। साथ ही शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता बनाए रखते हुए प्रत्येक प्रकरण की नियमित समीक्षा भी की जाए।

# किसानों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं के प्रभावी निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने ली बैठक



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, ललितपुर।** कृषक हितों के प्रति बेहद संवेदनशील जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने किसानों की विभिन्न प्रकार की समस्याओं के प्रभावी निस्तारण हेतु कलैक्ट्रेट सभागार में कृषक संगठनों व सम्बंधित अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक कर दिशा निर्देश दिये व उन्होंने अधिकारियों व बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि किसी भी स्तर पर किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, चाहे मण्डी हो, बैंक हो या बीमा कम्पनी, किसानों के प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए, यदि इसमें कहीं से भी लापरवाही या अनावश्यक विलम्ब की शिकायत आती है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी व सभी किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में पॉलिसी डाउनलोड करने का डेमो दिखाया गया व इसके लिये किसानों को अपने मोबाइल पर गूगल ब्राउजर पर जाकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की वेबसाइट पर जाकर अपना मोबाइल नम्बर दर्ज करके लॉगइन करना होगा व इसके बाद पॉलिसी ऑप्शन सिलेक्ट करके डाउनलोड फाइल पर क्लिक करके पॉलिसी डाउनलोड करनी होगी एवं मौके पर कई किसानों ने अपने मोबाइल पर पॉलिसी डाउनलोड करके दिखायी। जिलाधिकारी ने ई.डी.एम. को निर्देश दिये कि सभी कॉमन सर्विस सेन्टरों पर इस प्रक्रिया को भिजवाकर उन्हें निर्देशित करें कि किसानों को पॉलिसी डाउनलोड करके उपलब्ध करा दें व कृषकों द्वारा जिलाधिकारी को अपनी-अपनी समस्याएं बतायी गई, जिसमें मण्डियों में किसानों की उपज का गड्ढायुक्त सड़कों पर तौल कराना व उपज की निचली परत की तौल न करना, व्यापारियों द्वारा मनमाने दाम चलाना और किसानों को नगद भुगतान न देकर उनके परिचितों की दुकानों के नाम पर्ची बनाने जैसी समस्याएं बतायी गई।

इस पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देश दिये कि मण्डी अधिकारियों व व्यापारियों के साथ बैठक कर किसानों का नगद भुगतान की प्रक्रिया सुनिश्चित करायें व किसानों द्वारा लायी गई उपज का एक-एक दाना तौलकर निर्धारित मूल्य पर ही क्रय किया जाएगा व जनपद के किसानों से अपील की कि वह कृषि कार्यों में कॉपर की प्लेटिंग वाला सफेद तार या घटिया क्वालिटी के विद्युत तारों का प्रयोग न करें, क्योंकि विद्युत से हुई दुर्घटनाओं में इन्हीं कारणों से किसानों को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना का लाभ नहीं मिल पाता है, इसलिए अपनी सुरक्षा के लिए अच्छी क्वालिटी का विद्युत तार इस्तेमाल करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव, अग्रणी बैंक प्रबंधक रंजीत कुमार, ए.डी.एफ.ओ., उप निदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, एआर कॉपरेटिव, मण्डी सचिव सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# वामपंथी दलों ने ईरान हमले के खिलाफ शांति मार्च का किया ऐलान



स्वतंत्र भारत ब्यूरो
उरई( जालौन )। मजदूर भवन कार्यालय, उरई में आज दिनांक 6 मार्च 2026 को वामपंथी दलों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ वाम नेता कामरेड सुधीर अवस्थी ने की, जिसमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), भाकपा (माले) और माकपा सहित सभी वाम दलों के प्रमुख नेताओं ने भाग लिया।

बैठक में प्रमुख रूप से कामरेड राजीव कुशवाहा, कामरेड रामकिशोर गुप्ता, कामरेड राम सिंह चैधरी, कामरेड रामऔतार दोहरे, कामरेड विनय पाठक, कामरेड भारत सिंह और कामरेड देवेश चैरसिया उपस्थित रहे। सभी नेताओं ने एक स्वर में वैश्विक मुद्दों पर चिंता व्यक्त की।

### अमेरिका-इजराइल के हमले का विरोध

बैठक में वामपंथी मोर्चा के राज्य व्यापी आवाहन पर चर्चा करते हुए अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हालिया हमले की कड़ी निंदा की गई। वक्ताओं ने कहा कि इस हमले में सैकड़ों निर्दोष बच्चों का नरसंहार हुआ है, जो मानवता के लिए कलंक है। वाम नेताओं ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानूनों की धज्जियाँ उड़ाने वाला कृत्य बताया और तत्काल युद्ध विराम की मांग की।

### 10 मार्च को निकलेगा शांति मार्च

इस नरसंहार के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराने और युद्ध रोकने की मांग को लेकर वामदलों ने एक शांति मार्च निकालने का निर्णय लिया है। यह मार्च 10 मार्च 2026, दिन मंगलवार को सुबह 11 बजे अंबेडकर चैराहे से शुरू होगा।मार्च जिला मुख्यालय में जिलाधिकारी कार्यालय पर समाप्त होगा। प्रदर्शनकारी वहां जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन सौंपेंगे, जिसमें ईरान पर हमले को रोकने और शांति बहाल करने की मांग की जाएगी।
बैठक के अंत में कामरेड सुधीर अवस्थी ने सभी वामपंथी कार्यकर्ताओं से 10 मार्च को होने वाले इस शांति मार्च में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की।

# जनपद के 36 क्रय केन्द्रों पर 17 मार्च से 15 जून तक होगी गेहॅू की खरीद-जिलाधिकारी



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपद के समस्त सम्मानित कृषकों को अवगत कराया है कि मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत जनपद में 17 मार्च से 15 जून तक गेहूँ खरीद की जाएगी व गेहूँ का समर्थन मूल्य दो हजार पॉच सौ पचासी रूपये निर्धारित किया गया है, जिसके लिए जनपद में चार क्रय एजेन्सियों के छत्तीस क्रय केन्द्र अनुमोदित हैं व गेहूँ क्रय ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से किया जायेगा, जिसके लिए कृषकों को अपना पंजीकरण खाद्य एवं रसद विभाग की बेवसाईट पर कराना होगा व निर्देश दिये कि यदि कोई समर्थन मूल्य से कम पर किसानों की उपज खरीदता है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी व गेहॅू खरीद हेतु निर्धारित छत्तीस क्रय केन्द्रों में खाद्य विभाग के आठ गेहूँ क्रय केन्द्र विपणन शाखा रोड़ा क्रय केन्द्र बिरधा उपमण्डी, क्रय केन्द्र महरौनी मण्डी, क्रय केन्द्र अमरपुर मण्डी, क्रय केन्द्र तालबेहट उपमण्डी, क्रय केन्द्र नवीन गल्ला मण्डी ललितपुर, क्रय केन्द्र बानपुर उपमण्डी, क्रय केन्द्र मड़ावरा उपमण्डी, पी.सी.एफ. के 16 क्रय केन्द्र क्रय केन्द्र अमरपुर मण्डी, बी-पैक्स धौरीसागर, जाखलौन उपमण्डी, बी-पैक्स जखौरा, बी पैक्स कैलगुवां, मड़ावरा उपमण्डी, बी-पैक्स पिपरई, पूराकलां उपमण्डी, रोड़ा एट अमरपुर मण्डी, बरौदा उपमण्डी, .बी-पैक्स सुनौरा, बी-पैक्स तालबेहट, बी-पैक्स ननौरा, बी-पैक्स दैलवारा, सौजना उपमण्डी, बी-पैक्स लागौन, नैफेड के 6 गेहूँ, ललितपुर मण्डी, थनवारा मण्डी, पंचैरा, अरा, ग्राम पठा, ग्राम गदयाना, भारतीय खाद्य निगम के 6 अमरपुर मण्डी, महरौनी, नवीन गल्ला मण्डी ललितपुर, पी.ई.जी. बुढ़वार, मड़ावरा उपमण्डी जखौरा उपमण्डी सम्मिलित हैं, अतः किसान भाई अपना गेहॅू सुखाकर, साफ-सुथरा करके क्रय कैन्द्र पर विक्रय हेतु लायें तथा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा घोषित योजना का सम्पूर्ण लाभ उठाए। कृषक बंधु अधिक जानकारी के लिये टोल फ्री नम्बा 18001800150 या सी.पी. पाण्डेय, जिला खाद्य विपणन अधिकारी के मोंबाईल नम्बर 8840117954 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# बुंदेलखंड की धरती हो, बुंदेलखंड में भर्ती हो : जसपुरा से गूँजा गांव-गांव, पांव-पांव पदयात्रा का शंखनाद





**. राजा बुंदेला और जयराम सिंह बछेउरा के नेतृत्व में ऐतिहासिक यात्रा का भव्य शुभारंभ**

**. पृथक राज्य की मांग को लेकर बांदा के गांवों में अलख जगाएंगे क्रांतिकारी साथी**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बांदा।** पृथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण के संकल्प को लेकर आज जनपद बांदा के जसपुरा कस्बे से षांव.गांवए पांव.पांवष् पदयात्रा का भव्य शंखनाद हुआ। बुंदेलखंड राज्य आंदोलन के पुरोधा राजा बुंदेला और वरिष्ठ समाजसेवी व सह.नेतृत्वकर्ता जयराम सिंह बछेउरा की अगुवाई में निकली इस यात्रा ने पहले ही दिन जन.जन में जोश भर दिया।

यात्रा की शुरुआत में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राजा बुंदेला ने नारा दियाकृ ष्बुंदेलखंड की धरती होए बुंदेलखंड में भर्ती हो।ष् उन्होंने कहा कि इस षांव.गांवए पांव.पांवष् यात्रा का मुख्य लक्ष्य बुंदेलखंड के युवाओं को उनके घर में ही रोजगार दिलाना और पलायन को रोकना है। अलग राज्य बनने से यहाँ के संसाधनों पर स्थानीय लोगों का अधिकार होगा और विकास की गति तेज होगी।

वरिष्ठ समाजसेवी व सह.नेतृत्वकर्ता जयराम सिंह बछेउरा ने पदयात्रा की रूपरेखा स्पष्ट करते हुए कहा कि हम पैदल चलकर हर घर और हर चौपाल तक पहुंचेंगे। उन्होंने आह्वान कियाए अब रुकने का समय नहीं हैए यह यात्रा जसपुरा के हर गांव में जनसमर्थन जुटाकर बुंदेलखंड के सपने को साकार करेगी। इस अवसर पर झारखंड राज्य निर्माण के प्रमुख व पूर्व सांसद बसूरज मंडलए भारतीय किसान यूनियन के प्रताप सिंह बुंदेलाए बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा ;दिल्लीद्ध के प्रदेश अध्यक्ष राजन धमेरियाए पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष ;बांदाद्ध विनोद जैनए एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश द्विवेदी ने भी आंदोलन को धार दी। यात्रा में प्रवीण पांडेय ;बुंदेलखंड राष्ट्र समितिद्धए अशोक तपस्वीए विनीता पाण्डेय ;गौ सेवाद्धए रिटायर्ड कैप्टन बीण्एसण् बाबेलए डाण् आश्रय सिंह ;राष्ट्रीय संयोजकए बुंदेली सेनाद्धए सोनू सिंह ;जिलाध्यक्षए जालौनद्धए और यात्रा प्रबंधक नीरज निगम प्रमुख रूप से शामिल रहे। स्थानीय स्तर पर यात्रा का प्रबंधन डाण् चंद्रपाल सिंह ;यात्रा प्रमुखए महुवा ब्लाकद्धए प्रगति कुमार श्रीवास्तव ;यात्रा प्रमुखए महुवा ब्लॉकद्ध ए संतोष श्रीवास्तव ;यात्रा सह प्रमुख बांदा शहरद्धए और प्रभारी संतोष गुप्ता द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में भानू मिश्रा ;यात्रा प्रमुख शहर बांदाद्धए संजय लश्करीए भरत बाबू गुप्ताए आशुतोष सिंहए राकेश ;यात्रा प्रमुख जसपुरा ब्लॉकद्ध बाजपेईए धनंजय सिंह ;यात्रा प्रमुख जसपुरा ब्लॉकद्धए शैलेंद्र सिंह सोनूए पुष्पेंद्र सिंह चुनालेए रघुराज प्रताप सिंहए राजू प्रधानए तोप सिंह प्रधानए राजेश सिंह लुकतराए एसण्केण् सी जीए शिवनंदन सिंहए अरविंद सिंहए नरोत्तम दास महाराज जीए राजवीर सिंहए दिनेश सिंहए और विजय बहादुर सिंह परिहार समेत सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे। यह पदयात्रा जसपुरा के विभिन्न गांवों से गुजरते हुए 15 मार्च को बांदा के रामलीला मैदान में एक विशाल जनसभा के रूप में परिवर्तित होगी।

## एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल का विधायक ने किया शुभारंभ

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, सुमेरपुर-।** सुमेरपुर कस्बे के देवगांव मार्ग में सदर विधायक ने एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल का शुभारंभ फीता काटकर किया। सुमेरपुर कस्बे के देवगांव मार्ग में राजू गुप्ता फैंसी ने बचपन के एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल की स्थापना की है। शुक्रवार को सदर विधायक डॉ मनोज कुमार प्रजापति ने फीता काटकर शुभारंभ किया और उन्होंने कहा कि यह स्कूल कस्बे में शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। इस विद्यालय के खुलने से बच्चों को बाहर भेजने से मुक्ति मिलेगी और कस्बे में ही अच्छी शिक्षा प्राप्त होगी। ऐसे स्कूल की कस्बे को जरूरत भी थी। इसके पूर्व चेयरमैन राजू गुप्ता फैंसी और डायरेक्टर सत्या गुप्ता ने विधि विधान के साथ सरस्वती पूजन किया। डायरेक्टर सत्या गुप्ता ने बताया कि यह स्कूल बच्चो को किताब के साथ प्रयोगात्मक शिक्षा भी ग्रहण कराएगा। इससे बच्चों का मानसिक विकास होगा और इस स्कूल में बच्चों को सभी तरह की एक्टिविटी उपलब्ध है। इस मौके पर ब्लांक प्रमुख जयनारायन सिंह यादव, इटरा आश्रम के महंत स्वामी वेदानंद सरस्वती, तपोभूमि के महंत स्वामी जगन्नाथ महाराज, पूर्व सभासद छुट्टन गुप्ता, अवध किशोर पांडे, रामचंद्र गुप्ता, रज्जन गुप्ता, विनोद यादव, अन्नी पांडे, सभासद राधे शुक्ला आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतें सुन किया निस्तारण



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, हमीरपुर।** आज जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में लगभग 90 शिकायते प्राप्त हुई। जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम ,बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमो से प्राप्त होने वाले प्रकरणो का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## डा. यशवर्धन सिंह (केजीएमयू, लखनऊ) का यूपीएससी सिविल सर्विस 2025 में आंल इंडिया रैंक 212 रैंक के साथ हुआ चयन

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, हमीरपुर।** राठ नगर के डा. यशवर्धन सिंह सुपुत्र डा. सुरेन्द्र सिंह (प्राचार्य ब्रह्मानन्द महाविद्यालय, राठ) का यूपीएससी सिविल सर्विस 2025 में आल इंडिया रैंक 212 के साथ चयन हुआ है। यशवर्धन सिंह बुंदेली महाकवि स्व. डा. हरगोविंद सिंह के प्रपौत्र है। यशवर्धन सिंह ने केजीएमयू लखनऊ से एमबीबीएस पास किया है। इसके पूर्व भी यशवर्धन सिंह यूपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा 728 व 571 रैंक के साथ उत्तीर्ण कर चुके है। यशवर्धन का प्रथम चयन एमबीबीएस की इंटर्नशिप के दौरान हुआ था एवं तबसे वह प्रत्येक बार सिविल सर्विस का प्री मेंस क्वालीफाई कर लगातार 4 बार सिविल सर्विस का इंटरव्यू दे चुके है। गौरतलब है डा. यशवर्धन सिंह ने नीट परीक्षा 2017 आल इंडिया रैंक जनरल कैटेगरी 525, एम्स परीक्षा आल इंडिया रैंक 721 व जिपमर परीक्षा आल इंडिया रैंक 271 के साथ उत्तीर्ण की थी।

## मुख्य विकास अधिकारी ने बियावल में चैपाल लगाकर सुनी समस्याएं

चित्रकूट । ग्राम पंचायत बियावल में मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को ग्राम चैपाल का आयोजन किया गया। आयोजित चैपाल में लगभग 250 ग्रामवासी उपस्थित रहें। उपस्थित अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा ग्रामवासियों को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, शादी अनुदान योजना, किसान सम्मान निधि एवं पोषाहार वितरण से सम्बन्धित, समूह गठन के माध्यम से स्वरोजगार हेतु एवं अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। उपस्थित 2 महिलाओं के द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को पेंशन सम्बन्धी समस्या के सम्बन्ध में अवगत कराया गया, जिसके निस्तारण हेतु सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण विकास खण्ड मऊ, को निर्देशित किया गया है। जिसका निस्तारण सहायक विकास अधिकारी द्वारा मौके पर ही कर दिया गया है। ग्रामवासियों के द्वारा महिला आंगनाबाडी के द्वारा पोषाहार वितरण में लापरवाही बरतने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया, जिस पर उपस्थित बाल विकास परियोजना अधिकारी मऊ के द्वारा मौके पर ही समस्या का निराकरण कर दिया गया। वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों के द्वारा एक पेड मां के नाम योजना की जानकारी आमजनमानस को दी गयी। मुख्य विकास अधिकारी जनपद के द्वारा खण्ड विकास अधिकारी मऊ, ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि ग्राम पंचायत में कैम्प लगाकर वृद्धा पेंशन, निराश्रित पेंशन एवं दिव्यांग पेंशन के अवशेष लाभार्थियों को, जो कि पेंशन पाने से वंचित रह गये है, को एक सप्ताह के अन्दर विशेष शिविर लगाकर लाभार्थियों को रजिस्ट्रेशन कराकर यथाशीघ्र पेंशन का लाभ दिलाया जाये। मौके पर उपस्थित आंगनबाडी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी मऊ को निर्देशित किया गया कि विकास खण्ड अन्तर्गत संचालित आंगनबाडी केन्द्रों का समय से नियमित संचालन कराया जाये। नियमानुसार पोषाहार का वितरण कराया जाये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित प्रभारी चिकित्साधिकारी मऊ को निर्देशित किया गया कि आयुष्मानकार्ड बनाने में तत्परता के साथ 60 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धजनों के आयुष्मानकार्ड अवश्य बनवा दिये जाये, जिससे वृद्धावस्था के कारण होने वाली बीमारियों का सुगमता से ईलाज सम्भव हो सके। जिसमें ओमप्रकाश यादव खण्ड विकास अधिकारी मऊ, धर्मेन्द्र सिंह बाल विकास परियोना अधिकारी मऊ, प्रभारी चिकित्साधिकारी मऊ, सहायक विकास अधिकारी ग्राम विकास मऊ, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण मऊ, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता मऊ, सहित कृषि विभाग, शिक्षा विभाग एवं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी

# यमुना में डूबे युवक का 33 घंटे बाद भी नहीं लगा सुराग

**. भैया दूज पर स्नान के दौरान हुआ था हादसा**

**. एसडीआरएफ व गोताखोर चला रहे सर्च अभियान**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, जसपुरा, बांदा।** भैया दूज के अवसर पर यमुना स्नान के दौरान डूबे युवक का 33 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है।प्रशासनएएसडीआरएफ टीम और स्थानीय गोताखोर लगातार नदी में तलाश अभियान चला रहे हैंए लेकिन अभी तक युवक का पता नहीं चल पाया है।

जानकारी के अनुसार कानपुर नगर जिले के सजेती थाना क्षेत्र के किशोरपुर गांव निवासी अभय कुमार ;19द्ध पुत्र रामखेलावन गुरुवार सुबह अपने साथियों के साथ यमुना स्नान करने आए थे।उनके साथ विवेक कुमार समेत करीब दस युवक मौजूद थे।बताया जाता है कि बारा घाट पर अधिक भीड़ होने के कारण सभी युवक पीपे का पुल पार कर बांदा जिले के जसपुरा थाना क्षेत्र की सीमा में स्थित गलौली.बारा घाट के पास स्नान करने लगे।स्नान के दौरान अचानक अभय कुमार और विवेक कुमार गहरे



पानी में चले गए और डूबने लगे। यह देख घाट पर अफरा.तफरी मच गई। मौके पर मौजूद नाविकों ने तुरंत नदी में छलांग लगाकर बचाव कार्य शुरू किया और काफी प्रयास के बाद विवेक कुमार को सुरक्षित बाहर निकाल लियाए जबकि अभय कुमार तेज धारा में बहकर लापता हो गया।घटना की सूचना मिलते ही जसपुरा पुलिस एवं जाफरगंज पुलिस भी मौके पर पहुंची थी।गुरुवार शाम तक स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश कराई गईएलेकिन कोई सफलता नहीं मिली।शुक्रवार को भी तलाश अभियान जारी रहा। थाना प्रभारी ऋषि देव सिंह ने बताया कि एसडीआरएफ की टीम प्रभारी अजीत भारती के नेतृत्व में करीब 15 सदस्य लगातार सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं।टीम अब तक करीब 12 किलोमीटर तक नदी में खोजबीन कर चुकी हैएलेकिन 33 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी युवक का कोई सुराग नहीं लग सका है।बताया जा रहा है कि लापता अभय कुमार अपने परिवार का सबसे बड़ा बेटा है।उसकी मां ममताए छोटा भाई निर्भय और बहन आस्था हैं।पिता खेती.किसानी कर परिवार का पालन.पोषण करते हैं।घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है और परिजन घाट पर पहुंचकर युवक के मिलने की उम्मीद लगाए बैठे हैं।प्रशासन और राहत टीम लगातार नदी में खोजबीन कर रही है।खबर लिखे जाने तक रेस्क्यू आपरेशन जारी था।

## बिना नोटिस घर गिराने के मामले में भाकियू ने दी आंदोलन की धमकी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, चित्रकूट ।** जनपद के मऊ तहसील क्षेत्र से प्रशासनिक कार्यवाई को लेकर एक परिवार ने आरोप लगाया है कि बिना किसी नोटिस और वैधानिक प्रक्रिया के उनका मकान जेसीबी मशीन से गिरा दिया गया। पीड़ित किसान नरेश तिवारी के साथ भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने पूरे मामले की शिकायत उपजिलाधिकारी मऊ को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित के अनुसार वह कई वर्षों से अपनी निजी भूमि पर मकान बनाकर परिवार सहित निवास कर रहा था। लेकिन अचानक प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और बिना कोई लिखित नोटिस या सूचना दिए जेसीबी मशीन द्वारा मकान को ध्वस्त कर दिया। पीड़ित का कहना है कि यदि निर्माण को लेकर कोई आपत्ति या अवैधता का मामला था तो प्रशासन को पहले नोटिस देना चाहिए था, ताकि वह अपना पक्ष रख सके और कानूनी प्रक्रिया का पालन हो सके। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि राजस्व टीम द्वारा पहले भूमि की पैमाइश की गई थी, जिसमें भूमि उसकी बताई गई। इसके बावजूद बिना किसी पूर्व सूचना के मकान को गिरा दिया गया, जो पूरी तरह नियमों की अनदेखी और प्रशासनिक मनमानी को दर्शाता है। मकान टूटने से परिवार को भारी आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक पीड़ा भी झेलनी पड़ रही है। इस पूरे मामले ने अब राजनीतिक और किसान संगठनों का भी ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष विनय त्रिपाठी तथा अन्य पदाधिकारियों ने मऊ एसडीएम से मुलाकात कर पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। भाकियू जिलाध्यक्ष ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला और अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो भारतीय किसान यूनियन द्वारा आंदोलन किया जाएगा। घटना के बाद क्षेत्र में प्रशासनिक कार्यशैली को लेकर लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन द्वारा किसी अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की जाती है तो कानून के तहत पहले नोटिस देना और वैधानिक प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य होता है, लेकिन इस मामले में ऐसा होता नहीं दिख रहा है फिलहाल पीड़ित की शिकायत मिलने के बाद प्रशासन ने मामले की जांच कराने की बात कही है। तहसील अध्यक्ष विनय त्रिपाठी, महामंत्री शत्रुघन सिंह, तहसील प्रभारी नीलकंठ द्विवेदी, ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रभान सिंह, हेमराज सिंह, ज्ञान सिंह सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

# खदान संचालक ने किसानों की खेती को बनाया निशाना और जबरन कर रहे हैं परिवहन

**. मरौली खंड 4 के संचालक द्वारा किया जा रहा है जबरन परिवहनएडीएम से की शिकायत**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, बांदा।** मोरंग खदान संचालक का आतंक रुकने का नाम नही ले रहा है जिसके चलते बेचारे किसान इधर उधर भटक रहे हैं और मोरंग खदान संचालक अपनी मन मानी से बीच खेत से जबरन मोरंग भरे हुए ट्रकों का परिवहन कर रहे हैं द्य मामला मरौली गाँव का है जहां के रहने वाले किसान नत्थू पुत्र मंगलियाएराम मूअर्ट पुत्र रामसेवक और बच्चा पुत्र मेदवा और भारतीय किसान यूनियन के मंडल अध्यक्ष बलराम तिवारी सहित जिला अधिकारी के यहाँ शुक्रवार को शिकायती पात्र देकर बताया की मरौली खंड संख्या 4 मोरंग खदान के संचालक द्वारा जबरन हमारे खेत से मोरंग भरे हुए ट्रकों का परिवहन कर रहे हैं और जब हम लोग रोकते हैं तो हमें बंदूक के बल पर गाली गलौज और मारने की धमकी देते हैं द्य वही किसानों ने बताया की हमारी खेती में जो फसल लगी हुयी है उसको भी मोरंग खदान



संचालक नष्ट कर रहे हैं अब ऐसे में हमारी फसल बर्बाद हो जायेगी तो हम लोग तो भूखे ही मर जायेंगे ।

लेकिन जब शिकायती पत्र दिया जा रहा अथा तो उस समय डीएम कार्यालय में मौजूद नही थी जिसको लेकर शिकायती पात्र को सिटी मजिस्ट्रेट को दिया गया है वही सिटी मजिस्ट्रेट ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वाशन दिया है वही मौजूद किसानों ने कहा की अगर सोमवार तक हमारी फसल बर्बाद होने से नही बचाया जाता और हमारे खेत से हो रहे परिवहन को नही रोका जाता तो हम लोग आन्दोलन करने को मजबूर हो जायेंगे द्य वही इस मौके पर सैकड़ों किसान और किसान यूनियन के लोग मौजूद रहे ।

# तिंदवारी में नासा वैज्ञानिक डा. अशोक कुमार प्रजापति का भव्य स्वागत

. युवाओं में दिखा खास उत्साह



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो,** बांदा। तिंदवारी कस्बे में उस समय उत्साह और गौरव का माहौल देखने को मिलाए जब अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नासा वैज्ञानिक डाण् अशोक कुमार प्रजापति के आगमन पर अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघए जनपद बांदा की युवा टीम ने उनका भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान समाज के लोगों ने फूलमालाएं पहनाकर और सम्मान स्वरूप अभिनंदन कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

स्वागत समारोह में उपस्थित लोगों ने कहा कि डाण् अशोक कुमार प्रजापति ने अपनी प्रतिभा और कड़ी मेहनत के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। उनकी उपलब्धियां न केवल प्रजापति समाज बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात हैं। उन्होंने युवाओं को शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी। इस अवसर पर महासंघ के जिलाध्यक्ष सुल्तान भाई प्रजापति ने कहा कि समाज के युवाओं को डाण् प्रजापति की उपलब्धियों से प्रेरणा लेकर शिक्षा और तकनीकी क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। ऐसे प्रतिभाशाली व्यक्तित्व समाज के लिए मार्गदर्शक होते हैं। कार्यक्रम में एडवोकेट रामसेवक प्रजापतिए सुधीर कुमार चक्रवर्तीए युवा प्रदेश अध्यक्ष मलखे श्रीवासए कमलाकांत त्रिवेदीए शिवबरन वर्मा सहित अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासंघ उत्तर प्रदेश की टीम के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। सभी ने डाण् अशोक कुमार प्रजापति को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## दिन के साथ रात का तापमान बढ़ने से गेहूं का उत्पादन गिरने की आशंका

सुमेरपुर-हमीरपुर। दिन के साथ रात का तापमान बढ़ने से गेहूं की फसल असमय पककर तैयार होने लगी है। इससे उत्पादन प्रभावित होने की आशंका बनने लगी है। जिससे किसान चिंतित होने लगे है। मार्च माह शुरू होते ही तापमान में निरंतर इजाफा हो रहा है। दिन के साथ रात के तापमान में भी बढ़ोतरी होने लगी है। अचानक तापमान बढ़ने से गेहूं की लहलहा रही हरी भरी फसलें पीलापन लेने लगी हैं। किसानों के अनुसार यह तापमान में हुए इजाफे का असर है। तापमान बढ़ने से गेहूं की फसल की कटाई 15 मार्च के बाद शुरू होने के आसार बनने लगे है। जबकि अमूमन गेहूं की कटाई अप्रैल माह में शुरू होती है लेकिन जिस तरह के हालात बनते जा रहे हैं। उससे गेहूं की कटाई 15 दिन पूर्व शुरू होने का अनुमान है। किसान मानसिंह, उदयभान, इंद्रपाल यादव, नवीन यादव, सुरेश कुमार, धीरेंद्र यादव आदि ने बताया कि दिन में तेज धूप निकलने तथा रात में सर्दी के बजाय गर्मी बढ़ने से गेहूं की उत्पादन क्षमता कम होने की आशंका है क्योंकि तापमान बढ़ने से गेहूं की फसल अचानक पीली पड़ने लगी है। इससे लगता है कि फसल 15 दिन पूर्व ही पककर तैयार हो जाएगी। अगर ऐसा ही हाल बना रहा और तापमान लगातार बढ़ता गया तो तय है कि गेहूं की उत्पादन क्षमता में असर पड़ेगा। क्योंकि इस समय गेहूं को गर्मी की नहीं बल्कि सर्दी की जरूरत है। सर्वाधिक असर पिछैती गेहूं पर पड़ने की संभावना है। अगौती फसल फिलहाल कम प्रभावित होगी। कृषि रक्षा इकाई के तकनीकी सहायक अजित कुमार शुक्ला के अनुसार बढ़ता हुआ तापमान गेहूं की फसल को अवश्य प्रभावित करेगा। किसानों को गेहूं में 15 दिन के अंदर पानी देने की जरूरत है। इससे काफी हद तक उत्पादन प्रभावित होने से रुकेगा।

# सफाई व्यवस्था दुरुस्त न हुई तो नगर पालिका अधिशासी अधिकारी के खिलाफ होगी दण्डात्मक कार्यवाही

- जगह-जगह गंदगी मिलने पर डीएम ने दिए निर्देश

चित्रकूट । जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह द्वारा शुक्रवार को संयुक्त रूप से रामघाट, सीतापुर एवं बेड़ी पुलिया क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने रामघाट के समीप पार्किंग हेतु प्रस्तावित विवादित भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने तहसीलदार को निर्देशित किया कि तत्काल भूमि की पैमाइश कराकर स्थिति स्पष्ट करें तथा अवैध अतिक्रमण को अविलंब हटाया जाए।

रामघाट पुलिस सहायता केंद्र निरीक्षण के दौरान रामघाट प्रवेश द्वार पर लगे अवैध पोस्टर व पंपलेट देख उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि शहर में अवैध रूप से प्रचार सामग्री लगाने वालों के विरुद्ध जुर्माना अधिरोपित कर विधिक



कार्रवाई की जाए। राजस्व वृद्धि हेतु उन्होंने विज्ञापन सामग्री के लिए विधिवत टेंडर प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने 1122.58 लाख की लागत से बन रहे पर्यटन सुविधा केंद्र का जायजा लिया। उन्होंने बाउंड्री वॉल से सटी निजी दीवार को हटाने तथा गेट पर रखे अवैध लकड़ी के स्टालों को हटाकर संबंधित पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। यूपीटीयू चैराहे पर बंधन योजना के तहत प्रस्तावित पर्यटन सूचना केंद्र हेतु सोमवार तक तहसीलदार व अधिशासी अधिकारी कर्वी को संयुक्त निरीक्षण आख्या प्रस्तुत करने को कहा गया। मेले के दौरान बढ़ती भीड़ को देखते हुए बेड़ी पुलिया क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक ने तहसीलदार को पार्किंग हेतु भूमि चिह्नित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने रामसैया के पास भी पार्किंग स्थल विकसित करने की बात कही। बेड़ी पुलिया चैराहे को अर्ध-चक्राकार आकार में विकसित करने का सुझाव दिया गया ताकि यातायात सुचारू रहे। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई संतोषजनक न मिलने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी से कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि सड़क किनारे लगी दुकानों को यात्री शेड एवं शौचालय के आगे समतलीकरण कराकर वेंडिंग जोन में स्थानांतरित किया जाए। साथ ही बेड़ी पुलिया चैराहे पर चैड़ीकरण हेतु विभागीय मद से कार्य कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी कर्वी, तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

**होली मिलन समारोह 8 को**

**इकदिलए इटावा।** परशुराम सेवा समिति का होली मिलन समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन 8 मार्च दिन रविवार को सुबह 9 बजे से एसआरएलटी कॉलेज इकदिल में किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉण् सुशील सम्राट व प्रदेश महामंत्री विनय कुमार द्विवेदीए जयशिव मिश्रा ने बताया कि होली मिलन एवं काव्य गोष्ठी इटावा के अलावा औरैया जनपद के पदाधिकारी भी भाग लेगें स उन्होंने परशुराम सेवा समिति के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों से कार्यक्रम में निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में रिक्त पदों के लिए हुआ साक्षात्कार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** जिले के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में लंबे समय से रिक्त चल रहे पदों को भरने की प्रक्रिया के तहत शुक्रवार को विकास भवन सभागार में अभ्यर्थियों के साक्षात्कार आयोजित किए गए। साक्षात्कार में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने भाग लिया।

जानकारी के अनुसार जिले के पांच कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय ;कक्षा 6 से 8द्ध तथा दो उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के लिए रिक्त पदों पर चयन की प्रक्रिया चल रही है। इसी क्रम में कस्तूरबा गांधी इंटर कॉलेज के लिए कुल 12 पदों पर साक्षात्कार किया गया। इनमें 8 अध्यापिकाएं 3 प्रयोगशाला सहायक 1 कार्यालय अधीक्षक 1 चपरासी तथा 3 रसोइयों के पद शामिल हैं।

कस्तूरबा गांधी जूनियर विद्यालयों के लिए 10 पदों के लिए साक्षात्कार कराया गया। इनमें अंग्रेजी का 1 पद हिंदी का 1 पद गणित के 2 पद सामाजिक विज्ञान के 2 पद एक पूर्णकालिक शारीरिक शिक्षिका एक लेखाकार तथा 2 सहायक रसोइयों के पद शामिल हैं।

बताया गया कि कस्तूरबा गांधी विद्यालय कमालगंज में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए लगभग एक वर्ष पूर्व ही आवेदन प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी लेकिन शासकीय स्तर पर विभिन्न कारणों के चलते नियुक्तियां नहीं हो सकीं। इसके चलते विद्यालय का संचालन लंबे समय तक केवल कागजी स्तर पर ही चलता रहा। स्थिति यह रही कि कक्षा 9 में प्रवेश लेने वाली दो दर्जन से अधिक छात्राओं को पर्याप्त स्टाफ न होने के कारण जूनियर विद्यालय में ही पढ़ाई करने को मजबूर होना पड़ा। विद्यालय में शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के अभाव में छात्राओं की पढ़ाई भी प्रभावित रही। अब साक्षात्कार प्रक्रिया पूरी होने के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि शासन स्तर से जल्द नियुक्तियां कर दी जाएंगीए जिससे नए शैक्षिक सत्र में विद्यालयों का संचालन सुचारू रूप से हो सके और छात्राओं को बेहतर शिक्षा व्यवस्था मिल सके।

# सांसद ने योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की

इटावा। सांसद जितेन्द्र कुमार दोहरे की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सांसद ने योजनाओं के संचालन एवं विकास कार्यों के संबंध में दिए गए दिशा.निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की। उन्होंने सर्वप्रथम मनरेगाए एनआरएलएम दीनदयाल अंत्योदय योजनाए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनाए राष्ट्रीय सामाजिक सहायताए कृषि विकास योजना सहित अन्य सभी योजनाओं की समीक्षा की। कृषि विभाग योजना के अंतर्गत उप निदेशक कृषि द्वारा बताया गया कि फसल बीमा योजना में जांच कराकर भुगतान कराया जाता हैए जिसपर सांसद द्वारा बताया गया कि ब्लॉक वार बीज वितरण किया जाए एवं इसकी सूची उपलब्ध कराई जाए। विधायक भरथना द्वारा एडीपीआरओ को अवगत कराया गया कि सफाई कर्मी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई नहीं की जा रही है।

उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि टीवी रोगियों को पोषण किट जनप्रतिनिधिगण द्वारा बटवाई जाए साथ ही कहा कि एमओआईसी बसरेहर विकास सचान द्वारा अक्सर बाहर की दवा लिखी जाती हैए इसकी जांच अवश्य कराई जाए। उन्होंने कहा कि डॉण् श्रीनिवास की जांच की जाए एवं इनका तावदला किया जाए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु कमेटी बनाई जाए एवं सीएचसी पर कितने लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड द्वारा लाभ दिया जा रहा है उसकी सूची उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि सभी सीएचसी पर दवा बाहर से न लिखी जाए एवं अस्पताल से ही दी जाए। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ताखा ब्लॉक में जर्जर भवन का ध्वस्तीकरण करा दिया गयाए वहां के बच्चे बरामदे व हॉल में बैठकर पढ़ते है इसलिए भवन का तत्काल निर्माण कराया जाए। उन्होंने कहा कि 1484 विद्यालय हैए सभी मे मध्यान भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विधायक भरथना द्वारा बताया गया कि चितभवन पुलिया पर जाम की स्थिति अत्यधिक रहती हैए जाम से निपटने के लिए वहां पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाए। सांसद ने एआरटीओ को निर्देश दिये कि ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाई जाए। बैठक के दौरान विधायक भरथना राघवेंद्र गौतमए सदर विधायक प्रतिनिधि हरिनारायण बाजपेईए विधायक जसवन्तनगर प्रतिनिधि ध्रुव यादव चीनीए रामगोपाल के प्रतिनिधि गोपाल यादवए जनप्रतिनिधिगणए जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्लए मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतमए सामाजिक निदेशक वानिकी विकास नायकए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाण् बृजेन्द्र कुमारए जिला विकास अधिकारी राकेश कुमार सहित अन्य समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**रियलमी ने सी-सीरीज़ में सी83 5जी का किया लॉन्च**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** भारतीय युवाओं के सबसे पसंदीदा स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज अपनी सी-सीरीज़ में रियलमी सी83 5जी का लॉन्च किया, जो लंबी बैटरी लाईफ, अल्ट्रा-स्मूथ विज़्युअल और भरोसेमंद 5जी परफॉर्मेंस प्रदान करने के लिए बनाया गया है। यह स्मार्टफोन उन यूज़र्स के लिए है, जो एंड्योरेंस के साथ विश्वसनीयता पसंद करते हैं। इसलिए रियलमी सी83 5जी में सेगमेंट की सबसे शक्तिशाली 7000 एम.एम.एच बैटरी के साथ 144 हट्र्ज़ का डिस्प्ले दिया गया है, जो 4 साल तक स्मूथ परफार्मेंस प्रदान करेगा। रियलमी सी83 5जी में अपने सेगमेंट की सबसे शक्तिशाली 7000 एमएएएच की टाईटन बैटरी दी गई हैए जो पूरे दिन तक आराम से चलती है। यह डिवाईस लंबे समय तक भरोसेमंद परफॉर्मेंस के लिए बनाई गई है, जो 4 साल तक स्थिर और स्मूथ परफॉर्मेंस प्रदान करती है। यह स्मार्टफोन 4जीबी और 6जीबी एलपीडीडीआर4एक्स रैम के साथ 64 जीबी और 128जीबी स्टोरेज विकल्पों में उपलब्ध है। डायनामिक रैम एक्सपैंशन की मदद से रैम को 18जीबी तक बढ़ाकर बेहतर मल्टीटास्किंग स्पीड प्राप्त की जा सकती है। यह 2टीबी तक के ओटीजी स्टोरेज एक्सपैंशन को सपोर्ट करता है। इसका वजन केवल 212 ग्राम है और यह फ्लेम ग्रीन एवं फ्लेम ब्लू रंगों में उपलब्ध होगी। इसमें एक रिस्पॉन्सिव साईड फिंगरप्रिंट सेंसर दिया गया है, जो लगभग 421 मिलीसेकंड में ही डिवाईस को अनलॉक कर देता है।

**एमेज़ॉन ने एडब्लूडब्लूए के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर आज एमेज़ॉन इंडिया ने आर्मी वीमेन वैलफेयर एसोसिएशन के साथ एक मैमोरेंडम ऑफअंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू के अंतर्गत सैन्य परिवार की महिलाओं को उद्यमिता के अवसर प्रदान किए जाएंगे। एमेज़ॉन की वार्षिक ईवेंट, एलिवेटहर में घोषित इस एमओयू के अंतर्गत एडब्लूडब्लूए के साथ रजिस्टर्ड सैकड़ों महिला उद्यमियों, सैनिकों की पत्नियों, पूर्व सैनिकों की पत्नियों, वीर नारी और सैन्य विधवाओं को साल 2029 तक एमेज़ॉन.इन पर अपना बिज़नेस शुरू करने और उसका विस्तार करने में सहायता दी जाएगी। इस एमओयू के अंतर्गत एमेज़ॉन द्वारा ई-कॉमर्स और मार्केटप्लेस की कारगर विधियों के बारे में संरचनाबद्ध ऑनबोर्डिंग और ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी। एडब्लूडब्लूए उद्यमियों को एमेज़ॉन के फुलफिलमेंट और लॉजिस्टिक नेटवर्क का सहयोग भी दिया जाएगा तथा उनके प्रोडक्ट्स एमेज़ॉन सहेली स्टोरफ्रंट पर विज़िबल कराए जाएंगे। एमेज़ॉन के इस सहयोग से मिलिटरी परिवार की महिलाओं को पूरे भारत के ग्राहकों तक पहुँच प्राप्त होगी, जिससे उनके लिए एक सस्टेनेबल आय का निर्माण होगा। दीप्ति वर्मा, वाईस प्रेसिडेंट पीएक्सटी एमेज़ॉन स्टोर्स इंडिया जापान और इमर्जिंग मार्केट्स ने कहा हमें मिलिटरी परिवार की महिलाओं को उद्यमिता के अवसर प्रदान करने के लिए एडब्लूडब्लूए के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। एमेज़ॉन में हम उन्हें अपना सस्टेनेबल ऑनलाईन बिज़नेस स्थापित करने में अपना सहयोग और बाजार की पहुँच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस सहयोग के माध्यम से महिला उद्यमी एमेज़ॉन.इन पर संरचनाबद्ध ऑनबोर्डिंग सहायता तथा मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगी, जिससे उन्हें एमेज़ॉन.इन पर अपना बिज़नेस स्थापित करने और उसे आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

# पुलिस लाइन में रंगीन पानी की बौछार अबीर गुलाल लगाकर खेली गई होली



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** पुलिस लाइन में एसपी के साथ सभी पुलिस कर्मियों ने कर्तव्य के साथ रंगों का संगम फतेहगढ़ पुलिस परिवार में होली का उल्लास !

के साथ मनाया गया होली का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह डिप्टी अमरपाल सिंह ऐश्वर्या उपाध्याय समेत पुलिस कर्मियों ने एक दूसरे पर पर रंग लगाया फिर पुलिस के सभी परिजन रंग में सराबोर हो गए आर आई अविचल पांडे मौजूद रहे । रंगीन पानी की बौछार और आमिर गुलाल एक दूसरे को लगाकर जमकर होली खेली गई

सभी अधिकारी व कर्मचारियों ने एक.दूसरे को अबीर.गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दी।

## घर में अकेली महिला को जबरन कार में ले जाने का आरोप सामूहिक दुष्कर्म की शिकायत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फीरोजाबाद।** जनपद फिरोजाबाद के थाना एका क्षेत्र के ग्राम नगला वित्तर की निवासी एक महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर गांव के कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का कहना है कि 26 फरवरी 2026 की रात लगभग 10 बजे वह घर पर अकेली थी तभी गांव के ही कुछ लोग उसके घर में घुस आए और उसे जबरन अपने साथ ले गए। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने उसे धमकाते हुए सुनसान स्थान पर ले जाकर उसके साथ गलत कार्य किया। किसी तरह वहां से निकलकर उसने परिजनों को घटना की जानकारी दी और डायल 112 पर भी सूचना दी। पीड़िता का कहना है कि उसने 2 मार्च 2026 को एसएसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर मामले में कार्रवाई की मांग की लेकिन अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं हुआ है। महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई कराने और न्याय दिलाने की मांग की है।

# दुकान पर अवैध शराब बिक्री की जांच में पहुंची पुलिस से झड़प में पांच गिरफ्तार

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** कायमगंज संवाददाता नगर से सटे गांव प्रेम नगर में अवैध शराब की बिक्री की सूचना पर पहुँचे उपनिरीक्षक और हमराहियों के साथ आरोपित परिवार और उनके सहयोगियों ने गाली.गलौज करते हुए मारपीट की और सरकारी कार्य में बाधा डाली। पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से दंपति के साथ दो पुत्रियां और समेत दो पांच को गिरफ्तार कर लिया हैए जबकि दंपति का पुत्र भागने में सफल रहा।

मंडी चौकी प्रभारी बलबीर सिंह अपनी टीम के साथ होली और होलिका दहन के मद्देनजर गश्त पर थे। इसी दौरान सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना मिली कि प्रेमनगर स्थित एक दुकान पर अवैध शराब बेची जा रही है। सूचना की पुष्टि मुखबिर द्वारा किए जाने के बाद पुलिस टीम प्रेमनगर गांव स्थित विजय राजपूत की दुकान पर पहुँची। जब पुलिस टीम वायरल वीडियो की जांच कर रही थी तभी आरोपी विजय राजपूतए उसकी पत्नी मीना बेटा अजय बेटियाँ सौम्या व अंजू और पड़ोसी सनी ने पुलिस पर हमला बोल दिया। आरोपियों ने पुलिसकर्मियों के साथ लात.घूंसों से मारपीट की और सरकारी कार्य में बाधा डाली। इतना ही नहीं खुद को फंसता देख आरोपियों ने अपनी ही दुकान का सामान सड़क पर फेंक दिया और पुलिस को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगे। विवाद बढ़ता देख मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। पुलिस ने आवश्यक बल प्रयोग करते हुए मौके से विजय राजपूत सनी मीना अंजू और सौम्या को गिरफ्तार कर लिया। जबकि अफरा.तफरी का फायदा उठाकर विजय का बेटा अजय मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार हंगामे और शांति व्यवस्था भंग होने की स्थिति के कारण तत्काल दुकान की तलाशी नहीं ली जा सकी।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। फरार आरोपी की तलाश जारी है ।

# कर की टक्कर से ससुर की मौत बेटा-दामाद घायल

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** कायमगंज नगर के मेहदिया बली मजार के पास कार की जोरदार टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की दर्दनाक मौत हो गई जबकि उनका पुत्र और दामाद गंभीर रूप से घायल हो गए। मौत पर परिवार में कोहराम मच गया। होली की खुशियां मातम में बदल गई। जौरा गांव निवासी 40 उमेश चंद्र कठेरिया गुरुवार को अपने 15 वर्षीय पुत्र योगेश और दामाद उदय राजनिवासी सौरिख कन्नौज के साथ बाइक से कायमगंज बाजार आ रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जैसे ही उनकी बाइक मेहदिया वली मजार के पास मुख्य मार्ग पार कर घसिया चिलौली रोड की ओर मुड़ी तभी सामने से आ रही एक अनियंत्रित तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों सड़क पर काफी दूर जा गिरे।

हादसे के बाद चालक कार समेत मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने उमेश चंद्र को मृत घोषित कर दिया। दामाद उदय राज की नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं पुत्र योगेश का उपचार जारी है। मृतक उमेश चंद्र अपने परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे और नगर के एक गोदाम में मजदूरी कर परिवार का भरण.पोषण करते थे।

परिजनों ने बताया कि उमेश की चार संतानों में से सिर्फ बड़ी बेटी नेहा की शादी 9 माह पहले हुई थी। दामाद उदय राज अपनी पहली होली मनाने ससुराल आया थे लेकिन किसी को क्या पता था कि त्योहार से पहले ही घर में मातम पसर जाएगा। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची। जांच पड़ताल हुई। मृतक की पत्नी सुनीता देवी बच्चों और परिवार का रो.रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और फरार कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# श्री खाटू श्याम राधा कृष्ण मंदिर ट्रस्ट की बैठक मे आय व्यय ब्योरा दिया गया

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**छिबरामऊ कन्नौज।** श्री खाटू श्याम राधा कृष्ण मंदिर ट्रस्ट की बैठक का आयोजन ट्रस्ट के अध्यक्ष के आवास पर संपन्न हुई।

श्री खाटू श्याम राधा कृष्ण मंदिर ग्रेसीगंज ट्रस्ट के अध्यक्ष विपिन द्विवेदी के आवास पर ट्रस्ट की बैठक हुई जिसमें में आए हुए रुपए हुआ खर्च किए गए रुपए का विस्तृत विवरण कुल खर्च 1031108 नगद प्राप्त हुआ डेढ़ लाख रुपए की लगभग सामग्री दान में आई कुल मिलाकर जिसमें कुल दान 608 371 जिसमें लगभग डेढ़ लाख रुपए की सामग्री शामिल है मंदिर को प्राप्त हुआ 8 दिन की लगभग 60कुंतल आटा572737 कृपया का खर्च विपिन द्विवेदी शिप्रा द्विवेदी प्रधान ने अपने पास से खर्च किया दानदाताओं के नाम उनकी सहमति लेकर फेसबुक व व्हाट्सएप ग्रुप पर डाल दिए जाएंगे मंदिर में सुबह शाम आरती व विद्वत पूजा अन्य व्यवस्थाओं में चर्चा हुई बैठक में पंकज वर्मा अंकित तिवारी पवन गुप्ता जितेंद्र गुप्ता आशुतोष दुबे रविंद्र गुप्ता देव पीयूष गुप्ता शिवम त्रिपाठी श्याम विनीत त्रिपाठी प्रवीण रजत त्रिपाठी वैभव दुबे विनीत दुबे शाहित भक्त मौजूद रहे बैठक में



कोषाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी का स्वास्थ्य ठीक ना होने के कारण नहीं पहुंच सके फोन से वार्ता कर ट्रस्ट के अध्यक्ष द्वारा कमेटी के सामने हिसाब किताब रखा कमेटी अध्यक्ष ने बताया कि श्रृंगार पूजा प्रतिदिन होगी जिसमें जो श्रद्धालु अपना योगदान करना चाहे वह संपर्क कर सकते हैं ट्रस्ट का व्हाट्सएप ग्रुप वी फेसबुक ग्रुप भी बनाया गया है जिस पर विस्तृत जानकारी दे दी जाएगी।

# मनुष्य को नकारात्मक प्रवृत्तियों का त्याग कर सद्गुणों को अपनाना चाहिए-हरिशंकर

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो**

**फर्रुखाबाद।** कमालगंज क्षेत्र के ग्राम गदनपुर देवराजपुर में आर्य समाज का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव आज वैदिक परंपरा के तहत प्रारम्भ हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रातःकालीन यज्ञ से हुआ जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर परमात्मा से विश्व शांति समाज की उन्नति और मानव कल्याण की कामना की।

यज्ञ के दौरान वैदिक मंत्रों की पावन ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा। इस अवसर पर वैदिक विद्वान आचार्य हरिशंकर अग्निहोत्री ने वैदिक ऋचाओं के साथ यज्ञ सम्पन्न कराया। उन्होंने यज्ञ की गहन आध्यात्मिक व्याख्या करते हुए कहा कि यज्ञ केवल अग्नि में हवन सामग्री समर्पित करने का कर्म नहीं बल्कि यह मनुष्य के जीवन में त्याग सेवा और परोपकार की भावना का प्रतीक है। यज्ञ हमें यह शिक्षा देता है कि जैसे हवन की आहुति अग्नि में समर्पित होकर वातावरण को शुद्ध करती है वैसे ही मनुष्य को अपने जीवन में



लोभ क्रोध अहंकार और स्वार्थ जैसी नकारात्मक प्रवृत्तियों का त्याग कर सद्गुणों को अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वास्तविक यज्ञ वही है जिसमें मनुष्य अपने श्रेष्ठ विचारए उत्तम कर्म और सामर्थ्य को समाज के कल्याण के लिए समर्पित करे ।

कार्यक्रम में आचार्य प्रदीप शास्त्री ने अपने मधुर भजनों के माध्यम से जनसमूह भावविभोर हो उठा। अलीगढ़ से पधारी आर्य उपदेशिका रीमा आर्या ने मातृशक्ति को जागृत करने वाले प्रेरणादायी गीत प्रस्तुत किए और नारी शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला।

वार्षिकोत्सव के प्रथम दिवस के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु आर्य समाज के कार्यकर्ता तथा क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। तीन दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में प्रतिदिन यज्ञ भजन प्रवचन तथा वैदिक विचार गोष्ठियों के माध्यम से समाज में नैतिकता संस्कार और वैदिक संस्कृति के प्रचार.प्रसार का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम में संदीप आर्य हरिदेव शास्त्री पण्गंगाधर आर्य रामप्रकाश आर्य हरिसिंह आर्य अर्जुन सिंह आर्य जयपाल आर्य मैनेजर सिंह आर्य गंगा सिंह मंजू नेहा आदि मौजूद रहे

## खबर एक नज़र

### सेना में सोल्जर टेक्निकल नर्सिंग असिस्टेंट पद पर चयन



**छिबरामऊ ।** नगर के एक होनहार युवकए अभय दुबेए ने भारतीय सेना में श्सोल्जर टेक्निकल नर्सिंग असिस्टेंटश् के पद पर चयनित होकर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अभय की इस सफलता से उनके परिजनों और शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है ।

कड़ी मेहनत और पारिवारिक पृष्ठभूमि नगर के विशुनगढ़ सड़क निवासी मदन मोहन दुबे के पुत्र अभय दुबे ;उर्फ लकीद्ध एक साधारण परिवार से आते हैं। उनके पिता परिवार के भरण.पोषण के लिए ट्रक चालक की नौकरी करते हैं। अपने पिता की कड़ी मेहनत और संघर्ष को देखकर अभय ने उनके कंधों से जिम्मेदारी का बोझ कम करने का निश्चय किया था। इसी संकल्प के साथ उन्होंने कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से अग्निवीर भर्ती की तैयारी शुरू की और अपनी लगन के दम पर यह मुकाम हासिल किया। प्रारंभिक शिक्षा अभय ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई जेडी जनता इंटर कॉलेज से पूरी कीए उन्होंने छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री प्राप्त कीए वह पिछले करीब एक साल से कड़ी मेहनत के साथ अग्निवीर भर्ती की तैयारी में जुटे थे। अभय की इस उपलब्धि पर उनकी दादी प्रभा दुबेए माँ सरोज दुबे और बहनें अंजलिए प्रज्ञा व आस्था बेहद प्रसन्न हैं। इसके अलावा हिंदू जागरण मंच के अनुज दुबेए राजीव दीक्षितए फौजी और श्याम मोहन दुबे ने भी अभय को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। जेडी जनता इंटर कॉलेज के शिक्षकों और प्रधानाचार्य ने भी अभय के चयन पर गर्व व्यक्त किया है।

### अवैध तमंचों के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**छिबरामऊ ;कन्नौज।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत छिबरामऊ पुलिस ने दो युवकों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़े गए अभियुक्तों के पास से 315 बोर के दो अवैध तमंचे और कारतूस बरामद हुए हैं। ताजपुर रोड पर घेराबंदी कर पकड़े गए आरोपी

पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार पटेल के मार्गदर्शन में क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। क्षेत्राधिकारी सुरेश कुमार के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक विष्णुकान्त तिवारी की टीम ने ताजपुर रोड स्थित श्अंधा मोड़श् के पास संदिग्धों को घेरा। पुलिस टीम ने मौके से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कियाए जिनकी पहचान संजेश कुमार सक्सेना ;51 वर्षए निवासी गीतापुरमए छिबरामऊद्ध और अभिषेक उर्फ कपिल जाटव ;20 वर्षए निवासी भोंगावए मैनपुरीद्ध के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान अभियुक्त संजेश कुमार के कब्जे से एक 315 बोर का अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। वहींए दूसरे अभियुक्त अभिषेक के पास से भी एक अवैध देशी तमंचा बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकद्दमा पंजीकृत किया है। आवश्यक विधिक कार्यवाही के बाद पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना प्रभारी विष्णुकान्त तिवारीए उ0नि0 मनुज चौधरी व सुरेश कुमार। हे0कां0 सुखवीर सिंहए कां0 सुनीलए नीरजए मनीचन्द्र और दुष्यन्त शर्मा मौजूद रहे ।

### कार व बाइक की भिड़न्त में दो लोगों की मौत

भरथनाए इटावा। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत गुरुवार की शाम करीब 3 बजे भरथना.बकेवर मार्ग स्थित ग्राम मोढ़ी के समीप भरथना की ओर से बकेवर जा रही एक तेज रफ्तार कार ने बकेवर की तरफ से आ रही एक बाइक में सीधी जोरदार टक्कर मार दीए जिसमें बाइक सवार आकाश सविता 25 वर्ष पुत्र होम सिंह सविता व कन्हैया पोरवाल 30 वर्ष पुत्र अरुण पोरवाल उर्फ बड़े निवासी मुहल्ला महावीर नगर भरथना की घटनास्थल मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि घटना को अंजाम देकर कार में सवार कार छोड़कर सभी भाग जाने में सफल हो गए। तेज रफ्तार कार की टक्कर से हुए दर्दनाक सड़क हादसा देख राहगीर और पास के खेतों में कृषि कार्य कर रहे किसानों का दिल दहल गया।

राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंच घटना में शामिल कार को मौके से कब्जे में लेकर बाइक सवार दोनों युवकों की शिनाख्त कराकर परिजनों को खबर भेज दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेज दिया है। वहीं पुलिस ने फरार कारसवारों की तलाश शुरू कर दी है। मौके पर मौजूद और प्रत्यक्षदर्शियों की मानेंए तो पुलिस ने मौके से बरामद की गई कार से शराब की कई खाली बोतलें बरामद की हैंए अनुमान लगाया जा रहा है कि कार सवार सभी शराब के नशे में बुरी तरह धुत्त थे और सड़क पर तेज रफ्तार दौड़ रही थी। हादसे में एक साथ दो युवाओं की मौत की खबर से मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

**अमेज़न पर वापस आ रही है इलेक्ट्रॉनिक्स प्रीमियर लीग**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** अमेजन इंडिया ने आज घोषणा की कि सैमसंग गैलेक्सी एआई से संचालित इलेक्ट्रॉनिक्स प्रीमियर लीग की वापसी हो रही है, जो 6 मार्च से शुरू होगी। इस क्रिकेट सीजन में ग्राहक नवीनतम स्मार्टफोन, स्मार्ट टीवी, लैपटॉप और टैबलेट से लेकर एयर कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, कैमरा, ऑडियो डिवाइस समेत कई उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों पर शानदार डील और ऑफर पा सकेंगे। इस दौरान पावर प्ले डील्स के तहत बेहतरीन ऑफर का चयनित संग्रह पेश किया जाएगा, जिन्हें पूरे आयोजन के दौरान हर दिन अपडेट किया जाएगा। ग्राहकों को उत्पादों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड और ईएमआई ट्रांजैक्शन पर 4,500 रुपये तक का इंस्टेंट बैंक डिस्काउंट, नो कॉस्ट ईएमआई विकल्प और आकर्षक एक्सचेंज ऑफर का लाभ मिलेगा। इससे नए इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों में अपग्रेड करना पहले से कहीं ज्यादा आसान हो जाएगा।अमेजन इंडिया की डायरेक्टर-कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स जेबा खान ने कहा पिछले साल का ईपीएल हमारी उम्मीदों से भी आगे रहा और इस साल हम उस महत्वाकांक्षा को हर स्तर पर और आगे बढ़ा रहे हैं। इस वर्ष हमारा फोकस एआई-संचालित डिवाइसों पर है, जैसे एआई पीसीए स्मार्ट टीवी और ऑन-डिवाइस एआई स्मार्टफोन और हम चाहते हैं कि ग्राहक इस बदलाव को सीधे अनुभव करें।

**अप्लास्टिक एनीमिया पर बीएसवी ने की समय पर जांच व इलाज की अपीलझ्र**

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, कानपुर।** अप्लास्टिक एनीमिया जागरूकता सप्ताह की थीम वॉयसेस ऑफस्ट्रेंथ एंड होप है, जिसका मतलब है लोगों को जागरुक करना और उनमें अप्लास्टिक एनीमिया के इलाज को लेकर उम्मीद जगाना। इसके तहत भारत सीरम एंड वैक्सीन्स लिमिटेड ने अप्लास्टिक एनीमिया के बढ़ते बोझ को कम करने के लिए जल्दी जांच, सही समय पर निदान और बेहतर रेफरल सिस्टम की जरूरत पर जोर दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार भारत में हर साल करीब 20,000 मामले सामने आते हैं। कई मरीजों की मौत इसलिए हो जाती है क्योंकि जरूरी इलाज जैसे स्टेम सेल ट्रांसप्लांट और इम्यूनोसप्रेसिव थेरेपी तक समय पर पहुंच नहीं मिल पाती। डॉ अंशुल गुप्ता, डायरेक्टर हेमेटोलॉजी और बीएमटी कैंसर केयर मेदांता लखनऊ ने कहा सीमित जागरूकता, जांच में देरी और विशेष डायग्नोस्टिक सुविधाओं तक असमान पहुंच, अप्लास्टिक एनीमिया के प्रबंधन में प्रमुख चुनौतियां बनी हुई हैं। कम ब्लड काउंट को कभी भी हल्के में नहीं लेना चाहिए। भारत में अक्सर कम ब्लड काउंट को सामान्य कारणों से जोड़ दिया जाता है, बिना पूरी जांच के। अप्लास्टिक एनीमिया के शुरुआती लक्षण आसानी से नजरअंदाज हो सकते हैं, क्योंकि कई मामलों में इसे अन्य प्रकार के एनीमिया समझ लिया जाता है। एप्लास्टिक एनीमिया के प्रभावी इलाज के लिए समय पर सही और सटीक जांच बहुत महत्वपूर्ण होती है। शिवानी शर्मा डेका, सीओओ, इंडिया बिजनेस बीएसवी ने कहा हम एप्लास्टिक एनीमिया के बारे में जागरूकता बढ़ाने, मरीजों और उनके देखभाल करने वालों की आवाज़ और अनुभवों को सामने लाने तथा निरंतर चिकित्सा शिक्षा के माध्यम से वैज्ञानिक जानकारी और प्रमाणों को बढ़ाने के लिए काम करते रहेंगे। यह प्रयास केवल जागरूकता सप्ताह तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि हर दिन जारी रहेगा।

# खाड़ी संकट के बीच उर्वरकों का हो रहा पर्याप्त भंडारण

## सप्लाई चेन में समस्याओं के बावजूद सरकार ने दिलाया खाद की कमी नहीं होने देने का विश्वास

**नई दिल्ली, ब्यूरो।** ईरान में जारी सैन्य संघर्ष की चपेट में कई खाड़ी देशों के आ जाने के कारण भले ही उर्वरकों की वैश्विक सप्लाई चेन पर भारी दबाव और प्रभाव दिख रहा हो लेकिन भारत ने आगामी खरीफ सीजन के लिए खाद का पर्याप्त भंडारण पहले ही कर लिया है और आगामी आवश्यकताओं के मद्देनजर भंडार का विस्तार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। केंद्र सरकार ने किसानों को आश्वस्त करते हुए विश्वास दिलाया है कि ना तो उन्हें खेती के लिए खाद की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी ना ही उर्वरक संयंत्रों में उत्पादन के लिए आवश्यक ईंधन की आपूर्ति को बाधित होने दिया जाएगा। देश में खाद के पर्याप्त भंडारण की मौजूदा स्थिति को लेकर कोई भ्रम का वातावरण ना बन सके इसके लिए सरकार ने खाद के मौजूदा स्टॉक के आंकड़े भी सार्वजनिक कर दिए हैं जिसके मुताबिक इस समय देश में पिछले साल की तुलना में खाद का 36.5 फीसदी अधिक भंडार मौजूद है। पिछले साल खरीफ सीजन से पूर्व मार्च के पहले सप्ताह में देश में 129.85 लाख मीट्रिक टन खाद उपलब्ध था जबकि मौजूदा समय में देश का खाद भंडार 177.31 लाख मीट्रिक टन पर पहुंच गया है। खास तौर से इस समय देश में डीएपी का 25.13 लाख मीट्रिक टन, एनपीके 55.87 लाख मीट्रिक टन और सबसे अधिक खपत वाले यूरिया का स्टॉक भी 59.30 लाख मीट्रिक टन हो गया है जिसके कारण आगामी दिनों में होने वाली बुवाई के दौरान किसानों को खाद की कोई कमी नहीं होगी। केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय की ओर से उक्त जानकारी देते हुए बताया गया है कि देश में खाद के भंडारण में हुई यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से अग्रिम भंडारण की आक्रामक रणनीति, दीर्घकालिक आयात समझौतों और समय पर आयात प्रबंधन का नतीजा है। हालांकि पश्चिम एशिया में में जारी सैन्य संघर्ष और राजनीतिक तनाव के कारण वैश्विक सप्लाई चेन प्रभावित हुई है और विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यदि संकट लंबा खिंचा तो यूरिया उत्पादन और डीएपी के आयात पर गंभीर असर पड़ सकता है और उर्वरकों की किल्लत हो सकती है। यह अंदेशा इसलिए प्रकट किया जा रहा है क्योंकि खाद और उर्वरक उत्पादन के लिए आवश्यक कच्चा माल और ईंधन के लिए कतर, ओमान और सऊदी अरब जैसे खाड़ी देशों पर भारत की बहुत अधिक निर्भरता है। ऐसे में भावी चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार ने अभूतपूर्व आयात रणनीति के तहत फरवरी 2026 तक 98 लाख मीट्रिक टन उर्वरकों का आयात कर लिया है जबकि अगले तीन महीनों के लिए 17 लाख मीट्रिक टन से अधिक की अतिरिक्त खेप पाइपलाइन में है। साथ ही भारतीय कंपनियों ने प्रमुख अंतरराष्ट्रीय उत्पादकों के साथ फॉस्फोरस और पोटाश जैसे उर्वरकों के लिए लंबी अवधि के आपूर्ति समझौते भी किए हैं जिससे कीमतों और सप्लाई की अस्थिरता और अनिश्चितता काफी हद तक दूर हो गई है। इसके अलावा उर्वरक विभाग ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के साथ समन्वय कर स्थिति की रीयल-टाइम मॉनिटरिंग भी शुरू कर दी है। इसी सिलसिले में हुई एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में स्पष्ट किया गया है कि उर्वरक क्षेत्र को गैस आपूर्ति राष्ट्रीय प्राथमिकता बनी रहेगी। साथ ही यह भी कहा गया है कि किसान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हैं और उनके हितों से किसी भी स्थिति में समझौता नहीं होगा।

# भटवारी व मतवार गांव में लगी ग्राम चौपाल



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया विकास खंड के ग्राम पंचायत भटवारी स्थित पंचायत भवन पर शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है। ग्राम चौपाल में एडीओ एजी नरेंद्र कानापुरिया व ग्राम प्रधान राजेश मौर्य सचिव कौशलेन्द्र राय के साथ अन्य अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। जिसमें ग्रामीणों ने पेंशन, आवास, शौचालय की समस्या को रखा। अधिकारियों ने ग्रामीणों की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया। सचिव द्वारा ग्रामीणों को शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दिया। जिसमें कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मुख्यमंत्री विवाह अनुदान योजना जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, निराश्रित महिला पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, जी राम जी आदि योजनाओ कि जानकारी दिया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने अन्नप्रासन व गोदभराई किया। मतवार पंचायत भवन पर एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव,सचिव शैलेंद्र, प्रधान लालबहादुर पाल ने जनता की समस्या सुना। जिसमें जल जीवन मिशन द्वारा हर घर नल योजना का पानी नहीं पहुंचने का मुद्दा छाया रहा। अधिकारियों ने समस्या के समाधान का अश्वासन दिया। इस दौरान चौपाल में स्वास्थ्य विभाग से आलोक यादव, रामगोपाल, कानूनगो शिव कुमार चौबे, लेखपाल विनोद कुमार, शिक्षक ब्रिजेस मिश्रा, जल जीवन मिशन कमलेश यादव आँगनवाड़ी कार्यकत्री व आशा मौजूद रहे।

## वारंटी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** न्यायालय द्वारा जारी वारंट के अनुपालन में क्षेत्र के नदौली गांव से पुलिस ने शुक्रवार को एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। न्यायालय द्वारा बार बार नोटिस दिए जाने के बावजूद न्यायालय में हाजिर नहीं होने पर नदौली गांव निवासी वारंटी विजय शंकर तिवारी को एसआइ रामविशाल ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि न्यायालय द्वारा जारी वारंट के अनुपालन में एक वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

## परिवार नियोजन के तहत पांच महिलाओं की हुई नसबंदी

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को परिवार नियोजन के तहत बंधयाकरण (नशबंदी)शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओ ने अपने क्षेत्र के आशा कार्यकर्त्ताओ के माध्यम से बन्ध्याकरण कराने के लिए पंजीकरण कराया शिविर में कुल आठ महिलाओ ने परिवार नियोजन के लिए बंधयाकरण नसबंदी के लिए उपस्थित हुई जिला मुख्यालय से आये सर्जन संतलाल ने महिलाओ का बंधयाकरण कराया है शिविर में पांच महिलाओ का बंधयाकरण नशबंदी किया है तीन महिलाए बन्ध्याकरण योग्य नही पाई गई इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की परिवार नियोजन के तहत शिविर में कुल पांच महिलाओ ने पंजीकरण कराया इस दौरान सहयोग में एआरओ संतोष कुमार,एलटी अनिल पटेल, अखिलेश तिवारी आदि मौजूद रहे।

## इंस्पायर अवॉर्ड योजना के लिए उच्च प्राथमिक विद्यालय के दो छात्रों का हुआ चयन

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** इंस्पायर अवार्ड योजना में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में हलिया ब्लॉक के दो छात्रों को चयनित किया गया है

। जिले में इंस्पायर अवार्ड योजना में जनपद स्तरीय विज्ञान व प्रोजेक्ट प्रतियोगिता के आयोजन में हलिया ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय वीरपुर की सीमा व सृष्टि का चयन हुआ है

इस प्रतियोगिता में जिले के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग किया । इस प्रदर्शनी में जिले के चयनित बाल वैज्ञानिक अपने हुनर को दिखाते हुए नवाचारी विज्ञान मॉडल व प्रोजेक्ट प्रस्तुत करेंगे। इस प्रस्तुति के जरिए बाल वैज्ञानिकों को विज्ञान, तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक माया राम ने बताया कि शासन के निर्देश पर विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को सरकार से प्रोत्साहन राशि दस हजार रुपये की राशि उनके खातों में भेजी जा चुकी है।

## स्कूटी के धक्के से घायल किसान की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कलां गांव में गुरुवार की रात आठ बजे के करीब दुकान पर सामान लेने जा रहे किसान को स्कूटी सवार ने पीछे से धक्का मार दिया। जिससे गंभीर रूप घायल किसान की उपचार हेतु अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हो गई। बंजारी कलां गांव निवासी 58 वर्षीय पन्ना लाल धरकार रात आठ बजे के करीब दुकान पर सामान लेने के लिए जा रहा था कि रिश्तेदारी में आए मध्यप्रदेश के सीधी जिला निवासी नशे में धुत स्कूटी चालक राम प्रताप ने पीछे से धक्का मार दिया। स्कूटी के धक्के से सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए किसान को आनन फानन में उपचार हेतु प्रधानपति संजय सिंह अपने निजी वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले गए। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद सिर में आई गंभीर चोट को देखते हुए रेफर कर दिया। प्रधान पति घायल किसान को परिजनों संग उपचार हेतु प्रयागराज जिले के स्वरूप रानी चिकित्सालय ले जा रहे थे कि रास्ते में दुर्जनीपुर गांव में गंभीर रूप से घायल किसान ने दम तोड़ दिया। स्वजनों की सूचना पर पहुंचे एसआइ मूलचंद वर्मा ने घटना की जांच पड़ताल करते हुए स्कूटी तथा मध्य प्रदेश निवासी स्कूटी चालक को हिरासत में ले लिया। मृतक किसान की पत्नी पुतली देवी की तहरीर पर पुलिस ने स्कूटी चालक राम प्रताप के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच में जुट गई है। प्रधान पति संजय सिंह ने बताया कि मृतक को तीन पुत्र हैं खेती बाड़ी और मेहनत मजदूरी कर परिवार का जीविकोपार्जन करते थे। थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि मध्यप्रदेश निवासी स्कूटी चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मध्य प्रदेश निवासी स्कूटी चालक को हिरासत में लेकर घटना की जांच की जा रही है।

## अधिवक्ता के मकान का ताला तोड़कर दो लाख की चोरी

**स्वतंत्र भारत (मिर्जापुर)।** कटरा कोतवाली क्षेत्र के सुरेकापुरम कॉलोनी में अधिवक्ता के मकान का ताला तोड़कर चोरों ने दो लाख का माल पार कर दिया। बच्चे का गुल्लक भी उठा ले गए। गुरुवार की रात अधिवक्ता गांव से जब घर लौटे तो घटना की जानकारी हुई।

सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है। लालगंज थाना क्षेत्र के चर्की कला गांव निवासी अमरेशचंद्र सिंह अधिवक्ता है। उनका कटरा कोतवाली क्षेत्र के सुरेकापुरम कॉलोनी में मकान है। वह परिवार के साथ तीन मार्च को होली पर अपने गांव लालगंज गए थे। गुरुवार की रात वापस लौटे तो मकान का ताला टूटा था, अंदर सारा सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मौका मुआयना कर वापस लौट गई। पीड़ित अधिवक्ता ने बताया कि 15 हजार नगदी समेत दो लाख रूपये का सामान गायब है। चोर बच्चे का गुल्लक भी उठा ले गए है। अधिवक्ता ने कटरा कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में कटरा कोतवाल वैद्यनाथ सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।


**अदालती सूचना**

विवाद्यकों के विथरीकरण के लिये सम्मन (आदेश 5 के नियम 1 और 5) (शीर्षक)
न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज (जू.डि.) कोर्ट नं 2 कानपुर नगर
वाद सं. 824/2025
1.विजय कुमार उम्र 69 वर्ष पुत्र शिव दत्त निवासी म० नं. बी–292 विश्व बैंक बर्रा कानपुर नगर...वादी
बनाम–1. अशोक कुमार दीक्षित बालिग पुत्र दिनेश चन्द्र दीक्षित 2. श्रीमती अर्पिता बालिग पुत्री अशोक कुमार दीक्षित दोनो निवासीगण म.नं. 156 बी, सराफान छिबरामऊ जिला कन्नौज हाल पता म० नं 170 एल. आई.जी. बर्रा–5 थाना बर्रा कानपुर नगर...प्रतिवादीगण
विजय कुमार ने आपके विरूद्ध निष्कास वसूली के लिये वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 23.3.2026 को दिन में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस वाद से संबंधित सभी साखान प्रश्नों का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज चाहे वह आपके कब्जे में शक्ति में हो या न हो अपनी प्रतिरक्षा मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी दस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 25.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, मुंसरिम/रीडर अपर सिविल जज (जू. डि.) कोर्ट नं 2 कानपुर नगर

सी.आर.-2773/ K-CN

**अदालती सूचना**

न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, फतेहपुर
याचिका संख्या – 221 सन् 2024
वन्दना प्रति सन्दीप
धारा– 125 (3) 128 सीआरपीसी थाना हुसैनगंज जिला–फतेहपुर।
यूंकि प्रत्युत्तरदाता– सन्दीप कुमार पुत्र सुरेन्द्र निवासी ग्राम बड़ागाँव थाना हुसैनगंज जिला फतेहपुर। हाल मुकाम पता– डायल 112 5159 थाना कन्नौज जिला कन्नौज उ.प्र.।
आपके विरुद्ध याची– श्रीमती वन्दना देवी पुत्री होरी लाल, पत्नी सन्दीप कुमार निवासी–हालमुकाम ग्राम बड़ागाँव थाना हुसैनगंज जिला फतेहपुर।
एतदद्वारा आप इस न्यायालय में दिनांक 17.04.2026 को, समय 10.30 बजे व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों और लिखित कथन/आपत्ति प्रस्तुत करते हुए अपना पक्ष प्रस्तुत करें एतदद्वारा, आप यह भी सूचना ग्रहण करें कि आपकों मामले की सम्यक, सूचना (समाचार अखबार पत्र में प्रकाशन) के पश्चात, यदि आप उपरोक्त वर्णित नियत तिथि पर, न्यायालय समय 04.30 बजे तक न्यायालय में अपनी व्यक्तिगत उपस्थिति में असफल रहते हैं तो आपके विरुद्ध मामले में एक पक्षीय कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी और आप अपने विरुद्ध डिक्री या आदेश पारित किये जाने के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। एतदद्वारा आप यह सूचना ग्रहण करें कि नियत तिथि पर उभयपक्ष को सुने जाने के पश्चात, कुटुम्ब न्यायालय द्वारा अग्रिम तिथि निश्चित करते हुए परामर्शदाता के समक्ष सुनवाई हेतु मामला सन्दर्भित किया जायेगा और न्यायालय द्वारा उभयपक्ष के मध्य शीघ्र सुलह कराने या उसके पश्चात मामले को शीघ्र निपटारा किये जाने का हर सम्भव प्रयास किया जायेगा। तत्सम्बन्धी आदेश कुटुम्ब न्यायालय फतेहपुर द्वारा दिनांक 26.02.2026 को पारित किय गया। आज्ञा से, मुंसरिम, अपर न्यायाधीश परिवार न्यायालय फतेहपुर।

सी.आर.-2773/ K-CN

स्वतंत्र भारत **वर्गीकृत**

**Notice**

I, Asad Anwar, have changed my name to Mohammad Asad. For all future matters, I should be known and recognized only as Mohammad Asad S/o Mohammad Anwar R/o 105, Ismail Estate Station Road, Fatehpur (UP) 212601. (33)

सी.आर.-2773/ K-33

**सूचना**

मैंने अपने पुत्र प्रशांत व उसकी पत्नी के व्यवहार से आजिज आकर संबंध विच्छेदकर चलअचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनके किसी कार्य की जिम्मेदारी अब मेरी न होगी। राधेलाल पुत्र छोटे लाल ग्राम नेवाजीखेड़ा, झूलूमऊ पोस्ट गंगादासपुर, थाना फतेहपुर 84 तहसील बांगरमऊ जिला उन्नाव।(39)

सी.आर.-2773/ K-39

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आर्मी रिकार्ड में मेरा नाम BIR PRATAP SINGH KUSHWAH दर्ज है। जबकि मेरी पुत्री कविता कुमारी के दस्तावेजों में कहीं B P SINGH है कहीं वीरप्रताप सिंह है। जबकि वीरप्रताप सिंह, B P SINGH व BIR PRATAP SINGH एक ही व्यक्ति है। पूर्व सैनिक वीरप्रताप सिंह कुशवाह पुत्र MANGAL SINGH KUSHWAH नि. राजेन्द्रनगर करमेररोड उरई (जालौन)।(45)

सी.आर.-2773/ K-45


## मिजोरम में खाद्यान्न आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण कदम

# पंजाब से सैरांग तक 25,900 कुंतल चावल रेल से पहुंचा, खाद्य आपूर्ति में सुधार हुआ



**स्वतंत्र भारत गोरखपुर।** मिजोरम में यात्री और मालगाड़ी सेवाओं की शुरुआत के साथ यात्री परिवहन और माल ढुलाई में महत्वपूर्ण परिवर्तन आया है। इस क्षेत्र में विकास होने से

### सैरांग में एफसीआई मालगाड़ी के पहुंचने से परिचालन क्षमताओं में वृद्धि हुई है और मिजोरम के लॉजिस्टिक्स और खाद्य वितरण नेटवर्क को मजबूती मिली है

पर्यटन बढ़ने के साथ-साथ संपर्क में सुधार हुआ है और आर्थिक विकास में भी योगदान मिला है। एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में, भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की पहली खाद्यान्न मालगाड़ी 3 मार्च, 2026 को सैरांग रेलवे स्टेशन पर पहुंची। इस मालगाड़ी में पंजाब से लगभग 25,900 क्विंटल चावल से भरे 42 डिब्बे थे। यह राज्य में रेल आधारित माल ढुलाई संपर्क को मजबूत करने और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति श्रृंखला को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सैरांग में एफसीआई की खाद्यान्न मालगाड़ी के सफलतापूर्वक पहुंचने से बढ़ती परिचालन क्षमता का पता चलता है। इससे मिजोरम के रसद एवं खाद्य वितरण नेटवर्क को सहयोग देने में रेलवे अवसंरचना की बढ़ती भूमिका स्पष्ट होती है। यह उल्लेख करना आवश्यक है कि 13 सितंबर, 2025 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 51.38 किलोमीटर लंबी बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन का उद्घाटन मिजोरम के लोगों के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी। इस महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजना ने राज्य की राजधानी आइजोल को भारत के रेलवे मानचित्र पर ला खड़ा किया है। इससे राज्य सीधे राष्ट्रीय रेलवे नेटवर्क से जुड़ गया है। परिवहन में सुधार के अलावा, इस नई रेल लाइन से आर्थिक विकास के महत्वपूर्ण अवसर पैदा होने और पूरे क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

**मिजोरम में माल ढुलाई का प्रदर्शन**

बैराबी-सैरांग खंड पर माल ढुलाई परिचालन चालू होने के बाद इसमें उल्लेखनीय गति आई है। यह उल्लेखनीय है कि उद्घाटन के तुरंत बाद 21 सीमेंट से भरे डब्बों वाली पहली मालगाड़ी को सफलतापूर्वक सैरांग ले जाने से राज्य में नियमित माल ढुलाई की शुरुआत हुई। अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक, सैरांग टर्मिनल ने 30 से अधिक मालगाड़ियों का संचालन किया गया। यह मिजोरम में रेल आधारित माल ढुलाई के क्रमिक विकास को दर्शाता है। इस अवधि के दौरान, टर्मिनल पर 3.5 रेक सीमेंट उतारी गई। सीमेंट के अलावा, रेल द्वारा संचालित अन्य वस्तुओं में ऑटोमोबाइल (2 रेक), उर्वरक (0.5 रेक), पत्थर के टुकड़े (20.5 रेक) और रेत (4 रेक) शामिल हैं। इन विविध वस्तुओं का संचालन सैरांग के एक उभरते माल ढुलाई केंद्र के रूप में बढ़ते उपयोग को दर्शाता है। यह बुनियादी ढांचे के विकास में सहयोग करता है और राज्य में निर्माण सामग्री और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति में सुधार करता है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में गुमटी में लगी आग, लाखों रुपये का सामान जलकर राख



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के महुगढ़ गांव में गुरुवार की रात्रि में संदिग्ध परिस्थितियों में गुमटी में आग लगने से गुमटी में रखा लाखों रूपये का सामान जलकर राख हो गया है। सूचना पर पहुँचे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने पीड़ित को हर सम्भव मदद दिलाने का आश्वासन दिया है। थाना क्षेत्र के महुगढ़ गांव निवासी राकेश गुमटी में किराना का सामान रखकर दुकान चलाते है गुरुवार की शाम दुकान बंद कर घर चले गए रात्रि करीब 1 बजे संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का अथक प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नही पा सके आग से गुमटी में रखा किराना का सामान जलकर राख हो गया सुबह से सूचना मिलने पर मौके पर पहुँचे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बिजेंद्र पाण्डेय ने आगजनी से हुई क्षति का आकलन करते हुए पीड़ित को हर सम्भव मदद दिलाने का आश्वासन दिया है ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बिजेंद्र पाण्डेय ने बताया की संदिग्ध परिस्थितियों में गुमटी में आग लगने से गुमटी में रखा करीब एक लाख रूपये का सामान जलकर राख हुआ है । आगजनी से हुई क्षति का आकलन कर पीड़ित को हर सम्भव मदद दिलाने का आश्वासन दिया गया है।

# धूम-धाम से निकाली गयी होली की बारात

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** ड्रमंडगंज बाजार में वर्षो से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए होली के दूसरे दिन गुरुवार को होली की बारात समाजसेवी लवकुश केशरी के नेतृत्व में धूम-धाम से निकाली गयी। बारात में शामिल सभी बाराती अबीर-गुलाल से सराबोर होते रहे। बारात में रथ पर भगवान भोलेनाथ दूल्हा बनकर बैठे रहे। ड्रमंडगंज थाना की पुलिस बारात की सुरक्षा व्यवस्था में लगी रही। बारात ड्रमंडगंज के रामलीला मैदान से शाम लगभग पांच बजे निकली जो बाजार के मुख्य मार्ग से होते हुए गड़बड़ा रोड पर रात्रि दस बजे तक विचरण करती रही।बारात में नवयुवक डीजे के धुन पर डांस करते चल रहे थे। बारात में मंगलदास जायसवाल, धीरज केशरी, पिन्टू केशरी,ज्ञान दास गुप्त, अंजनी सोनी,ओंकार केशरी,नरेन्द्र नारायण गुप्त,शंकर लाल पाल, विजयपाल, डाक्टर दिलीप कुमार गुप्ता,सुभाष सोनी, बसंत लाल, जुग्गीलाल, तारकेश्वर सहित सैकड़ों साल, तरुण व वरिष्ठ नागरिक शामिल रहे।रात्रि लगभग बारह बजे तक बारात ड्रमंडगंज बाजार के विभिन्न मार्गो पर घूमती रही। लवकुश केशरी ने बारातियों का आभार व्यक्त किया और इसी तरह आगे भी सामाजिक कार्यो में ग्रामवासियों बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।


**सार्वजनिक सूचना–** मकान नंबर 727/4 जुज भाग आराजी 4098 मोहल्ला मिश्रा कॉलोनी अ.न.प. उन्नाव 208021 जोकि श्रीमती अनीता मिश्रा पत्नी श्री राजकुमार मिश्रा से सुरेन्द्र शुक्ला व् धर्मेन्द्र शुक्ला व् संजय शुक्ला व् जीतेन्द्र शुक्ला पुत्रगण जुगुल शुक्ला ने क्रय किया था जो उप–पंजीयन कार्यालय सदर जिला उन्नाव में पुस्तक संख्या 01, खंड संख्या 10190 पृष्ठ 145 से 174 पर क्रमांक संख्या 1442 दिनांक 17.08.2015 पर पंजीकृत है, जिनमे से धर्मेन्द्र शुक्ला की मृत्यु हो गयी है जोकि अविवाहित थे, अब इस मकान का आधा भाग श्री राजेश दुबे पुत्र तुलसीराम दुबे निवासी उन्नाव को विक्रय किया जा रहा है और उनके द्वारा उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड में ऋण हेतु आवेदन किया गया है ऐसी दशा में अगर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो 7 दिनों के भीतर नीचे दिए गए पते पर संपर्क करें।
**एडवोकेट (अम्बुज शुक्ला)** चैंबर नंबर 12, दूसरी मंजिल, हर गोविंद शुक्ला अधिवक्ता भवन, सिविल कोर्ट कंपाउंड, सिविल लाइंस, कानपुर नगर, यू.पी.–208001 मो. 8896230111 ईमेल: ambuj706@gmail.com

सी.आर.-2773/ K

**कानपुर सेंट्रल - नई दिल्ली होली विशेष रेलगाड़ी का संचालन**

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित होली विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है:-

रेलगाड़ी संख्याः 04163/04164 कानपुर सेंट्रल-नई दिल्ली विशेष रेलगाड़ी

| गाड़ी सं. 04163 कानपुर सेंट्रल-नई दिल्ली | | | गाड़ी सं. 04164 नई दिल्ली-कानपुर सेंट्रल | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ----- | 22:30 | कानपुर सेंट्रल | 17:30 | ----- |
| 22:48 | 22:50 | पनकी धाम | 16:10 | 16:12 |
| 04:13 | 04:15 | अलीगढ़ जं. | 11:50 | 11:52 |
| 07:30 | ---- | नई दिल्ली | ----- | 09:30 |

**कानपुर सेंट्रल से:** रेलगाड़ी सं. 04163 दिनांक- 07.03.2026, 08.03.2026 एवं 09.03.2026. **नई दिल्ली से:** रेलगाड़ी सं. 04164 दिनांक- 08.03.2026, 09.03.2026 एवं 10.03.2026. **गाड़ी संरचनाः** सामान्य श्रेणीः 09, स्लीपर श्रेणीः 09, वातानुकूलित तृतीय श्रेणीः 01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणीः 01

नोटः- ट्रेन से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन नं0 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे
@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 508/26(DG)

**प्रयागराज से दिल्ली होली विशेष रेलगाड़ियों का झींझक स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव**

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान रखते हुए प्रयागराज से दिल्ली होली विशेष रेलगाड़ियों का **झींझक** स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

गाड़ी सं. 04143/04144/04145/04146/04147/04148 प्रयागराज-दिल्ली विशेष रेलगाड़ी का झींझक स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव

| गाड़ी सं.- 04143/04145/04147 | | | गाड़ी सं.- 04144/04146/04148 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 21:30 | प्रयागराज जं. | 23:45 | ---- |
| 01:13 | 01:15 | झींझक | 16:15 | 16:17 |
| 09:00 | ---- | दिल्ली | ---- | 10:15 |

गाड़ी सं. 04149/04150 प्रयागराज-दिल्ली विशेष रेलगाड़ी का झींझक स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव

| गाड़ी सं.- 04149 प्रयागराज-दिल्ली | | | गाड़ी सं.- 04150 दिल्ली-प्रयागराज | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 20:00 | प्रयागराज जं. | 23:45 | ---- |
| 23:53 | 23:55 | झींझक | 16:15 | 16:17 |
| 09:00 | ---- | दिल्ली | ---- | 10:15 |

नोटः- ट्रेनों से सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे
@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 517/26(A)

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



स्वतंत्र भारत

एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।
सम्पादक : **के.के. श्रीवास्तव**
फोन : 0512-2332212
0512-2330533
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।

## लंबे युद्ध के लिए ईरान तैयार

# आईआरजीसी ने दी नए हथियारों की चेतावनी

**तेहरान।** अमेरिका-इजरायल की ईरान के साथ जंग का आज सातवां दिन है। इस बीच गुरुवार रात को ईरान ने इस्राइल पर कई बैलिस्टिक

### ■ कहा-मिलेगी दर्दनाक चोट

मिसाइलें दागी, जिसमें क्लस्टर बम लगे थे। इस बीच ईरान ने साफ कर दिया है कि वह एक लंबी लड़ाई के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के प्रवक्ता ने चेतावनी दी है कि ईरान जल्द ही ऐसे उन्नत हथियार पेश करने वाला है, जिनका अभी तक जंग में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल नहीं किया गया है।

**नई लहर में 'दर्दनाक प्रहार' की चेतावनी**

आईआरजीसी के ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नैनी ने एक बयान में कहा कि ईरान के दुश्मनों को आने वाली हमलों की नई लहर में दर्दनाक



प्रहारों के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा, ईरान की नई पहलें और हथियार रास्ते में हैं। यह बयान ईरान की सैन्य तैयारी और भविष्य की रणनीतियों को दर्शा रहा है। प्रवक्ता ने इस बात पर जोर दिया कि ये नई टेक्नोलॉजी अभी तक बड़े पैमाने पर तैनात नहीं की गई हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि ईरान के पास ऐसे सैन्य संसाधन हैं, जिनका खुलासा अभी तक नहीं किया गया है। ऐसे में अब ईरान उनका इस्तेमाल संघर्ष में एक नया मोड़ लाने के लिए कर सकता है। नैनी ने यह भी कहा कि ईरान पिछले साल अमेरिका और इस्राइल द्वारा शुरू किए गए 12-दिवसीय युद्ध की तुलना में अब अधिक तैयार है। उन्होंने वर्तमान सैन्य टकराव को पवित्र और वैध युद्ध बताया, जो ईरान के अपने बचाव के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। ईरान के हमले में कुवैत के 67 जवान घायल हो गए हैं। वहीं सैकड़ों मिसाइलें और ड्रोन टारगेट पर पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दिए हैं। कुवैत के सरकारी संचार केंद्र की एक ब्रीफिंग में शुक्रवार को रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता सऊद अल-अतवान ने कहा कि घायल लोगों का अस्पताल में इलाज जारी है और उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने आगे कहा कि दो लोगों को अभी भी मेडिकल निगरानी में रखा गया है। ईरान ने इजरायल पर क्लस्टर बम गिराए हैं। जिसका वीडियो सामने आया है। गुरुवार रात कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गईं। रिपोर्ट्स के मुताबिक इनमें क्लस्टर बम लगे थे।

## ईरान का जवाबी वार

# अमेरिका की 'आंख' पर हमला

**दोहा।** पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने एक ऐसा हमला किया है, जिसे अमेरिका के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है।

### ■ 5000 किमी रेंज वाला वार्निंग सिस्टम तबाह

रिपोर्ट्स के अनुसार ईरान ने कतर में स्थित अमेरिका के एक प्रमुख मिसाइल वार्निंग रडार सिस्टम को निशाना बनाया है, जिसकी रेंज 5000 किलोमीटर बताई जा रही है। इस हमले को अमेरिका के लिए बड़ा नुकसान करार दिया जा रहा है। यह खबर ऐसे वक्त पर सामने आई है, जब अमेरिका ने हिंद महासागर में एक ईरानी पोत को डूबो दिया, जिसमें 80 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबर है। ईरानी इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) द्वारा




किए गए इस हमले ने कतर में तैनात अमेरिकी सेना की मिसाइल चेतावनी प्रणाली को क्षतिग्रस्त कर दिया है। इस प्रणाली को क्षेत्र में अमेरिका की 'आंख' के रूप में देखा जाता था, और यह अमेरिकी मिसाइल रक्षा नेटवर्क का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थी। लगभग 1.1 अरब डॉलर की लागत वाला यह रडार सिस्टम, संभावित मिसाइल हमलों का समय रहते पता लगाने की अमेरिका की क्षमता को कमजोर कर सकता है।

**सैटेलाइट तस्वीरों से पुष्टि और हमले का तरीका**

अंतरिक्ष से ली गई सैटेलाइट तस्वीरों ने अमेरिकी सैन्य ढांचे को हुए नुकसान की पुष्टि की है। प्लैनेट लैब्स द्वारा जारी इन तस्वीरों में अमेरिकी स्पेस फोर्स के एएन/एफपीएस-132(ब्लॉक 5) बैलिस्टिक मिसाइल अर्ली वार्निंग रडार सिस्टम के आसपास क्षति और आग बुझाने की गतिविधियां दिखाई दी हैं। यह मध्य पूर्व में अमेरिकी सेना द्वारा संचालित सबसे बड़ा मिसाइल चेतावनी रडार माना जाता है।

# ईरान के 3000 घर तबाह

## 300 मिसाइल लॉन्चर खत्म, 1300 की मौत   बिजली-पानी सप्लाई ठप

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज सातवां दिन था। ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी के मुताबिक, अमेरिका और इजराइल के हमलों से देशभर में 3000 से ज्यादा घरों और करीब 500 दुकानों को



नुकसान पहुंचा है। इन हमलों का सबसे ज्यादा असर राजधानी तेहरान में हुआ है। संस्था के मुताबिक 14 अस्पताल और मेडिसिन सेंटर्स भी हमलों में क्षतिग्रस्त हुए हैं। संस्था ने यह भी बताया कि उसके 5 राहतकर्मी इन हमलों में घायल हुए हैं। इस जंग में अब तक ईरान के 1300 से ज्यादा लोग मारे गए हैं। इजराइली मीडिया वाईनेट के मुताबिक, इजराइली हमले में करीब 300 ईरानी मिसाइल लॉन्चर्स तबाह हो गए हैं। युद्ध की वजह से देश के ज्यादा हिस्सों में बिजली और पानी सप्लाई ठप हो गई है।

### ट्रम्प बोले- ईरान मेरे बिना सुप्रीम लीडर न चुने

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान को उनके बिना नया सुप्रीम लीडर नहीं चुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि नए नेता के चयन में अमेरिका की भूमिका जरूरी है और बिना अमेरिका की भागीदारी के ऐसा करना वक्त की बर्बादी होगी। एक्सिओस को दिए इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि ईरान अगर अमेरिका को शामिल किए बिना नया सुप्रीम लीडर चुनता है तो इसका कोई मतलब नहीं होगा। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अली खामेनेई के बेटे मुजतबा खामेनेई को संभावित उत्तराधिकारी माना जा रहा है, लेकिन वह इसे स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर नया नेता भी पुराने नेतृत्व की नीतियां जारी रखता है तो अमेरिका और ईरान के बीच आने वाले वर्षों में फिर टकराव हो सकता है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ऐसा नेता चाहता है जो ईरान में शांति और स्थिरता ला सके।

# एपस्टीन से जुड़े नए खुलासे में ट्रंप का नाम

**न्यूयॉर्क।** एपस्टीन फाइल्स को लेकर हुए खुलासों ने पूरी दुनिया को एक घिनौने राज ने अवगत कराया। जब-जब इस मामले में नए खुलासे और नाम सामने आते हैं, वह सभी को चौंका देने वाले होते हैं बड़े से बड़े हस्तियों से लेकार नेता अभिनेका सभी पर इस मामले में आरोप लगे हैं।

### ■ महिला का दावा किशोरावस्था में उसके साथ किया शोषण

न्याय विभाग ने गुरुवार को इस मामले में एक महिला के साथ साक्षात्कार के बाद कुछ और बाते सामने आई है। साक्षात्कार को तीन भाग में जारी किया गया है, जिसमें महिला ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। यह खुलासा न्याय विभाग की तरफ से ऐसे समय प किया गया है जब डेमोक्रेट्स उस पर राष्ट्रपति से जुड़ी सामग्री छिपाने का आरोप लगा रहे हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने इन आरोपों को पूरी तरह से निराधार बताया। साक्षात्कार में डोनाल्ड ट्रम्प से जुड़े कई दावे किए गए हैं। महिला ने जांचकर्ताओं के बताया कि जब वह 13 से 15 वर्ष की थी, तो एपस्टीन एक बार उसे न्यूयॉर्क या न्यू जर्सी ले गया था। वहां एक बड़ी



इमारत में उसकी मुलाकात डोनाल्ड ट्रम्प से हुई थी। बयान के अनुसार कथित यौन शोषण से पहले ट्रंप ने कमरे में मौजूद सभी लोदों को बाहर जाने के लिए कहा। महिला ने अपना बचाव करते हुए ट्रंप को काट लिया। जिसेक बाद लोग कमरे में आ गए। महिला ने बाताया कि इसके बाद ट्रंप दो बार फिर उससे मिले। लेकिन उसके बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी गई।

**ट्रम्प और एपस्टीन के बीच ब्लैकमेल का दावा**

महिला ने आगे आरोप लगाया कि उसन एपस्टीन और ट्रंप के बीच बातचीत को सुना था। उसने एपस्टीन और ट्रम्प के बीच ब्लैकमेल को लेकर हुई बातचीत सुनी थी। उन्होंने यह भी दावा किया कि ट्रंप ने %कैसिनो के माध्यम से पैसे की हेराफेरी% के बारे में बात की थी और आरोप लगाया कि एपस्टीन के ब्लैकमेल के बारे में उनके करीबी लोगों को पता था।

**ट्रम्प और एपस्टीन के बीच ईर्ष्या के आरोप**

महिला ने आगे गवाही में बताया कि उसने दोनों पुरुषों के बीच तनाव महसूस किया। उसने दावा किया कि ट्रंप कभी-कभी एपस्टीन से जलते थे। हालांकि सावर्जनिक रूप ले वे एक जैसा व्यवहार दी करते थे। गवाही के अनुसार, कथित तौर पर दोनों ने लड़कियों के बारे में बात करते समय ताजा मांस, कलंकित और निष्पक्ष जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था।

**अश्लील तस्वीरों से जुड़े ब्लैकमेल के आरोप**

गवाह ने आरोप लगाया कि एपस्टीन ने यौन संबंधों के दौरान उसकी अश्लील तस्वीरें लीं और बाद में तस्वीरों से उसकी मां को ब्लैकमेल किया। महिला ने बताया कि एपस्टीन और उसके सहयोगी जिम एटकिंस ने तस्वीरों को सार्वजनिक करने की धमकी दी थी। जिसके बाद उसकी मां को रियल एस्टेट कंपनी से पैसे निकालकर तस्वीरों के बदले देने पड़े। जिसके कारण उसकी मां को जेल जाना पड़ा।

## ईरान ने डोनाल्ड ट्रंप पर कस दिया तंज

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजरायल के साथ बढ़ते संघर्ष के बीच ईरान के उप-विदेश मंत्री डॉ. सईद खतीबजादेह ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। दिल्ली में रायसीना डायलॉग 2026 में बोलते हुए उन्होंने कहा कि तेहरान के पास आक्रामक शक्तियों के खिलाफ जहां से भी अमेरिकी हमले शुरू हो रहे हैं, उन्हें निशाना बनाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इसी के साथ उन्होंने ट्रंप पर ईरान के नए सुप्रीम नेता को लेकर दिए बयान पर भी करार हमला बोला। डॉ. खतीबजादेह ने स्पष्ट किया कि ईरान को अपनी रक्षा के लिए कड़े कदम उठाने होंगे। उप विदेश मंत्री डॉ. सईद खतीबजादेह ने ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान में नेतृत्व परिवर्तन की मांग कर रहे हैं, जबकि वे न्यूयॉर्क के मेयर की नियुक्ति तक नहीं कर सकते। क्या आप इस औपनिवेशिक रवैये की कल्पना कर सकते हैं? एक ओर वे अपने देश में लोकतंत्र देखना चाहते हैं, वहीं दूसरी ओर वे ईरान के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति को पद से हटाना चाहते हैं।

## 24 बच्चों समेत मारे गए 56 अफगान नागरिक

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच हालिया संघर्ष को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि पिछले सप्ताह से अफगानिस्तान और पड़ोसी पाकिस्तान के बीच बढ़ी हुई शत्रुता के कारण 56 अफगान नागरिक मारे गए हैं, जिनमें 24 बच्चे शामिल हैं। यह संघर्ष मुख्य रूप से सीमा क्षेत्रों में हो रहा है, जहां पाकिस्तानी सेना की ओर से हवाई हमले और गोलीबारी की जा रही है, जिसका उद्देश्य अफगानिस्तान में छिपे हुए सशस्त्र उग्रवादियों को निशाना बनाना बताया जा रहा है। अफगानिस्तान के वास्तविक शासक तालिबान बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की है, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई है। इस हिंसा ने सीमा पर रहने वाले आम लोगों की जिंदगी को खतरे में डाल दिया है और मानवीय संकट को बढ़ावा दिया है।

# ईरान के बाद क्यूबा होगा अमेरिका का निशाना?

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्यूबा को लेकर अमेरिका की नीति में बदलाव के संकेत दिए हैं। व्हाइट हाउस में फुटबॉल टीम इंटर मियामी के

### ■ ट्रंप ने कर दिया खुलासा

सम्मान में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने यह बात कही। ट्रंप ने साफ किया कि फिलहाल उनकी सरकार की प्राथमिकता ईरान में चल रहे संघर्ष को पूरी तरह समाप्त करना है। ट्रंप ने कहा कि ईरान का मुद्दा सुलझने के बाद क्यूबा की बारी आएगी। उनके मुताबिक, क्यूबा की सरकार अमेरिका के साथ समझौता करने के लिए बहुत बेताब है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही वह समय आएगा जब बहुत से लोग क्यूबा वापस जा सकेंगे। फिलहाल अमेरिका और इजरायल ईरान के खिलाफ एक बड़े सैन्य अभियान में शामिल हैं। ट्रंप ने कहा कि पहले इस काम को पूरा करना जरूरी है, जिसके बाद क्यूबा को लेकर नई पहल की जा



सकती है। कार्यक्रम के दौरान ट्रंप ने विदेश मंत्री मार्को रुबियो की जमकर तारीफ की।

उन्होंने रुबियो से कहा, मार्को, आप शानदार काम कर रहे हैं। क्यूबा के मामले में भी आपने बहुत अच्छा काम किया है। ट्रंप ने इशारा किया कि क्यूबा से जुड़ी कुछ नई बातें जल्द ही सामने आ सकती हैं। इस कार्यक्रम में इंटर मियामी के सह-मालिक जॉर्ज मास भी मौजूद थे। जॉर्ज मास का परिवार आजादी की तलाश में क्यूबा छोड़कर अमेरिका आया था। मास ने अपने परिवार की कहानी सुनाते हुए बताया कि उनका फुटबॉल प्रोजेक्ट भी उन प्रवासी परिवारों के सपनों और मूल्यों से प्रेरित है, जो बेहतर अवसर की तलाश में अमेरिका आए थे। ट्रंप ने कहा कि जो लोग दशकों पहले क्यूबा छोड़कर चले गए थे, वे भविष्य में वहां वापस जा सकते हैं। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि उन्हें उम्मीद है कि वे लोग वहां बसने के लिए नहीं जाएंगे। राष्ट्रपति ने इन बदलावों की कोई तय समयसीमा नहीं बताई।

### क्या है क्यूबा विवाद?

अमेरिका और क्यूबा के संबंध पिछले कई दशकों से तनावपूर्ण रहे हैं। 1959 में फिदेल कास्त्रो के नेतृत्व में हुई क्रांति के बाद दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट आ गई थी। शीत युद्ध के दौरान अमेरिका ने क्यूबा पर कड़े आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे, जिनमें से कई आज भी लागू हैं। अब ट्रंप के बयान से वाशिंगटन की नीति में बदलाव की संभावना दिख रही है।

# तीन महीने पहले ही बन गया था खामेनेई के खात्मे का प्लान

**यरुशलम।** इजरायली सरकार ने ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अली खामेनेई को खत्म करने का फैसला पिछले साल नवंबर में ही ले लिया था। रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज के

### ■ इजरायली रक्षा मंत्री का बड़ा खुलासा

हवाले से आई एक रिपोर्ट के अनुसार इस मिशन को मूल रूप से लगभग छह महीने बाद यानी 2026 के मध्य तक पूरा करने की योजना थी।

**उच्च-स्तरीय सुरक्षा बैठक में लिया फैसला**

रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने गुरुवार को बताया कि यह रणनीतिक लक्ष्य पिछले साल के अंत में एक उच्च-स्तरीय सुरक्षा बैठक के दौरान स्थापित किया गया था। उन्होंने एक समाचार चैनल एन12 को बताया, नवंबर में ही हम प्रधानमंत्री के साथ एक बहुत ही गोपनीय बैठक में थे और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने खामेनेई को खत्म करने का लक्ष्य तय किया था।



रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के भीतर चल रही घरेलू अशांति के बाद इस ऑपरेशन की समय-सीमा को बढ़ाया गया। इजरायल ने अपनी इस रणनीति को वाशिंगटन के साथ साझा किया और मिशन को जनवरी के आसपास आगे बढ़ाया। इजरायल काट्ज ने समझाया कि यह समायोजन इसलिए किया गया, क्योंकि उन्हें चिंता थी कि तेहरान में दबाव में चल रहा नेतृत्व पश्चिम एशिया में इस्राइली और अमेरिकी संपत्तियों के खिलाफ शत्रुता शुरू कर सकता है। खामेनेई की हत्या शनिवार को शुरू हुए ऑपरेशन रोरिंग लायन और एपिक फ्यूरी के शुरुआती घंटों में की गई। यह पहली बार है जब किसी संप्रभु राष्ट्र के शीर्ष नेता को हवाई हमले से मारा गया है। इस्राइल का कहना है कि उसके मुख्य उद्देश्य ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल प्रोजेक्ट और परमाणु कार्यक्रम से उत्पन्न होने वाले अस्तित्वगत खतरे को खत्म करना और शासन परिवर्तन को सुविधाजनक बनाना है। इस बड़े हमले के बाद इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने अपने हवाई अभियान को और तेज कर दिया है। गुरुवार को आईडीएफ ने घोषणा की कि उन्होंने तेहरान में 12वीं लहर के हमले पूरे कर लिए हैं, जिसमें ईरान की प्रमुख सुरक्षा और सैन्य बुनियादी ढांचों को निशाना बनाया गया।

**अलबरज प्रांत में विशेष इकाई का मुख्यालय निशाना**

उच्च-प्राथमिकता वाले लक्ष्यों में अलबरज प्रांत में एक विशेष इकाई का मुख्यालय शामिल था, जो सभी आंतरिक सुरक्षा बलों के लिए जिम्मेदार है। इजरायल वायु सेना (आईएएफ) ने कहा, आईडीएफ ने तेहरान में हमलों की 12वीं लहर पूरी की अलबरज प्रांत में ईरानी आतंकवादी शासन की विशेष इकाई का मुख्यालय, साथ ही बासिज बल के ठिकानों और आंतरिक सुरक्षा पर हमला किया गया। आईडीएफ ने एक्स पर पोस्ट की एक श्रृंखला में पुष्टि की है कि अलबरज मुख्यालय क्षेत्र की सभी विशेष इकाइयों को कमांड करता है और शासन के सशस्त्र बलों को निर्देशित करने का काम करता है। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) और बासिज अर्धसैनिक बल की अतिरिक्त सुविधाओं को भी निशाना बनाया गया।

# इजराइल ने ट्रैफिक कैमरे हैक कर खामेनेई पर किया था हमला

**तेल अवीव।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की पिछले शनिवार को इजराइल के हवाई हमले में मौत हो गई। यह हमला तेहरान की

### ■ सालों तक नजर रखी, ऑफिस पर 30 मिसाइलें गिराई

पास्चर स्ट्रीट के पास उनके ऑफिस पर हुआ, जहां वे कई बड़े ईरानी नेताओं के साथ बैठक कर रहे थे। इस हमले में इजराइल ने ऑफिस पर 30 मिसाइलें गिराई थीं, जिसमें खामेनेई के साथ 40 अफसर भी मारे गए थे। इजराइल ने कई सालों से इस हमले की तैयारी की थी। उनकी खुफिया एजेंसी मोसाद और यूनिट 8200 ने तेहरान के लगभग सभी ट्रैफिक कैमरों को हैक कर लिया था। इन कैमरों की तस्वीरें एन्क्रिप्ट करके तेल अवीव और दक्षिण इजराइल के सर्वरों पर भेजी जाती थीं। अमेरिका की खुफिया एजेंसी सीआईए ने भी इस ऑपरेशन में मदद की। इसमें एक खास कैमरा था, क्योंकि उससे पता चलता था कि सीनियर अधिकारियों के बॉडीगार्ड और ड्राइवर अपनी निजी गाड़ियां कहां पार्क करते हैं। इन कैमरों से इजराइल को अफसरों के बारे में बहुत जानकारी मिली, जैसे उनका घर कहां है, वे कब ड्यूटी पर आते हैं, कौन सा रास्ता लेते हैं, और सबसे जरूरी बात वे किस नेता की सुरक्षा करते हैं या किसे ले जाते हैं। इसे इंटेलिजेंस में पैटर्न ऑफ लाइफ कहते हैं। यह जानकारी इजराइल को खामेनेई की हत्या के लिए बहुत काम आई। यह एकमात्र तरीका नहीं था। इजरायल और सीआईए ने कई तरह की खुफिया जानकारी जुटाई थी। इजरायल ने पास्चर स्ट्रीट के आसपास के मोबाइल फोन टावरों को भी हैक किया, ताकि हमले के समय फोन व्यस्त दिखें और सुरक्षा टीम को कोई चेतावनी न मिले।

## 'पिच पिचक पिच' में स्वच्छता का संदेश

**मुंबई।** होली साल में एक बार आती है, लेकिन कई शहरों में इसका असर पूरे साल महसूस होता है। वजह रंगों की खुशियां नहीं, बल्कि वो आदतें हैं जो सार्वजनिक जगहों को गंदा और बदसूरत बना देती हैं। सड़कें, दीवारें,



बस स्टॉप, बगीचे और मेट्रो स्टेशन कई बार गुलाल के रंगों से नहीं, बल्कि पान और गुटखे की पीक के दागों से भर जाते हैं। इसी सोच को सामने रखते हुए ज़ी टीवी ने एक नई फिल्म 'पिच पिचक पिच' पेश की है। इस फिल्म की कहानी एक मोहल्ले के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां बच्चे पूरे उत्साह और सच्चे त्यौहार की भावना के साथ होली खेलना चाहते हैं। धीरे-धीरे पूरा मोहल्ला समझने लगता है कि उनकी कुछ गलत आदतें ही इस जश्न की असली खुशी को कम कर रही हैं। इसके बाद लोग तय करते हैं कि वे सार्वजनिक जगहों को गंदा करने और दूसरों या जानवरों को परेशान करने वाली आदतें छोड़ देंगे और जिम्मेदारी के साथ होली मनाएंगे। यह फिल्म सिर्फ रंगों की मस्ती नहीं दिखाती, बल्कि ये भी बताती है कि होली बदलाव का एक खूबसूरत संदेश कैसे बन सकती है। इसका भाव बिल्कुल साफ है कि होली एकता, सम्मान और खुशी का त्यौहार है, न कि असुविधा, गंदगी और परेशानी का। जिस तरह होली साल में एक बार लोगों को साथ लाती है, उसी तरह उम्मीद है कि जिम्मेदारी के साथ जश्न मनाने की भावना पूरे साल हमारे साथ बनी रहेगी।

## महिला दिवस पर अनोखी पहल!

**मुंबई।** इस महिला दिवस पर अपनी कहानियों को स्क्रीन से बाहर लेकर एक खास ऑन-ग्राउंड पहल के साथ एण्डटीवी लखनऊ में सात से आठ मार्च को राजधानी के एक प्रमुख मॉल में कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस अभियान में आठ मार्च को विशेष उपस्थिति दर्ज कराएंगी अभिनेत्री शिल्पा शिंदे, जिन्हें दर्शक 'भाबीजी घर पर हैं! 2.0' में अंगूरी भाबी के रूप में बेहद पसंद करते हैं। वह प्रतिभागियों से मिलेंगी और इस पहल के संदेश को आगे बढ़ाएंगी। एण्डटीवी महिला दिवस पर ÷सेल्फी लो. शाइन करो. स्टार बन जाओ!÷ पहल लेकर आया है। यह एक ऐसा खास और उत्साह से भरा अवसर है, जो महिलाओं को आगे बढ़कर खुद का जश्न मनाने के लिए प्रेरित करता है। इस एक्टिवेशन के तहत महिलाएं विशेष रूप से तैयार किए गए इंस्टॉलेशन पर सेल्फी लेकर एण्डटीवी को टैग कर सकती हैं। चुनी गई प्रतिभागियों को आठ मार्च को अभिनेत्री शिल्पा शिंदे से मिलने का अवसर मिलेगा, और एक विजेता को एण्डटीवी के आने वाले एपिसोड में फीचर किया जाएगा।



## बाजार दर्पण




